3 राजधानी
निर्माणाधीन होटल को किया सील

6 अभिमत
मुद्रास्फीति प्रबंधन हेतु बदलाव

10 विदेश
चीन की शांति योजना कारगर : पुतिन

11 राष्ट्रीय
महात्मा गांधी की पोती उषा गोकनी का निधन

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 150
लखनऊ, बुधवार, 22 मार्च, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता हूं
स्पोर्ट्स-12

# संसद में गतिरोध तोड़ने की कोशिशें बेनतीजा

## राहुल, अडाणी के मुद्दे पर दोनों सदनों में सातवें दिन भी जारी रहा हंगामा

● लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला व राज्यसभा सभापति धनखड़ की पहल पर सर्वदलीय बैठकों में नहीं बन पायी सहमति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** के लोकतंत्र के बारे में राहुल गांधी के लंदन में दिए गए बयान और अडाणी समूह से जुड़े मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) गठित करने की मांग को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध नहीं टूटा है। राज्यसभा और लोकसभा में लगातार सातवें दिन हंगामे के कारण कोई काम नहीं हो पाया।

संसद की कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सत्तापक्ष और विपक्ष के सांसदों की बैठकें बुलाई, लेकिन इनमें कोई हल नहीं निकल पाया। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत से ही भाजपा सदस्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा भारत के लोकतंत्र के बारे में लंदन में दिए गए बयान पर माफी मांगने की मांग पर अड़े हुए हैं जबकि कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों के सदस्य अडाणी समूह से जुड़े मामले की जेपीसी से जांच कराने पर जोर दे रहे हैं। बजट सत्र का दूसरा चरण 13 मार्च से शुरू हुआ है, जो छह अप्रैल तक प्रस्तावित है। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के हंगामे के कारण मंगलवार को दोनों सदन दो बार के स्थगन के बाद 23 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिए गए। दोनों सदनों में प्रश्नकाल एवं शून्यकाल हंगामे की भेंट चढ़ गए।



संसद भवन परिसर में पत्रकारों से वार्ता करते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल व अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता

### जेपीसी से बचने को सरकार करा रही हंगामा: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह के मामले की जांच के लिए जेपीसी गठित करने की अपनी मांग को दोहराते हुए मंगलवार को कहा कि जेपीसी द्वारा जांच कराए जाने पर ही सच्चाई सामने आ सकती है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि सरकार अडाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा से बचने और जेपीसी की मांग से ध्यान भटकाने के लिए संसद को चलने नहीं दे रही है। विपक्षी दलों के सदस्यों ने अपनी इस मांग को लेकर संसद भवन की पहली मंजिल के गलियारे में प्रदर्शन किया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, पार्टी के कई अन्य सांसद, द्रमुक, बीआरएस और कुछ अन्य दलों के नेता इस प्रदर्शन में शामिल हुए।

### आज की राजनीति के मीर जाफर हैं राहुल: भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लंदन** में भारतीय लोकतंत्र के संबंध में की गई टिप्पणियों के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भाजपा ने संसद से लेकर सड़क तक चौतरफा हमले बोल दिए हैं। पार्टी ने मंगलवार को उन्हें मौजूदा भारतीय राजनीति का मीर जाफर करार दिया और आरोप लगाया कि भारत में नवाब बनने के लिए वह विदेशी ताकतों से मदद मांगने के लिए विदेश गए थे। भाजपा ने कहा कि राहुल को अपने बयानों के लिए माफी मांगनी ही होगी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि मीर जाफर ने नवाब बनने के लिए जो किया था, राहुल गांधी ने भी लंदन में वैसा ही किया है। उन्होंने कहा कि शहजादा नवाब बनना चाहता है। आज के मीर जाफर को माफी मांगनी ही पड़ेगी। राहुल गांधी पर विदेशी धरती से भारत का अपमान करने का आरोप लगाते हुए पात्रा ने दावा किया कि देश के खिलाफ बोलना कांग्रेस नेता के लिए बहुत साधारण बात है। मीर जाफर बंगाल के नवाब सिराज उद-दौला के तहत बंगाल सेना का कमांडर था। उसने प्लासी की लड़ाई में सिराज उद-दौला को धोखा दिया था। इसने भारत में अंग्रेजों के शासन का रास्ता खोला था। दूसरी ओर, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि एक तरफ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को वैश्विक मान्यता मिल रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष अपनी गैर जिम्मेदाराना टिप्पणियों और निराधार आरोपों से जानबूझकर संसद की कार्यवाही बाधित कर रहा है। संसद में गतिरोध को दूर करने के प्रयासों के तहत लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की ओर से बुलाई गई सर्वदलीय बैठकों में विपक्षी दलों के न आने पर संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी के साथ गोयल ने विपक्ष पर जगदीप धनखड़ से मिलने से इनकार कर बार-बार उनका अपमान करने का भी आरोप लगाया।

# पंजाब सरकार को हाईकोर्ट की फटकार, कैसे भागा अमृतपाल

● पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने खुफिया विभाग की विफलता पर उठाए सवाल

● भगोड़े खालिस्तानी कट्टरपंथी पर लगाया गया रासुका, चाचा समेत तीन और सहयोगी भेजे डिब्रूगढ़ की जेल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़




**अलागाववादी** अमृतपाल सिंह के फरार होने पर पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने मंगलवार को पंजाब सरकार को फटकार लगाई। हाईकोर्ट ने अमृतपाल के बच निकलने पर खुफिया विभाग पर भी सवाल उठाए। वहीं पंजाब सरकार ने उच्च न्यायालय में अमृतपाल के खिलाफ कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाने की जानकारी दी। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल के भागने में मदद करने वाले चार और लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अमृतपाल सिंह के चाचा समेत उसके तीन अन्य साथियों को मंगलवार को उच्च सुरक्षा वाली असम के डिब्रूगढ़ की जेल भेज दिया गया।

हरियाणा और पंजाब हाईकोर्ट में मंगलवार को न्यायमूर्ति एनएस शेखावत ने पंजाब के महाधिवक्ता विनोद घई से पूछा कि जब पूरे अभियान की योजना बेहद बारीकी से बनाई गई थी तो ऐसे में अमृतपाल सिंह पुलिस के हाथ से कैसे निकल गया। उन्होंने इसे खुफिया विभाग की असफलता बताया। पुलिस ने शनिवार को अमृतपाल सिंह और वारिस पंजाब दे के सदस्यों के खिलाफ विस्तृत अभियान चलाया था, लेकिन अलगाववादी अमृतपाल सिंह पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब रहा।

अलगाववादी की अदालत में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर वकील इमाम सिंह खारा ने अमृतपाल सिंह को पुलिस की कथित हिरासत से रिहा कराने का अनुरोध किया। खारा, अमृतपाल सिंह और उनके संगठन वारिस पंजाब दे के कानूनी सलाहकार हैं। न्यायमूर्ति शेखावत ने कहा कि हथियारों से लैस पूरा पुलिस प्रशासन अभियान में जुटा था उसके बावजूद अमृतपाल सिंह फरार होने में कामयाब हुआ जबकि उसके सभी सहयोगी पकड़ लिए गए।

## नवरात्र आज से
### प्रथम शैलपुत्री



**वन्दे वांच्छितलाभाय चंद्रार्धकृतशेखराम।**
**वृषारूढ़ां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम॥**

**मां** दुर्गा को सर्वप्रथम शैलपुत्री के रूप में पूजा जाता है। हिमालय के यहां पुत्री के रूप में जन्म लेने के कारण उनका नामकरण हुआ शैलपुत्री। इनका वाहन वृषभ है, इसलिए यह देवी वृषारूढ़ा के नाम से भी जानी जाती हैं। इन देवी ने दाएं हाथ में त्रिशूल धारण कर रखा है और बाएं हाथ में कमल सुशोभित है। यही देवी प्रथम दुर्गा हैं। यही सती के नाम से भी जानी जाती हैं।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,074 | ↑ 445 | |
| निफ्टी | 17,107 | ↑ 119 | |
| सोना | 59,480 | ↓ 470 | /10g |
| चांदी | 68,550 | ↓ 420 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में 6.6 तीव्रता का भूकंप आने के बाद मंगलवार रात दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) समेत उत्तर भारत के कुछ हिस्सों में तेज झटके महसूस किए गए। रात करीब 10 बजकर 20 मिनट पर जब भूकंप आया तो दहशत में लोग घरों से बाहर निकल आए। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, जम्मू कश्मीर में भी झटके महसूस किए गए। एक अधिकारी ने कहा कि भूकंप के ठीक बाद जम्मू क्षेत्र के कुछ हिस्सों में मोबाइल सेवा बाधित हो गई। जान-माल के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं मिली है। उत्तरकाशी और चमोली सहित उत्तराखंड के कई स्थानों पर भी झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, अफगानिस्तान के फैजाबाद से 133 किमी दक्षिण पूर्व में 6.6 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 156 किमी की गहराई में था। नोएडा के एक निवासी ने कहा कि उसने सबसे पहले डाइनिंग टेबल को हिलते हुए देखा। वहीं हाइड पार्क सोसाइटी के निवासी ने कहा, इसके तुरंत बाद हमने देखा कि पंखे भी हिल रहे थे।

# केंद्र ने अपने कर्मचारियों को हड़ताल, प्रदर्शन पर चेताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सरकार** ने अपने सभी कर्मचारियों को आगाह किया है कि वे किसी भी विरोध या हड़ताल में शामिल न हों, अन्यथा उन्हें परिणाम भुगतने होंगे। नेशनल ज्वॉइंट काउंसिल ऑफ एक्शन की ओर से मंगलवार को ज्वाइंट फोरम फॉर रिस्टोरेशन ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के बैनर तले देशभर में जिला स्तरीय रैलियां आयोजित करने की योजना के मद्देनजर यह चेतावनी दी गई थी। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) द्वारा केंद्र सरकार के सभी विभागों के सचिवों को सोमवार को इस संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए। ये दिशानिर्देश सरकारी कर्मचारियों को सामूहिक आकस्मिक अवकाश पर जाने, काम रोकने आदि सहित किसी भी प्रकार की हड़ताल में भाग लेने या ऐसी कार्रवाई पर रोक लगाता है, जो सीसीएस (आचरण) नियम, 1964 के नियम-7 का उल्लंघन है। आदेश में कहा गया है, कर्मचारियों को हड़ताल पर जाने का अधिकार देने वाला कोई वैधानिक प्रावधान नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी कई निर्णयों में सहमति व्यक्त की है कि हड़ताल पर जाना आचार-व्यवहार नियमों के तहत एक गंभीर कदाचार है और सरकारी कर्मचारियों के कदाचार से कानून के अनुसार निपटने की आवश्यकता है। आदेश के अनुसार, विरोध-प्रदर्शन सहित किसी भी तरह की हड़ताल पर जाने वाले किसी भी कर्मचारी को इसके परिणाम भुगतने होंगे, जिसमें वेतन में कटौती के अलावा उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई भी शामिल हो सकती है। आदेश में कहा गया है कि यदि कर्मचारी धरना, विरोध, हड़ताल पर जाते हैं, तो प्रस्तावित धरना/ विरोध/ हड़ताल में भाग लेने वाले कर्मचारियों की संख्या को इंगित करते हुए एक रिपोर्ट डीओपीटी को शाम को दी जा सकती है।

# चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस की बहाली को कदम उठा रही सीबीआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई)ने पंजाब नेशनल बैंक से 13,000 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी मामले में वांछित भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस बहाल करने के लिए कमीशन फॉर कंट्रोल ऑफ इंटरपोल फाइल्स (सीसीएफ) से संपर्क किया है। एजेंसी ने एक बयान में यह जानकारी दी। इंटरपोल ने सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय के अनुरोध पर 2018 में चोकसी के खिलाफ रेड नोटिस जारी किया था। इसके खिलाफ चोकसी की अपील 2020 में खारिज कर दी गई थी।

एजेंसी ने कहा, अपने कथित अपहरण के प्रयास के लगभग एक साल बाद वर्ष 2022 में चोकसी ने 2020 के सीसीएफ के पूर्व के फैसले को संशोधित करने के लिए उससे संपर्क किया। सीसीएफ, इंटरपोल के भीतर एक अलग निकाय है, जो इंटरपोल सचिवालय के नियंत्रण में नहीं है और इसमें मुख्य रूप से विभिन्न देशों के निर्वाचित वकील नियुक्त हैं। एजेंसी ने कहा, केवल काल्पनिक और अप्रमाणित अनुमानों के आधार पर पांच सदस्ईय



सीसीएफ चैंबर ने नवंबर, 2022 में रेड नोटिस को हटाने का निर्णय लिया। एजेंसी ने कहा कि सीसीएफ ने बाद में सीबीआई को स्पष्ट किया है कि उसका फैसला किसी भी तरह से मेहुल चोकसी के किसी भी अपराध या निर्दोषता पर कोई प्रभाव नहीं डालता है, जिस पर भारत में आरोप लगाया गया है।

सीबीआई ने कहा, ताजा सूचना और निर्णय में गंभीर त्रुटियों के आधार पर सीबीआई, सीसीएफ के निर्णय को संशोधित करने के लिए कदम उठा रही है। इसने कहा, सीबीआई इस दोषपूर्ण निर्णय को सुधारने और रेड नोटिस की बहाली के लिए इंटरपोल के भीतर उपलब्ध उपचारात्मक और अपीलीय विकल्पों का इस्तेमाल कर रही है।

# हिंदुत्व पर टिप्पणी के लिए कन्नड़ अभिनेता गिरफ्तार

**बेंगलुरु( भाषा )।** कन्नड़ अभिनेता चेतन कुमार उर्फ चेतन अहिंसा को हिंदुत्व के बारे में उनके कथित विवादस्पद ट्वीट के लिए मंगलवार को यहां पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। शेषाद्रिपुरम पुलिस के अनुसार, शिवकुमार नामक एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर अभिनेता (40) के खिलाफ कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि उन्हें भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभिनेता को बाद में यहां एक मजिस्ट्रेट अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अभिनेता ने 20 मार्च को ट्वीट में कहा था, हिंदुत्व झूठ पर निर्मित है और इसे सच से हराया जा सकता है तथा यह सच है समानता। अभिनेता द्वारा किए गए ट्वीट को ट्विटर से हटा दिया गया है। अभिनेता को पिछले साल फरवरी में सरकारी विद्यालयों में हिजाब स्वीकार्य हैं या नहीं मामले की सुनवाई कर रहे एक न्यायाधीश पर ट्वीट करने को लेकर गिरफ्तार किया गया था।

# पिछले साल करीब 30 लाख लोग हुए जानवरों के शिकार



● सर्वाधिक 80 प्रतिशत मामले कुत्ते के काटने के, बंदर, बिल्ली व अन्य जानवरों के काटने के मामले भी बड़ी संख्या में

**जानवरों द्वारा 2022 में काटने के आंकड़े**

| | |
|---|---|
| जनवरी | 2,36,116 |
| फरवरी | 2,63,293 |
| मार्च | 3,02,399 |
| अप्रैल | 1,49,115 |
| मई | 2,48,232 |
| जून | 2,22,451 |
| जुलाई | 2,06,399 |
| अगस्त | 2,27,700 |
| सितम्बर | 2,19,504 |
| अक्टूबर | 2,05,158 |
| नवम्बर | 2,64,101 |
| दिसम्बर | 3,47,688 |

**सतीश सिंह।** लखनऊ

**स्वास्थ्य** विभाग के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में सिर्फएक साल (2022) में 29 लाख 90 हजार 388 लोगों को जानवरों ने काटा। यानी 2 लाख 49 हजार 199 लोग प्रतिमाह शिकार हुए हैं। वहीं जनवरी 2023 में 2 लाख 36 हजार 116 लोग और फरवरी में 2 लाख 63 हजार 293 लोग जानवरों के काटने का शिकार हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट में न सिर्फ कुत्ते बल्कि बिल्ली, बन्दर और दूसरे जानवर भी शामिल हैं। पर, इनमें काटने का 80 फीसद आंकड़े कुत्ते से सम्बंधित हैं। इन घटनाओं के शिकार बच्चों के साथ-साथ हर उम्र के लोग हैं। इसके पीछे कारण को लेकर नगर निगम लखनऊ के पशु चिकित्सक डॉ. अभिनव वर्मा बताते हैं कि सीजनल बदलाव के कारण हम पशुओं के व्यवहार में भी बदलाव देखते हैं। इसके अलावा प्रेग्नेंसी के उपरांत कुत्तों को लगता है कि उनके बच्चे के साथ कोई भी घटना हो सकती है तो वह आक्रामक होकर सुरक्षा के लिए काटने को हथियार बना लेते हैं। वहीं सड़कों पर आवारा पशु अपनी सुरक्षा को लेकर भी उत्तेजित व्यवहार करते हैं। लखनऊ नगर निगम ने आवारा कुत्तों की आबादी पर रोक लगाने के लिए 53 हजार कुत्तों का बंध्याकरण कराया है जबकि आवारा कुत्तों की संख्या 95000 है।

## हर जानवर से नहीं फैलता रेबीज

**रेबीज** एक वायरल इंफेक्शन है, जो लायसावायरस के कारण होता है। रेबीज का संक्रमण गर्म खून वाले जानवरों से फैलता है। यदि जानवर सिर्फ काटता है तो रेबीज नहीं फैलता है लेकिन काटते समय अगर लार बह रही हो तो रेबीज के संक्रमण के चांस बढ़ जाते हैं। रेबीज के 97 प्रतिशत मामले संक्रमित कुत्ते के काटने के कारण होते हैं। कुत्ते के काटने के 72 घंटे के भीतर रेबीज की वैक्सीन अवश्य लगवा लेना चाहिए। इस 72 घंटे में वैक्सीन नहीं लगवाने से व्यक्ति रेबीज की चपेट में आ सकता है। रेबीज के इंजेक्शन को लेकर बलरामपुर अस्पताल के सीएमएस डॉ. जीपी गुप्ता का कहना है कि प्रतिदिन 200 से 250 मरीज आते हैं। वहीं सिविल अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरसी सिंह का कहना है कि प्रतिदिन 100 से 150 मरीज आते हैं। लोकबंधु अस्पताल के सीएमएस डॉ. एके त्रिपाठी का कहना है कि प्रतिदिन 150 से 200 मरीज आते हैं। वहीं रेबिज इंजेक्शन को लेकर उत्तरप्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन सप्लाई का कार्य देख रहे कर्मियों का कहना है कि मंडलीय स्तर के वेयर हाउस से 4 से 5 हजार वायल प्रतिमाह की सप्लाई होती है। जबकि जिलों के वेयरहाउस से जरूरत के आधार पर 1 से 3 हजार वायल की सप्लाई होती है। पशुपालन निदेशालय के निदेशक इंद्रमणि बताते हैं कि पशुपालन विभाग द्वारा जानवरों का वैक्सिनेशन कराया जाता है जबकि जिन्हें जानवर काटते हैं, उन लोगों का वैक्सिनेशन स्वास्थ्य विभाग के स्तर से होता है।

# भाजपा दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक दल

● अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में छपी रिपोर्ट, भारत को विश्व शक्ति बनाने को लेकर आशान्वित है पार्टी

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**वॉल** स्ट्रीट जर्नल ने एक अग्रलेख में लिखा है कि अमेरिका के राष्ट्रीय हितों के दृष्टिकोण से भाजपा दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण विदेशी राजनीतिक दल है और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रमकता के बीच क्षेत्र में अमेरिकी रणनीति की धुरी है। अमेरिका के प्रतिष्ठित शिक्षाविद वाल्टर रसेल मीड ने अपने लेख में कहा है कि भाजपा संभवत: सबसे कम समझी गई पार्टी भी है।

उन्होंने कहा कि भाजपा दुनिया के तीन महत्वपूर्ण राजनीतिक संगठनों के सबसे महत्वपूर्ण सिद्धांतों को साथ लाती है, वे राजनीतिक पार्टियां हैं... इज़राइल की लिकुड पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना और मिस्र की मुस्लिम ब्रदरहुड। सोमवार को प्रकाशित इस लेख के अनुसार, पश्चिमी देशों में भाजपा को बहुत कम समझा गया है क्योंकि इसका विकास ऐसे राजनीतिक और सांस्कृति इतिहास से हुआ है जिससे ज्यादातर गैर-भारतीय अपरिचित हैं। लेख में कहा गया है, चुनावी राजनीति में भाजपा का प्रभाव राष्ट्रीय पुनर्जागरण के कभी अव्यक्त और हाशिए पर रहे सामाजिक आंदोलन की सफलता को दर्शाता है। यह आंदोलन आधुनिकीकरण के लिए विशेष हिंदू पथ तैयार करने के सामाजिक विचारकों और कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों के प्रयासों पर आधारित है। मीड लिखते हैं, मुस्लिम ब्रदरहुड की भांति, भाजपा ने आधुनिकता की मुख्य विशेषताओं को अपनाने के बावजूद पश्चिमी उदारवाद के विभिन्न विचारों और प्राथमिकताओं को नकार दिया है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की तरह, भाजपा एक अरब से ज्यादा आबादी वाले देश को विश्व शक्ति बनाने को लेकर आशान्वित है।



सत्तर वर्षीय शिक्षाविद ने लिखा है कि इजराइल की लिकुड पार्टी की तरह, भाजपा लोकलुभावन वक्रपटुता और परंपरावादी मूल्यों के साथ मूल रूप से बाजार समर्थित आर्थिक रुख को जोड़ती है। मीड ने कहा, भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई दौर की गंभीर बैठकों, और उनकी आलोचनाओं के बाद, मैं आश्वस्त हूं कि अमेरिकियों और पश्चिमी देशों के लोगों को सामान्य रूप से ज्यादा जटिल और शक्तिशाली आंदोलन से जुड़ने की जरूरत है। वह लिखते हैं, ज्यादातर हाशिए पर रहे बुद्धिजीवियों और धार्मिक उत्साहियों से उठकर आरएसएस संभवत: दुनिया का सबसे शक्तिशाली नागरिक (सिविल सोसायटी) संगठन बन गया है। मीड अमेरिका और भारत के बीच मजबूत संबंधों के महत्व पर भी लिखते हैं। वह लिखते हैं, यह महत्वपूर्ण है क्योंकि 2014 में सत्ता में आने वाली, 2019 में दूसरी बार चुनाव जीतने वाली और 2024 में फिर से जीतने की संभावना रखने वाली भाजपा... ऐसे वक्त में भारतीय राजनीति की बागडोर संभाल रही है जो महत्वपूर्ण आर्थिक शक्ति बनकर उभरने के साथ ही जापान के साथ मिलकर हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी रणनीतियों के लिए धुरी साबित हो रही है।

मीड लिखते हैं, निकट भविष्य में, भाजपा ऐसे देश की कमान संभाल रही होगी जिसकी मदद के बिना चीन की बढ़ती ताकत को संतुलित करने का अमेरिका का प्रयास कमतर साबित हो सकता है। मीड ने कहा कि भाजपा और आरएसएस के साथ संबंध जोड़ने का न्योता ऐसे आमंत्रण है जिसे अमेरिका ठुकरा नहीं सकता है। वह लिखते हैं, चीन के साथ तनाव बढ़ने की स्थिति में अमेरिका को आर्थिक और राजनीतिक साझेदार की जरूरत है। हिन्दू राष्ट्रवादी आंदोलन की विचारधारा और उसके पथ को समझना उन उद्यमियों और निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण है।

# शीघ्र ही 500 से अधिक खिलाड़ियों को नौकरी देने जा रही सरकार

## मुख्यमंत्री ने किया 71वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर चैम्पियनशिप का उद्घाटन

● खेलकूद किसी भी देश के सामर्थ्य व कौशल को प्रदर्शित करने का माध्यम: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने 35वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित 71वीं अखिल भारतीय पुलिस एथलेटिक्स क्लस्टर चैम्पियनशिप 2022-23 का उदघाटन करते हुए कहा कि किसी भी अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिता या राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश पुलिस बल या उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया जा रहा है। राज्य सरकार शीघ्र ही 500 से अधिक खिलाड़ियों को उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न सेवाओं में स्थान देने जा रही है।

सीएम ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विगत 9 वर्षों में सभी ने देश में खेल संस्कृति को बढ़ते हुए देखा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में आज भारत अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वस्थ खेल प्रतिस्पर्धा और कौशल का परिचय दे रहा है। इसी प्रकार विभिन्न राज्य देश के अन्दर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करके स्वस्थ खेल प्रतिस्पर्धा और कौशल का परिचय दे रहे हैं। इस प्रतियोगिता का आयोजन सशस्त्र सीमा बल द्वारा किया जा रहा है। चैम्पियनशिप में प्रतिभाग कर रहे विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों एवं केन्द्रीय पुलिस बलों के जवानों द्वारा मार्चपास्ट किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने विगत 20 से 22 वर्षों के दौरान भारत-नेपाल तथा भारत-भूटान सीमा पर सशस्त्र सीमा बल की कार्य पद्धति को नजदीक से देखा है। इन सीमावर्ती क्षेत्रों में कार्य करते हुए सशस्त्र सीमा बल ने राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से अपनी जिम्मेदारियों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन किया है। सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के साथ जिस सहृदयता तथा संवेदनशीलता के साथ सशस्त्र सीमा बल द्वारा कार्य किया जा रहा है, वह सराहनीय है। उत्तर प्रदेश की 560 किलोमीटर लम्बी सीमा मित्र राष्ट्र नेपाल से जुड़ी हुई है। सशस्त्र सीमा बल वहां पर उत्तर प्रदेश पुलिस बल के साथ बेहतर समन्वय बनाने का कार्य करता है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश आज खेलकूद की गतिविधियों में तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार ने इस दिशा में अनेक कदम बढ़ाएं हैं। वर्तमान में हर संसदीय क्षेत्र में सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। संसदीय क्षेत्रों में होने वाली इन प्रतियोगिताओ में 2 हजार से ढाई हजार खिलाड़ी अलग-अलग प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों के साथ जुड़ते हैं। खेलकूद की गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार, विभिन्न औद्योगिक संस्थाओं तथा सामाजिक संस्थाओं के स्तर पर प्रयास किये जाने की आवश्यकता है। सीएम ने कहा कि इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार भारत सरकार के साथ मिलकर सभी ग्राम पंचायतों में युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करवाने की कार्यवाही कर रही है। सभी गांवों में खेल भावना तथा रचनात्मकता पैदा करने तथा आपसी रागद्वेष से मुक्त होकर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के विकास की दृष्टि से इन कार्यों को बढ़ावा दिया जा रहा है। सभी ग्राम पंचायतों में खेल का मैदान, ओपेन जिम का निर्माण, विकासखण्ड स्तर पर मिनी स्टेडियम, जनपद स्तर पर स्टेडियम का निर्माण एवं प्रदेश में खेल विवि का निर्माण हो रहा है। योगी ने कहा कि यह पुलिस बल की ताकत होनी चाहिए कि जब देश में या विभिन्न राज्यों में कानून व्यवस्था पर संकट आयेगा, तो पुलिस बल सुरक्षा प्रदान करते हुए कानून व्यवस्था की स्थापना करेंगे। केन्द्रीय पुलिस बल उस समय राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता व ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। साथ ही शान्तिपूर्ण स्थितियों में अपनी शारीरिक और मानसिक फिटनेस के लिए कार्य करेंग।

## राज्यपाल व सीएम ने नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्र पर दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत्-2080 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्र पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है।

राज्यपाल ने कहा कि लोक जीवन में उल्लास भरने वाले ये उत्सव हमें सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के सूत्र में पिरोते हैं। उन्होंने कामना की है कि ये त्यौहार सभी के जीवन में सुख.समृद्धि लाएं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि चैत्र नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। चैत्र नवरात्र से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है। इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। सीएम ने कहा कि सृजनात्मक ऊर्जा की आराधना का पर्व नवरात्रिए समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

## डीजीपी ने पेंशनर्स कल्याण संस्थान कक्ष का किया उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**डीजीपी** डॉ. देवेंद्र सिंह चौहान ने पुलिस मुख्यालय में उत्तर प्रदेश पुलिस पेन्शनर्स कल्याण संस्थान कक्ष का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप्र पुलिस पेन्शनर्स कल्याण संस्थान के महासचिव आरके चतुर्वेदी, सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक, सचिव प्रथम श्यामपाल सिंह, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक, सचिव द्वितीय महेन्द्र त्रिपाठी, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी, रिटायर्ड पुलिसकर्मी व अपर पुलिस महानिदेशक/ पुलिस महानिदेशक उप्र के जीएसओ एंव पीएचक्यू के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन स्कीम के लिए सड़क पर उतरे कर्मचारी

● जिला मुख्यालयों पर किया प्रदर्शन

## बहाली को लेकर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी, शिक्षक एकजुट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राज्य** कर्मचारियों, शिक्षकों के साथ केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों ने पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली को लेकर एकजुट होकर जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर सरकार को घेरा। पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाली संयुक्त मंच बनाकर केन्द्रीय व राज्य कर्मचारी संगठनों के साथ शिक्षकों के संगठनों ने देश व्यापी आन्दोलन जनवरी से प्रारम्भ कर दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को लखनऊ के कर्मचारी प्रेरणा स्थल बीएन सिंह प्रतिमा स्थल सरोजनी नायडू पार्क में इकट्ठा होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

आल इण्डिया रेलवे मेन्स फेडरेशन के जोनल सेक्रेटरी एसयू शाहा, डिवीजनल सेक्रेटरी आरके पाण्डेय डिवीवजन अध्यक्ष भूभूती मिश्रा, आल इण्डिया पोस्टल एकाउन्ट इम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव कामरेड शत्रुघ्न यादव समेत दर्जनों कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने इस मंच से पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाई। धरने को सम्बोधित करते हुए आरके पाण्डेय ने कहा किपुरानी पेंशन कर्मचारी के बुढापे का सहारा है। श्री शाहा रेलवे ने कहा कि पेंशन के लिए सुप्रीम कोर्ट का स्पष्ट आदेश है। इं हरि किशोर तिवारी ने कहा कि पेंशन भीख नही है, आन्दोलनों के उपरान्त सरकार द्वारा दिया गया। शिवबरन सिंह यादव ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की बात को अनुसना कर रही है। जो घातक हो सकता है। यदि पुरानी पेंशन नही दी गई तो पूरा कर्मचारी समाज एक साथ सड़को पर आकर आन्दोलन करेगें। इं एनडी द्विवेदी ने कहा कि बिना आन्दोलन के कुछ नही हो सकता है। अब केन्द्रीय व राज्य के कार्मिक एक हैं। आन्दोलन बड़ा होगा। शत्रुघ्न यादवए ने कहा कि पोस्टल पहले भी आन्दोलन हुए है किन्तु केन्द्र व राज्य एक साथ मिलकर शिक्षकों को साथ लेकर बड़ा आन्दोलन होने जा रहा है। सरकार दबाव में है। एसबी सिंह ने कहा कि सरकार वोट की राजनीति से डरती है। इस बार 2024 का लोक सभा चुनाव व मुद्दा बनेगा। अविनाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापक जनसम्पर्क के बाद ही यह आन्दोलन चलाया जा रहा है। इसलिए इसका व्यापक प्रभाव होगा। अमिता त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम हो रहे है। किन्तु लखनऊ प्रदेश की राजधानी होने के कारण विशेष प्रभाव छोड़ता है। सभी संगठनों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। हमारा आन्दोलन सफल होगा। राज्य कर्मचारियों के साथ मिलकर पुरानी पेंशन मुद्दे पर आन्दोलन करना नया प्रयोग है। राज्य कर्मचारी संगठनों का पूरा समर्थन केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों को प्राप्त हो रहा है। सरकार पर दबाव बढ़ रहा है।

सुजीत कुमार लेखपाल संघ ने कहा कि लेखपाल जमीन स्तर पर कार्य करता है। बुढ़ापे में दर दर की ठोकरे नही खाना चाहता है। सरकार जिम्मेदारी ले। जब तक पुरानी पेंशन बहाल नही होती तब तक कर्मचारी शिक्षक समाज का संघर्ष जारी रहेगा। आजमगढ़, बलिया, बस्ती, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, हापुड़, बांदा, चित्रकूट, कानपुर, इटावा, वाराणसी, फतेहपुर, अयोध्या, गोण्डा, बहराइच, बाराबंकी, सीतापुर, पीलीभीत, बदायूं, बेरली, मुरादाबाद, सहारनपुर, मेरठ, बागपत, मुजफ्फरनगर, झांसी, जालौन, श्रावस्ती, महराजगंज, सुल्तानपुर, जौनपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज, बलरामपुर, मिर्जापुर, गाजीपुर, मऊ, सिद्धार्थनगर, देवरिया, कुशीनगर, मुरादाबाद सहित प्रदेश भर के सभी जनपदों में प्रर्दशन, धरना व्यापक रुप से रहा।

# कांग्रेस ने दिया समर्थन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुरानी** पेंशन बहाली को लेकर केंद्र व राज्य कर्मचारियों के आंदोलन का कांग्रेस पार्टी ने पुरजोर समर्थन किया है। कांग्रेस पार्टी का मानना है की पुरानी पेंशन को तुरंत बहाल किया जाए क्योंकि पुरानी पेंशन कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के बाद जीवन यापन का सहारा है। कांग्रेस पार्टी इसके पक्ष में है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता हमाम वहीद ने कहा कि पार्टी इसे लेकर लगातार सड़क से सदन तक संघर्षरत रही है। कांग्रेस पार्टी की सरकार में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश के चुनाव जीतने के 15 दिन के भीतर पुरानी पेंशन को बहाल कर सेवानिवृत्त कर्मचारियों को राहत देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अगर कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ में ओपीएस की बहाली हो सकती है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं? उन्होंने कहा कि आज जनपद मुख्यालयों पर केंद्र व राज्य कर्मचारियों के द्वारा देशव्यापी प्रदर्शन किया जा रहा है। राज्य कर्मचारियों व शिक्षकों ने एक साथ मिलकर अब केंद्रीय कर्मचारी संगठनों को भी अपने साथ लिया है। इस आंदोलन में रेलवे, डाक, आयकर, पासपोर्ट, आकाशवाणी, दूरदर्शन के कर्मचारी संगठनों में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कलेक्ट्रेट, मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ, उद्यान, सिंचाई, परिवहन लोक निर्माण विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा निगम, चिट फंड, शिक्षा समेत सैकड़ों विभाग के संगठनों के कर्मचारियों ने मिलकर 23 जनवरी को नई दिल्ली में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में पुरानी पेंशन बहाली के लिए आंदोलन की रूपरेखा बनाई थी जिसके अंतर्गत आज 21 मार्च को नई पेंशन योजना वापस लेने एवं पुरानी पेंशन व्यवस्था की बहाली के लिए हर जनपद मुख्यालय पर प्रदर्शन किया जा रहा है। जिसे कांग्रेस पार्टी अपना पूर्ण समर्थन देती है। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार कर्मचारियों के हितों की अनदेखी कर रही है वह उन्हें राहत देने के पक्ष में नहीं है जबकि कर्मचारियों की मांग है कि पुरानी पेंशन बहाल की जाए। जिस प्रकार से कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान, छत्तीसगढ़ एवं हिमाचल प्रदेश में पुरानी पेंशन बहाल की गई है।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम स्वाती दुसेजा से बदलकर दिविशा सोनेजा W/o भावेश सोनेजा पता- हाउस नं0- 1203 रतन लाल नगर कानपुर कर लिया है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम सुरेन्द्र सिंह से बदलकर सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना/पहचाना जाये। सुरेन्द्र सिंह छाबड़ा पुत्र स्वर्गीय अमर सिंह निवासी HIG-67 रतनलालनगर, कानपुर।

**सूचना**

सूच्य हो कि मेरे पासपोर्ट में गलती से मेरा नाम Syed Mohammad Mehndi दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम Syed Mohammad Mehdi है, जिसे सुधारकर पढ़ा एवं दर्ज किया जाए। Syed Mohammad Mehdi S/o Syed Mohammad Askari R/o Chand Khan Ka Hata Bakarganj City & Distt. Fatehpur 212601

**सूचना**

सूचना

एक विक्रय विलेख दिनांकित 12.07.1999 जो माथाराम पुत्र साहू खुद व वहैसियत मुख्तारेआम गुलचंद व दिलीप कुमार पुत्रगण बेचू व सहदेई पत्नी स्व0 दयाराम, प्रभावती पत्नी फूलचंद द्वारा रंजन कुमार अग्रवाल पुत्र श्री सूर्य नारायण प्रसाद के पक्ष में निष्पादित है जिसका पंजीयन उपनिबंधन कार्यालय वाराणसी में पु0सं0। खण्ड सं0 2095 के पृष्ठ सं0 169/196 पर द0सं0 4148 के रूप में दर्ज है जो चक सं0 307 आराजी नं0 233 रकबा 2400 वर्गफीट मौजा सुसुवाहीं परगना देहात अमानत तहसील सदर जिला वाराणसी के विक्रय से संबंधित है जो खो गया है। इस विक्रय विलेख के संदर्भ में किसी व्यक्ति/संस्था के पास कोई सूचना/आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर मनीष लोहिया पुत्र ओम प्रकाश लोहिया निवासी म0सं0 बी 37/112 A1 बिरदोपुर महमूरगंज वाराणसी को मो0 नं0 9935298303 पर सूचित करें।

# बड़े बकायेदारों की रातों की नींद हराम करने की पूरी तैयारी करें: एके शर्मा

## ऊर्जा मंत्री ने उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर को बिलिंग सिस्टम से जोड़ने की शुरूआत की

● हड़ताली संगठनों व कार्मिकों के खिलाफ उच्च न्यायालय के निर्गत आदेशों के अनुरूप होगी कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली उपभोक्ताओं को मोबाइल कम्पनियों की तरह एलर्ट संदेश भेजने के लिए उनके मोबाइल नंम्बर को बिलिंग सिस्टम में एकीकरण करने की मंगलवार को शुरूआत की। इस व्यवस्था से प्रदेश के तीन करोड़ उपभोक्ताओं को फायदा होगा।

ऊर्जा मंत्री ने शक्ति भवन में बिलिंग सिस्टम से मोबाइन नम्बर को जोड़ने की शुरूआत की तथा विभागीय कार्यों की वर्चुअल समीक्षा बैठक भी की। ऊर्जा मंत्री ने राजस्व वसूली के कार्यों में और तेजी लाने तथा कामर्शियल टीम को 24 घण्टे कार्य में एक्टिव रखने को कहा। उन्होंने सभी डिस्कॉम में कामर्शियल सेन्टर को 24 घण्टे चालू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए विशेष रूप से उनसे सम्पर्क करें और फोन करके रातों की उनकी नींद हराम करने की तैयारी करें। उन्होंने लाइनलॉस को कम करने तथा विद्युत चोरी रोकने के निरन्तर प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी सही उपभोक्ता का उत्पीड़न न किया जाए और फर्जी तरीके से भी किसी उपभोक्ता को न फंसाया जाए। विद्युत व्यवस्था को आसान एवं सहूलियत पूर्ण बनाने के लिए सभी विद्युत कर्मी ईमानदारी, लगन, निष्ठा व मेहनत से काम करें। उन्होंने मार्च महीने में मात्र 25 प्रतिशत राजस्व वसूली पर नारजगी व्यक्त की और कहा कि इस महीने के बाकी दिनों में मासिक लक्ष्य की वसूली को पूरा करें। उपभोक्ताओं को अब वे कहीं पर भी होंगे उनकी विद्युत व्यवस्था, बिल, कनेक्शन, डिस्कनेक्शन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में एलर्ट मैसेज मिल जाएगा।

ऊर्जा मंत्री ने आज से ही उपभोक्ताओं के मोबाइल पर ड्यू डेट के पहले तथा ड्यू डेट के बाद दो से तीन एलर्ट मैसेज भेजने को कहा तथा अंतिम एलर्ट मैसेज भेजने के बाद बिल न जमा करने पर उपभोक्ता का कनेक्शन काट दिया जाए। किसी भी उपभोक्ता का बिल बनने पर शीघ्र ही उसको कम से कम 6 से 7 एलर्ट मैसेज भेजें जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 15 दिन चले केवाईसी अभियान के दौरान 2.50 करोड़ उपभोक्ताओं का केवाईसी अपडेट किया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से सम्पर्क बनाने के लिए इस व्यवस्था को नीचे फील्ड पर उतारने तथा आज से ही इसे चालू करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि अगामी त्योहारों के मद्देनजर प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों में निर्वाध विद्युत आपूर्ति की जाए तथा इसमें कहीं पर भी ढिलाई न बरतें। जरा सा भी फाल्ट की सूचना पर तत्काल टीम को भेजकर अपूर्ति ठीक कराएं। ऊर्जा मंत्री ने हड़ताल के दौरान हड़ताल का समर्थन करने तथा इसका विरोध करने वाले सभी कार्मिकों, संगठनों को धन्यवाद दिया है।

# जनमानस में विधायिका के प्रति अवधारणा में बदलाव दिख रहा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका की अपनी-अपनी भूमिका है और हमारा लोकतंत्र तभी समृद्व होगा जब सब मिलकर काम करेंगे और प्रगति के पथ पर आगे बढ सकेंगे। एक दूसरे के सहयोग के बिना लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विधानसभा में जनहित में यदि कोई बात उठाई जाती है तो कार्यपालिका को उसे पूरा करना ही होगा। अधिकारी इससे स्वंय को अलग नहीं कर सकते हैं। उन्होंने यह बात उत्तर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने के लिए आयोजित एक परिचर्चा के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। श्री महाना ने कहा कि जो व्यक्ति जनता के द्वारा चुनकर विधानसभा आता है वह जनता के प्रति समर्पित रहता है। वह जनता का दर्द भी जानता है, उसका कारण भी जानता है और उसका निवारण भी जानता है। इसलिए लोकतंत्र में जन प्रतिनिधियों की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। प्रदेश का जो विकास हो रहा है उसके प्रति जन प्रतिनिधियों के भी प्रयास शामिल है। श्री महाना ने कहा कि लोकतंत्र की जो अवधारणा संविधान में लिखी हुई है।

# चारों दिशाओं में सुनाई देगी योगी सरकार के छठे साल के जश्न की गूंज

● रिले रेस के रूप में महिला पुलिसकर्मी 22 से 29 तक निकालेंगी बाइक रैली

● महिला सशक्तिकरण का संदेश देगी योगी सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**योगी** सरकार के छठे साल के जश्न की गूंज चारों दिशाओं में सुनाई देगी। इसको लेकर शासन स्तर पर अनूठी तैयारी की गई है। प्रदेश की महिलाओं को समर्पित सरकार का यह समारोह महिला सशक्तिकरण का संदेश देगा। इसके लिए महिला पुलिसकर्मी बाइक रैली निकालेंगी जो राज्य के 26 जनपदों से होकर गुजरेगी। इस सम्बंध में मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ एक उच्च स्तरीय बैठक में निर्देश दिया है। 25 मार्च 2023 को योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने पर निकाली जाने वाली इस रैली का उद्देश्य महिलाओं के लिए सुरक्षित प्रदेश के बदले हुए माहौल के बारे में बताना है। रैली की शुरुआत चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिन यानी 22 मार्च को होगी। वहीं समापन अष्टमी यानी 29 मार्च को होगा। महिला पुलिसकर्मियों की यह रैली दो रूटों से निकलेगी। पहला रूट पूर्व से पश्चिम विंध्याचल धाम से गौतमबुद्ध नगर होगा। वहीं दूसरा रूट उत्तर से दक्षिण देवी पाटन धाम से ललितपुर रहेगा। रैली का स्वरूप रिले रेस जैसा होगा। जिसमें 15-20 बाइक पर सवार महिला पुलिसकर्मी लोगों को सुरक्षित और उत्तम प्रदेश का संदेश देंगी, जो प्रतिदिन औसतन 80-120 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। राजपत्रित अधिकारी को रैली का प्रभारी नियुक्त किया गया है। वहीं इसकी ब्रांडिंग के लिए चार पहिया वाहन भी शामिल रहेंगे जिसमें महिला निरीक्षक के साथ महिला ड्राइवर रहेंगी। सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुए एक एंबुलेंस भी रैली साथ चलेगी।

रैली का पहला रूट मां विंध्यवासनी के धाम विंध्यांचल से शुरू होगा जो प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, आगरा, अलीगढ़ होते हुए गौतमबुद्धनगर में समाप्त होगा। वहीं दूसरे रूट की शुरुआत शक्तिपीठ देवीपाटन से होगी जो अयोध्या, लखनऊ, कानपुर, हमीरपुर, उरई, झांसी होते हुए ललितपुर पहुंचेगा।

# पीएसपी के तहत यूपी पुलिस व बैंक ऑफ बड़ौदा के बीच एमओयू

**पायनिय समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुलिस** कर्मचारियों के सैलरी एकाउंट में पीएसपी (पुलिस सैलरी पैकेज) के अन्तर्गत बैंक द्वारा निशुल्क प्रदान की जाने वाली सुविधाओं व लाभों के लिए भारतीय स्टेट बैंक से वर्ष 2016 एवं 2019 में एमओयू किया गया था, जिसमें कतिपय लाभ दिए जा रहे थे। वर्ष 2023 में पीएसपी मे देय लाभों में वृद्धि करने के लिए एवं स्वाभाविक मृत्यु की दशा में भी जीवन बीमा सम्बन्धी लाभ दिए जाने हेतु सभी बैंकों से विचार-विमर्श करने के उपरान्त सर्वाधिक लाभकारी पीएसपी प्रस्ताव बैंक आफ बडौदा से प्राप्त होने के फलस्वरूप सक्षम स्तर से इसके अनुमोदन के उपरान्त मंगलवार को डीजीपी डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान की उपस्थिति में बैंक आफ बडौदा एवं उत्तर प्रदेश पुलिस के मध्य पीएसपी के सम्बन्ध में एमओयू हस्ताक्षरित किया गया। इस पीएसपी की प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें देय लाभ, सुविधाएं चतुर्थश्रेणी से लेकर वरिष्ठतम अधिकारी तक एक समान है एवं सेवानिवृत्त कर्मियो (70 वर्ष की आयु तक) को भी सम्मिलित किया गया है।



### एमओयू के प्रमुख बिंदु

**पीएसपी** के अन्तर्गत देय लाभों में सेवारत कर्मचारियों के लिए स्वाभाविक मृत्यु की दशा में प्रथम बार निशुल्क जीवन बीमा सम्बन्धी लाभ सम्मिलित किया गया हैं, जो अधिकतम 20 लाख रुपए तक है। आन ड्युटी सेवारत कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत दुघर्टना बीमा लाभ 105 लाख तक तथा प्रथम बार 'आफ ड्युटी' सेवारत कर्मियों के लिए 90 लाख तक का लाभ एमओयू में सम्मिलित किया गया है तथा सेवानिवृत्त कर्मियों (70 वर्ष तक) के लिए यह लाभ 60 लाख रुपए तक है। सेवारत कर्मियों को इस एमओयू में स्थायी पूर्ण विकलांगता कवर 70 लाख रुपए तक, स्थायी आंशिक विकलांगता कवर 30 लाख रुपए तक एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए यह लाभ क्रमश 40 लाख रुपए तक एवं 15 लाख रुपए तक देए है। इस एमओयू में अन्य लाभों में सेवारत, सेवानिवृत्त कर्मियों की आश्रित पुत्री की शादी, बच्चों की शिक्षा के लिए बीमा कवर सम्मिलित है। अन्य लाभों में मृत शरीर के परिवहन, प्लास्टिक सर्जरी, जलने पर, रिटेल ऋणों में लाभ, एटीएम लेन-देन सम्बन्धी लाभ, डेबिट कार्ड में लाभ, निशुल्क धन प्रेषण, लाकर्स के किराए में छूट, निशुल्क डिमैट वार्षिक रखरखाव आदि सम्मिलित है।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# शिक्षा का मतलब सिर्फ अवार्ड व मेडल प्राप्त करना नहीं: राज्यपाल




**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में मंगलवार को एरा विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा का मतलब सिर्फ अवार्ड और मेडल प्राप्त करना नहीं होता है। विद्यार्थियों में देश सेवा की भावना तथा संवेनशीलता भी होनी चाहिए।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय द्वारा शुरू की गयी डिपार्टमेंट ऑफ हैपीनेस कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब हम किसी की मदद करते हैं, किसी के जीवन में खुशियां लाने का प्रयास करते हैं, जब हमारे द्वारा किये गये कार्यों से कोई संतुष्ट और सुखी होता। वही सही मायने में हमारे लिए हैपीनेस वाला पल होता है। राज्यपाल ने फूड एण्ड न्यूट्रिशन के साथ पढ़ाई पूरी करने वाली छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि जब हमारी बेटियों को इसके बारे में जानकारी प्राप्त होगी तो वे अपने परिवार को सही दिशा निर्देश दे पायेंगी कि किसको क्या खाना चाहिए जिससे हमारा समाज स्वस्थ और स्वच्छ बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को रूटीन वाली शिक्षा के साथ ही विद्यार्थियों के सामाजिक और नैतिक विकास पर भी बल देना चाहिए। कार्यक्रम में राज्यपाल ने स्कूली बच्चों को बैग तथा पाठ्य पुस्तकें भी वितरित किया। दीक्षांत समारोह में विविध पाठ्यक्रमों के कुल 50 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की गई। जिसमें 11 उपाधियां लड़कों को तथा 39 उपाधियां लड़कियों को प्रदान की गयीं।

## ड्यूटी पर वापस न लौटने वाले डॉक्टरों से होगी रिकवरी

**लखनऊ।** सेवा में रहते हुए विशेषज्ञता की डिग्री हासिल करने अवकाश पर गये डॉक्टरों के सेवा में न लौटने पर स्वास्थ्य विभाग बाण्ड के तहत रिकवरी की तैयारी कर रहा है। हालांकि इन डॉक्टरों के नहीं लौटने पर लगातार नोटिस जारी दी जा रही है। प्रदेश में वर्ष 2018 से अब तक प्रांतीय स्वास्थ्य चिकित्सा सेवा संवर्ग के करीब 200 डॉक्टर नीट पीजी और डीएनबी कोर्स करने के लिए अवकाश लेकर गए हैं। इसमें ज्यादातर अभी तक लौटे नहीं हैं। अब इन डॉक्टरों की जिलेवार पड़ताल की जा रही है। पिछले दिनों 17 डाक्टरों को नोटिस जारी किया गया था। इन्हें 15 दिन का समय देते हुए जवाब मांगा गया है। चेतावनी दी गई कि यदि वे ड्यूटी पर नहीं लौटते हैं और जवाब भी नहीं देते हैं तो उनसे एक करोड़ रुपये के राजस्व की वसूली की जाएगी। रुपये जमा नहीं करने पर यह वसूली उनकी अचल संपत्ति से की जाएगी। नोटिस जारी हुए करीब 20 दिन बीत चुका है।

# अप्रैल में चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

## ● जिलाधिकारी ने की टास्क फोर्स की बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**संचारी** रोग नियंत्रण पर जिलाधिकारी द्वारा जिला टास्क फोर्स की बैठक में नगर निगम और पंचायती राज विभाग को व्यापक सफाई व्यवस्था रखने, जलभराव के कारण मच्छर न बढ़ने देने के निर्देश दिए गए। हर सप्ताह बैठक कर संचारी रोग के नियंत्रण पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। जिले में 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। साथ ही जिलाधिकारी द्वारा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस के लिए ठंडे एवं साफ पीने के पानी की व्यवस्था करें, गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की व्यवस्थाएं, भीड़.भाड़ वाले इलाकों में मौसम का पूर्वानुमान और तापमान का डिस्प्ले, हीट वेव से बचाव के उपायों के लिए विद्यालयों में जनसमुदाय में व्यापक प्रचार प्रसार किये जाने का निर्देश दिया गया।

जिले में 1 से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलेगा। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने जिला टास्क फ ोर्स की बैठक आयोजित की। जिलाधिकारी ने नगर निगम और पंचायती राज विभाग को निर्देशित किया कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक साफ सफाई रखी जाए ताकि कहीं भी जलभराव के कारण मच्छरजनित परिस्थितियाँ पैदा न होने पायें। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि निर्धारित गतिविधियों को समय से संपादित करें, इसके साथ ही उनके द्वारा निर्देश दिए गए कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा बैठक हर सप्ताह होगी। इसके अलावा जिलाधिकारी ने कहा कि सचिव भारत सरकार द्वारा जारी पत्र के अनुसार इस साल देश के अधिकांश भागों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना व्यक्त की गई है। ऐसी स्थिति में जलजनित आउटब्रेक होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम से संबंधित रोगों के विषय में विभिन्न विभागों के साथ सामंजस्य स्थापित करते हुए गतिविधियाँ प्राथमिकता के आधार पर किया करे। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जनमानस के लिए ठंडे एवं साफ पीने के पानी की व्यवस्था करें, गर्मी से बचाव के लिए शेल्टर्स की व्यवस्थाए भीड- भाड़ वाले इलाकों में मौसम का पूर्वानुमान और तापमान का डिस्प्ले, हीट वेव से बचाव के उपायों के लिए विद्यालयों में जनसमुदाय में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अभियान के शुरू होने के बाद इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि माइक्रो प्लानिंग फॉर्मेट में तिथिवार और क्षेत्रवार जिस तरह की गतिविधियां अंकित की गई हैं वह ठीक उसी तरह संपादित की जाएं ताकि सभी गतिविधियों की निगरानी की जा सके।

## नेता की बेटी की तस्वीर पोस्ट करने वाले पर मुकदमा

**लखनऊ।** सपा के एक राष्ट्रीय नेता की बेटी की तस्वीर लगाकर सोशल मीडिया में पोस्ट करने पर मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। युवक ने अपने अकाउंट पर भी नेता की बेटी की तस्वीर लगा रखी थी। सपा के एक राष्ट्रीय स्तर के नेता की बेटी की तस्वीर लगाकर सोशल मीडिया पर अमर्यादित पोस्ट की गई। गोमती नगर विस्तार इलाके की रहने वाली सपा की महिला नेता ने इस मामले में केस दर्ज करवाया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर कई टीमें लगाई हैं और आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की बात कही है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार चतुर्वेदी के मुताबिक खरगपुर सरस्वतीपुरम में रहने वाली महिला नेता ने बताया कि सोशल मीडिया पर अभिषेक यादव नाम का युवक पार्टी के राष्ट्रीय स्तर के नेता की बेटी की तस्वीर लगाकर पोस्ट कर रहा है। उसने अपने प्रोफाइल पर भी उक्त नेता की बेटी की तस्वीर लगा रखी है। पुलिस अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसकी जांच के लिए एक टीम साइबर सेल की भी लगाई है जो उक्त आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास में लगी है। फिलहाल खबर लिखे जाने तक आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी थी।

## तीन तस्कर गिरफ्तार, 900 ग्राम चरस बरामद

**लखनऊ।** राजधानी की हसनगंज पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये अभियुक्तों के कब्जे से नौ सौ ग्राम चरस बरामद कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि अभियुक्त चरस की फुटकर पुड़िया बनाकर शहर के विभिन्न इलाकों में सप्लाई करते थे। जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त के निर्देशन में अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत हसनगंज पुलिस की एक टीम गस्त पर थी तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन युवक किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में मौजूद हैं। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और ततकाल मौके पर पहुंच गये। पुलिस को देखकर तीनो शातिर भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने घेराबंदी कर भाग रहे तीनों शातिरो ंको दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपना नाम चम्पारन बिहार निवासी राम चन्द्र मोहतो चकेरी जनपद उन्नाव निवासी अमरान व उपरोक्त निवासी अंकित सिंह बताया। पुलिस ने जामा तलाशी में इनके कब्जे से करीब नौ सौ ग्राम से अधिक चरस बरामद की है जो यह इलाके में बेचते थे। पुलिस का कहना है कि अपने शौक व जीवन यापन के लिए यह अपराध कारित करते थे।

## कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**लखनऊ।** आलमबाग इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उधर आरोपी वाहन चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने परिजनों को जानकारी देने के साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मृतक के बेटे की तहरीर पर केस दर्ज कर गाड़ी नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। महाऋषि नगर.थाना मड़ियांव इलाके में अंकुर जायसवाल परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि बीती सोमवार शाम उनके 61 वर्षीय पिता कृष्ण गोपाल जायसवाल किसी काम के चलते बाइक से आलमबाग स्थित उतरठिया गए थे। रात करीब 10- 20 पर वह वापस घर लौट रहे थे। इसी बीच रास्ते में सुआनी खेड़ा से 200 मीटर आगे रायबरेली रोड पर स्विफ्ट कार नंबर यूपी ने उनकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे के कारण वह बुरी तरह से जख्मी होकर रोड पर गिर पड़े। राहगीरों ने उन्हें देख सूचना पुलिस को दी। इंस्पेक्टर का कहना है कि कृष्ण गोपाल को आनन.फानन में सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पीड़ित बेटे की शिकायत पर केस दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## भीड़ भाड़ वाले इलाके से मोबाइल चोरी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** भीड़-भाड़ वाली जगह पर लोगों की जेब से मोबाइल फोन चोरी करने वाले आरोपी को बीकेटी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से चोरी का एक स्मार्ट फोन भी बरामद कर लिया है। इंस्पेक्टर बीकेटी बृजेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि मंगलवार को किसान पथ के पास से ग्राम कठवारा निवासी रामशंकर उर्फनाटू को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से चोरी का एक स्मार्ट फोन बरामद किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह भीड़.भाड़ वाली जगह पर लोगों की रेकी कर उनकी जेब से फोन चारी करता है। बरामद स्मार्ट फोन भी उसने कुछ दिन पहले होली के मेले से चोरी किया था।

## रिटायर्ड बिजली विभाग कर्मी की ट्रेन से कटकर मौत

**लखनऊ।** ट्रेन की चपेट में आकर रिटायर्ड बिजली विभाग के अकाउंटेंट की मौत हो गई। गोमतीनगर के विपुलखण्ड निवासी आकांक्षा शुक्ला के मुताबिक 62 वर्षीय पिता सुशील कुमार शुक्ला जो कि बिजली विभाग से एकाउंटेट के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सोमवार को वह अयोध्या जाने के लिए कह रहे थे। उनका स्वास्थ्य सही न होने के कारण उन्हें जाने नहीं दिया गया। इसके बाद वह अचानक बिन बताए कहीं चले गए। आसपास उनकी तलाश की गई पर उनका कुछ पता नहीं चला। मंलवार को सुबह गोमतीनगर विस्तार स्थित रेलवे ट्रैक के पास एक शव पड़ा होने की सूचना मिली।शव की शिनाख्त सुशील कुमार के रूप में हुई।

### अलाया अपार्टमेंट हादसा

# हाईकोर्ट ने सपा विधायक शाहिद मंजूर की गिरफ़्तारी पर लगाई रोक



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**अलाया** अपार्टमेंट हादसा मामले में वांछित सपा विधायक शाहिद मंजूर की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने रोक लगा दी है। पीठ ने इस मसले पर राज्य सरकार से जवाबी हलफनामा तलब किया है।

जस्टिस रमेश सिन्हा एवं जस्टिस नरेंद्र कुमार जौहरी की पीठ ने यह आदेश शाहिद मंजूर की याचिका पर दिया है। इनकी याचिका पर वकील अरुण सिन्हा व प्रांशु अग्रवाल ने बहस की। कहना था कि इस हादसे से याचिकाकर्ता का कोई संबन्ध नहीं है। उसे महज राजनीतिक कारणों से इसमें घसीटा जा रहा है। बीते 25 जनवरी को अलाया अपार्टमेंट हादसे की एफ्आईआर हजरतगंज कोतवाली में दर्ज हुई थी। इसमें शाहिद मंजूर के पुत्र नवाजिशए भतीजा मोहम्मद तारिक व बिल्डर फाहद याजदानी को नामजद किया गया था। यह अपार्टमेंट अचानक जोरदार आवाज के साथ पूरी तरह से गिर गया था। इससे चारों तरफचीख–पुकार मच गई। मलबे से 14 लोगो को बाहर निकाला गया। यह सभी गंभीर रुप से घायल थे। इलाज के दौरान तीन लोगों की मौत हो गई थी। आरोप है कि अपार्टमेंट के निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया था और इसे बगैर नक्शा पास कराए बनाया गया था। विवेचना के दौरान इस मामले में शाहिद मंजूर का नाम भी सामने आया।

## बहन, बहनोई व भांजे की हत्या करने वाले को उम्र कैद

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**बहन** के साथ उसके कथित पति व बच्चे की हत्या करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम गोकुल को सत्र अदालत ने उम्र कैद की सजा सुनाई है। एडीजे पुष्कर उपाध्याय ने इस पर 15 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील कृष्ण कुमार साहू के मुताबिक इस मामले की विवेचना में मालुम हुआ कि गोकुल की बहन अपने पहले पति व चार बच्चों को छोड़कर दूसरे के साथ रहने लगी थी। फि र उसे भी छोड़ दिया था और गुड्डू के साथ रहने लगी थी। इधरए गुड्डू ने गोकुल की भाभी के साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया था। इसी वजह से गोकुल ने अपनी बहन व उसके कथित पति तथा बच्चे की हत्या कर दी थी। 10 अप्रैलए 2013 को इस मामले की एफ्आईआर कुतुबद्दीन ने थाना मड़ियांव में दर्ज कराई थी। गोकुल की बहन जानकी अपने पति गुड्डू व तीन वर्षीय बेटे तरुण के साथ कुतुबद्दीन के मकान में किराए पर रहती थी। गुड्डू मजदूरी व जानकी सिलाई का काम करती थी। दो दिन पहले गोकुल अपनी बहन के घर आया था। उसने चाय में नींद की गोली मिला दी थी। जब रात में ये तीनो सो गएए तो उसने घर में रखे पत्थर के सिल से तीनों के चेहरे पर प्रहार किया। सिर में आई चोंटो के कारण तीनों कोमा में चले गए और उनकी मौत हो गई। दो दिन बाद दुर्गंध आने पर पता चला कि तीनों की हत्या कर दी गई है।

## मारपीट में मुल्जिमों को तीन साल की सजा

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**मारपीट** के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम कान्हा, बचऊ पासी, शिव रतनए राम आसरे व होराराम यादव को तीन वर्ष की सजा सुनाई है। विशेष जज गौरव कुमार ने इन पर 10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। सरकारी वकील अशोक त्रिपाठी के मुताबिक सात नवंबर 2018 को इस मामले की एफ आईआर राम किशोर ने थाना माल में दर्ज कराई थी। दो दिन पहले वह अपने पिता के साथ बाजार से घर वापस आ रहा था। तभी रास्ते में घात लगाए मुल्जिमों ने पुरानी रंजिश में उसके पिता को बांका व लाठी–डंडो से मारपीट कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था।

# आशियाना में निर्माणाधीन होटल को किया सील

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**एलडीए** की प्रवर्तन टीम ने आशियाना के सेक्टर एन में एक निर्माणाधीन होटल को सील किया। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि हरप्रीत कौर एवं सर्वजीत सिंह द्वारा आशियाना के सेक्टर.एन में भूखण्ड संख्या–424बी पर लगभग 240 वर्गमीटर क्षेत्रफ ल में अवैध निर्माण कराया जा रहा था, इसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या–397/2021 दर्ज करते हुए परिसर को पूर्व में सील किया गया था। इस मामले में विपक्षी द्वारा स्वीकृत भवन मानचित्र प्रस्तुत किया गया। निर्माण में विचलन की बात को स्वीकार करते हुए शमन मानचित्र स्वीकृत कराने के सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसके बाद विपक्षी द्वारा शमन मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया, जिस पर अवैध निर्माण को ध्वस्त किये जाने के आदेश जारी किये गये थे। वर्तमान में प्रवर्तन टीम द्वारा किये गये निरीक्षण में पाया गया कि बिल्डर द्वारा स्थल पर सभी सेटबैक को आच्छादित करते हुए बेसमेंट (व्यवसायिक किचन, बड़ी चिमनी, बर्किंग स्लैब व हॉल) भूतल एवं प्रथम तल पर व्यवसायिक हॉल, द्वितीय तल, लॉबी, किचन, होटल के उपयोग के लिए कमरे एवं तृतीय तल पर ममटी, मशीन रूम, बॉथरूम, स्वीमिंग पूल व रूफ टॉप रेस्टोरेंट निर्मित करने के लिए स्टील पाइप द्वारा कॉफ र का निर्माण कराया गया था। जोनल अधिकारी ने बताया कि बिल्डर द्वारा भवन में होटल संचालन किये जाने की संभावना को देखते हुए स्थल को दोबारा सील किये जाने के आदेश जारी किये गये। आदेश पर सहायक अभियंता वाईपी सिंह, अवर अभियंता बिजेन्द्र सिंह व उस्मान अली द्वारा स्थल को सील कर दिया गया।

## 27 मार्च से न्यू कैम्पस में शुरू होगा खेलों का दंगल

**लखनऊ।** जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में एक बार पुन: खेल के विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। लखनऊ यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स एवं कल्चरल कमेटी के तत्वाधान में आयोजित होने वाले खेलों का यह दंगल 27 मार्च से लेकर 12 अप्रैल तक चलेगा। जिसमें राजधानी के विभिन्न विश्वविद्यालयों एव महाविद्यालयों के अनेकों छात्र एवं छात्राएं 40 से अधिक प्रतिस्पर्धाओं जैसे क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, खो.खो, टेबल–टेनिस इत्यादि में अपने. अपने कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इसी परिपेक्ष्य में आज कमेटी के डायरेक्टर प्रोफेसर सतीश चंद्र एवं अध्यक्ष डॉ उग्रसेन वर्मा ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय से मुलाकात कर खेल प्रतियोगिता जेस्ट के पोस्टर का अनावरण कराया।


# ANGEL ONE LIMITED

Regd. Off: 601, 6th Floor, Ackruti Star, Central Road, MIDC, Andheri East, Mumbai - 400093
SEBI Registration No (Stock Broker): INZ000161534

**PUBLIC NOTICE**

| Trade Name | AP Name | BSE Reg No. | NSE Reg No. CM | NSE Reg No. FO | MCX Reg No. | NCDEX Reg No. | REGD ADDRESS OF AP |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| SHASHI BHAN SINGH | SHASHI BHAN SINGH | 0 | AP0397334241 | AP0397334241 | 0 | 0 | MO. PUR NAUGAVA SORAON RAJAPUR MOHAMMADPURNAUGAWAN ALLAHABAD ALLAHABAD-212502 Uttar Pradesh |
| SUMAIYA MARIYAM ANSARI | SUMAIYA MARIYAM ANSARI | 0 | AP0397281021 | AP0397281021 | MCX/AP/ 140761 | 0 | 98, NOORULLAHA ROAD, NEAR BY BIKANER WALA ALLAHABAD-211003 Uttar Pradesh |
| AMAR SINGH YADAV | AMAR SINGH YADAV | 0 | AP0397287981 | AP0397287981 | 0 | 0 | GAUHANIA JASRA ALLAHABAD ALLAHABAD-212107 Uttar Pradesh |
| ABDULLAH KHAN | ABDULLAH KHAN | 0 | AP0397333751 | AP0397333751 | 0 | 0 | MAKHDOOMPUR NIZAMPUR AZAMGARH AZAMGARH-223225 Uttar Pradesh |
| KUMARI PRIYANKA GUPTA | KUMARI PRIYANKA GUPTA | 0 | AP0397465621 | AP0397465621 | 0 | 0 | PASCHIM TOLA BANSDIH BALLIA PASCHIM TOLA BALLIA-277202 Uttar Pradesh |
| RACHNA DEVI | RACHNA DEVI | 0 | AP0397326581 | AP0397326581 | 0 | 0 | CHETNA COLONY MOHAN PUR , MOHENPUR P.A.C . DSO NAWABGANJ, BAREILLY BAREILLY-243123 Uttar Pradesh |
| ASHISH KUMAR CHAUDHARY | ASHISH KUMAR CHAUDHARY | 0 | AP0397310151 | AP0397310151 | 0 | 0 | SUKRAULI SUKRAULI GAUR NEAR GAUR BASTI-272163 Uttar Pradesh |
| YASH CHAUHAN | YASH CHAUHAN | 0 | AP0397337371 | AP0397337371 | 0 | 0 | 103, KIRTHAL BAGHPAT KRITHAL UTTAR PRADESH BAGHPAT BHGHPAT-250611 Uttar Pradesh |
| PRATISHTHA SAXENA | PRATISHTHA SAXENA | 0 | AP0397480561 | AP0397480561 | 0 | 0 | CHITRANSHSH BHAVAN, ADARSH NAGAR,SHANTI NAGAR ROAD ETAH CHITRANSHSH BHAVAN, ETAH-207001 Uttar Pradesh |
| SACHCHIDA NAND YADAV | SACHCHIDA NAND YADAV | AP010612 01108263 | 0 | 0 | MCX/AP/ 130638 | 0 | 295 KATARI FAIZABAD KATARI FAIZABAD FAIZABAD-224206 Uttar Pradesh |
| HARISH KUMAR MISHRA | HARISH KUMAR MISHRA | 0 | AP0397444821 | AP0397444821 | 0 | 0 | BENIPUR WAHIUDDINPUR BIKAPUR FAIZABAD-224204 Uttar Pradesh |
| BRASHKETU | BRASHKETU | 0 | AP0397133191 | AP0397133191 | MCX/AP/ 103041 | 111074 | 17/12 LABOUR COLONY EAST MEHARABAD SHIKOHABAD NEAR BUS STAND FIROZABAD-205135 Uttar Pradesh |
| SUNNY HASANI | SUNNY HASANI | 0 | AP0397351061 | AP0397351061 | 0 | 0 | 87 MALVIYA NAGAR GONDA GONDA GONDA-271001 Uttar Pradesh |
| ARVIND YADAV | ARVIND YADAV | 0 | AP0397494311 | AP0397494311 | 0 | 0 | NEW PROJECT ROAD NANDA NAGAR FRESH MART, KUNRAGHAT, GORAKHPUR KHORABAR URF SOOBABAZAR, GORAKHPUR NEAR SHAMSHER GATE, GORAKHPUR-273008 Uttar Pradesh |
| RAMJEE PATEL | RAMJEE PATEL | 0 | AP0397404551 | AP0397404551 | 0 | 0 | 179 JAHANSAPUR KHAJURAHAT KHAJURAHAT JAUNPUR-222143 Uttar Pradesh |
| RUPALI MAJUMDAR | RUPALI MAJUMDAR | 0 | AP0397358331 | AP0397358331 | 0 | 0 | 334, ARSIYA BAZAR SARPATHA ARSIYA NEAR SARPATHA JAUNPUR-223103 Uttar Pradesh |
| RAVAGE LEADFLOW PRIVATE LIMITED | RAVAGE LEADFLOW PRIVATE LIMITED | 0 | AP0397280423 | AP0397280423 | 0 | 0 | 11/461, B BLOCK BRAHMA NAGAR KANPUR KANPUR KANPUR-208012 Uttar Pradesh |
| ATUL KUMAR DIXIT | ATUL KUMAR DIXIT | 0 | AP0397311061 | AP0397311061 | 0 | 0 | H.NO.24,P BLOCK YASODA NAGAR, THANA NAUBASTA, TEH-KANPUR, SADAR, DISTRICT KANPUR . KANPUR-208011 Uttar Pradesh |
| PRAMOD KUMAR | PRAMOD KUMAR | AP010612 01141240 | AP0397363871 | AP0397363871 | 0 | 0 | 839, SANJAY GANDHI NAGAR GALLA MANDI NAUBASTA, KASIGAWAN, KASIGAON NEAR YADAV PCO CHAURAHA KANPUR NAGAR-208021 Uttar Pradesh |
| ABHAY BAJPAI | ABHAY BAJPAI | 0 | AP0397459271 | AP0397459271 | 0 | 0 | 236 HAMIRPUR ROAD BABA NAGAR ROOP RANI COLLEGE KANPUR SANIGAWAN ROOP RANI COLLEGE KANPUR NAGAR-208021 Uttar Pradesh |
| KULDEEP KUMAR | KULDEEP KUMAR | 0 | AP0397561871 | AP0397561871 | 0 | 0 | KISHARVAL ROAD, RANIA SACHENDI URF CHACHERI KANPUR NAGAR KISHARVAL ROAD KANPUR NAGAR-209304 Uttar Pradesh |
| JITENDRA KUMAR YADAV | JITENDRA KUMAR YADAV | 0 | AP0397444831 | AP0397444831 | 0 | 0 | PIPARA MUSTKIL AGARAWA TARYA SUJAN TARYA SUJAN KUSHINAGAR-274409 Uttar Pradesh |
| AMAN SONI | AMAN SONI | 0 | AP0397249441 | AP0397249441 | MCX/AP/ 132457 | 0 | 553, MAUTHANA LALITPUR LALITPUR KACHARI LALITPUR-284403 Uttar Pradesh |
| SAHU MANOJ | SAHU MANOJ | 0 | AP0397376271 | AP0397376271 | 0 | 0 | MAHRONI MAHRAUNI MADAWRA ROAD . LALITPUR-284405 Uttar Pradesh |
| SANDHYA GAUR | SANDHYA GAUR | AP010612 01108946 | AP0397246821 | 0 | 0 | 0 | L-4/173 VINAY KHAND 4 GOMTINAGAR GOMTINAGAR LUCKNOW-226010 Uttar Pradesh |
| RAM SHANKAR VERMA | RAM SHANKAR VERMA | 0 | AP039774801 | AP039774801 | MCX/AP/ 133168 | 0 | HOUSE NUMBER -191 MAYUR RESIDENCY EXTENSION INDIRANAGAR CIMAP INDIRANAGAR CIMAP LUCKNOW-226015 Uttar Pradesh |
| VINAY KUMAR SHARMA | VINAY KUMAR SHARMA | 0 | AP0397471581 | AP0397471581 | 0 | 0 | H/107 JANKIPURAM GARDEN LUCKNOW BHAVYA GIRLS HOSTEL LUCKNOW-226021 Uttar Pradesh |
| JALALUDDIN | JALALUDDIN | AP010612 01103112 | AP0397229301 | AP0397229301 | MCX/AP/ 126480 | 0 | III-36-A NIKAT GANDHI VIDDYALAYA L D COLONY ALAMBAGH ALAMBAGH 226005-226005 Uttar Pradesh |
| ANJU VERMA | ANJU VERMA | 0 | AP0397340601 | AP0397340601 | 0 | 0 | E-3/492 NIKAT SANGAM CHAURAHA ALIGANJ SECTOR J ALIGANJ LUCKNOW-226024 Uttar Pradesh |
| DIVA SUPPLIER | JIGYASHA VAID | 0 | AP0397365831 | AP0397365831 | 0 | 0 | CP 2 SEC D1 LDA COLONY, NEAR PARAG DAIRY, ABOVE STATE BANK OF INDIA LUCKNOW-226012 Uttar Pradesh |
| SANA FATIMA NAQVI | SANA FATIMA NAQVI | 0 | AP0397445761 | AP0397445761 | MCX/ AP/154602 | 0 | 450/137 MUFTGANJ NEAR GADIRI CHAURAHA LUCKNOW-226003 Uttar Pradesh |
| ABHISHEK KUMAR | ABHISHEK KUMAR | 0 | AP0397444731 | AP0397444731 | 0 | 0 | A-65, SANJAY GANDHI PURAM NEAR DEEPAK TEA SHOP INDIRA NAGAR NEAR DEEPAK TEA LUCKNOW-226016 Uttar Pradesh |
| D J ENTERPRISES | DHEERAJ GOSWAMI | AP010612 0114207 | AP039780391 | AP039780391 | MCX/AP/ 24111 | 81902 | 697 GAU GHAT 697 GAU GHAT GAU GHAT MATHURA-281001 Uttar Pradesh |
| RAHUL SHARMA | RAHUL SHARMA | 0 | AP0397515941 | AP0397515941 | 0 | 0 | 1300 MOHAN NAGAR COLONY NEAR BIRLA MANDIR JAISINGHPURA JAISINGHPURA BANHAR MATHURA UTTAR PRADESH MATHURA-281003 Uttar Pradesh |
| CHANDRA BHUSHAN UPADHYAY | CHANDRA BHUSHAN UPADHYAY | 0 | AP0397404071 | AP0397404071 | 0 | 0 | RAMCHANDERPUR KACHHAWAN KACHHAWAN MIRZAPUR-231501 Uttar Pradesh |
| ARVIND KUMAR GUPTA | ARVIND KUMAR GUPTA | 0 | AP0397236931 | 0 | MCX/AP/ 128543 | 0 | 55 INAYATGANJ PILIBHIT PILIBHIT KALA MANDIR PILIBHIT-262001 Uttar Pradesh |
| RAKESH KUMAR YADAV | RAKESH KUMAR YADAV | 0 | AP0397272261 | AP0397272261 | MCX/AP/ 137657 | 0 | 216, VILLAGE RAJMATIPUR PURE RAJAU RAJMATIPUR PURE RAJAU, SANGIPUR PRATAPGARH, SANGIPUR PANCHAYAT BHAWAN RAJMATIPUR PRATAPGARH-230139 Uttar Pradesh |
| ROHIT KUMAR | ROHIT KUMAR | 0 | AP0397515361 | AP0397515361 | 0 | 0 | RAIPUR SAHIB NAGAR SAHANAGAR, MISHRIK SITAPUR NEAR DADICH KUND SITAPUR-261401 Uttar Pradesh |
| ARYAN KUMAR | ARYAN KUMAR | 0 | AP0397369531 | AP0397369531 | 0 | 0 | 1/299 NEW BASTI BAGHELI TOLA RAMNAGAR, VARANASI, BHITTI BAGHELI TOLA VARANASI-221008 Uttar Pradesh |
| RAJVEER MAURYA | RAJVEER MAURYA | 0 | AP0397550731 | AP0397550731 | 0 | 0 | SA 6/8 S-9-M SATSANG COLONY, AKTHA ASAPUR, SARNATH NEAR SARNATH VARANASI-221007 Uttar Pradesh |

This is to inform/confirm that we have discontinued our Business Relations with the above mentioned Authorized Persons. Clients and General Public are warned against Dealing in with them in his/their capacity as our Authorized Persons and we hereby confirm that we will not be liable in any manner for any consequence of such dealings/deals.
Clients are requested to contact our centralized desk 022-3355 1111/4218/5454 or email us to support@angelbroking.com.

Date : 22.03.2023
Place : Uttar Pradesh

For ANGEL ONE LTD
Sd/-
Authorised Signatory

# सपा ने सहकारी ग्राम विकास बैंकों को बना रखा था लूट का अड्डा : ब्रजेश

● कई वर्षों बाद कृषक सदस्यों को 638 लाख का दिया गया लाभांश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि उत्तर प्रदेश की कोऑपरेटिव व सहकारी ग्राम विकास बैंकों को समाजवादी पार्टी की सरकार ने लूटा का अड्डा बना रखा था। इसी कारण पूर्ववर्ती सरकारों में कई बैंके बंद तक हो गई। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार आई है इन बैंकों में निरन्तर प्रगति हुई है जो सहकारी ग्राम विकास बैंक घाटे में जा रहीं थी आज वह दस गुने फायदे में आ गई हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने यह बात मंगलवार को इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में आयोजित यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. की 43वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में कही। कार्यक्रम का शुभारम्भ उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाटक तथा सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम विकास बैंक लि. की स्मारिका का विमोचन भी किया गया तथा बैंक के नये लोगों एवं टैगलाइन का अनावरण किया गया।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस अवसर पर बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी से कार्य करने का नतीजा है कि घाटे में चल रही बैंकों को लाभ की स्थिति में लाने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि एक समय एलडीबी की स्थिति डूबते हुए जहाज जैसी थी, लेकिन जब से सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने विभाग की कमान संभाली है, तब से इसका कायाकल्प होना शुरु हो गया है। आज कोऑपरेटिव बैंक तथा सहकारी ग्राम विकास बैंक लि0 प्रगति पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि अब सहकारिता आंदोलन की गति तेज हुई है और आने वाले समय में यह अपने उद्देश्यों को पूर्ण करते हुए आगे की ओर बढ़ेगा।

## तिलक हाल में आज होगा राजा महाराजाओं का जमावड़ा

लखनऊ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश में हेरिटेज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में स्थित सभी किलों, महलों के राजा एवं उनके प्रतिनिधियों को बुधवार 22 मार्च को दोपहर 12 बजे विधानभवन स्थित तिलक हाल में आमंत्रित किया गया है। इस बैठक में पुराने किलों को पीपीपी मॉडल पर जीर्णोद्धार कर पर्यटन के लिए उपयोगी बनाने के लिए विचार-विमर्श किया जायेगा। प्रदेश में बड़ी संख्या में किले, महल एवं गढ़ी मौजूद हैं। अकेले बुन्देलखण्ड में 31 किले अस्तित्व में हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की ओर से किया जा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के लिए 'फारेस्ट एंड हेल्थ' थीम निर्धारित

● वर्ष 2023 में भी 35 करोड़ पौधरोपण की तैयारीः वन मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

वन पर्यावरण मंत्री डॉ. अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 2012 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा 21 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय वन दिवस घोषित किया गया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अन्तरराष्ट्रीय वन दिवस के 'फारेस्ट एण्ड हेल्थ' थीम निर्धारित की गई है। इसके तहत वनों एवं मानव स्वास्थ्य के बीच सम्बन्ध का प्रचार-प्रसार किया जाना है। मंत्री अरुण कुमार सक्सेना एवं राज्यमंत्री केपी मलिक ने यह बात मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में वर्ष 2023 में भी 35 करोड़ पौधरोपण की तैयारी की जा रही है। पौधारोपण अभियान के तहत औषधीय पौध के रोपण को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसके तहत त्रिफला हर्र, बहेड़ा एवं आंवला वन एवं चरक वन व्यापक रूप से लगाये जायेंगें। स्कूली बच्चों को इस कार्यक्रम से जोड़ते हुए फलदार पौधों के रोपण के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

# इस वर्ष कोल्ड स्टोरेज में भंडारण प्रभार में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी न की जाए : उद्यान मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उद्यान कृषि विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा अधिक भण्डारण प्रभार लिए जाने की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिये कि कोल्ड स्टोरेज का भण्डारण प्रभार शासनादेश में दी गयी व्यवस्था के अनुसार ही निर्धारित कराया जाय।



उन्होंने निर्देश दिए कि कोल्ड स्टोरेज मालिक इस वर्ष कोल्ड स्टोरेज में भण्डारण प्रभार में किसी प्रकार की बढ़ोत्तरी न करें। उद्यान मंत्री ने प्रदेश में अच्छा आलू उत्पादन के उपरान्त शीतगृहों में आलू के भण्डारण में आ रही कठिनाईयों तथा कतिपय जनपदों में कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा अधिक आलू भण्डारण प्रभार लिए जाने की शिकायतों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज एसोसिएसन के अध्यक्ष श्री अरविन्द अग्रवाल के साथ बिन्दुओं पर चर्चा की।

उत्तर प्रदेश कोल्ड स्टोरेज एसोसिएसन के पदाधिकारियों द्वारा गतवर्ष की दरों को यथावत रखने एवं कोई बढ़ोत्तरी न करने पर सहमति व्यक्त की गई है। प्रदेश सरकार आलू उत्पादकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में आगे भी सतत प्रयास जारी रखे जायेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में उपभोक्ताओं के लिए पोषणीय आवश्यकता, रोजगार सृजन एवं आर्थिक दृष्टि से नकदी फसल के रूप में आलू का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में उत्तर प्रदेश का आलू उत्पादन में प्रथम स्थान है। देश के कुल उत्पादन का लगभग 35 प्रतिशत आलू का उत्पादन उत्तर प्रदेश में उत्पादित होता है। वर्ष 2022-23 में लगभग 6.94 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आलू के आच्छादन के सापेक्ष लगभग 242.93 लाख मी. टन उत्पादन सम्भावित है।

वर्तमान में आलू भण्डारण के लिए 1985 शीतगृह संचालित है, जिनकी भण्डारण क्षमता 165.82 लाख मी. टन है। अभी तक मात्र 134.55 लाख मी.टन आलू भण्डारित हुआ है एवं 31.27 लाख मी.टन (18.86 प्रतिशत) की क्षमता भण्डारण हेतु अवशेष है।

किसानों का आलू सही तरह के भण्डारित हो, इसके लिए सभी जनपद स्तर के अधिकारियों की मण्डलवार ड्यूटी लगाई गयी तथा स्वयं उद्यान मंत्री द्वारा भी कई जनपदों का भ्रमण किया गया इसके उपरान्त ही एशोसिएसन के साथ बैठक कर निर्देश दिए गए।

## गन्ना विभाग ने की उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों के नामों की घोषणा

लखनऊ। गन्ना विकास विभाग द्वारा प्रदेश में उत्कृष्ट कार्य योजना में विजेता 4 प्रगतिशील गन्ना किसानों, 4 सहकारी गन्ना विकास समितियों, 13 चीनी मिलों, 12 महिला स्वयं सहायता समूह एवं 4 युवा गन्ना किसानों के नामों की घोषणा की गयी है।

गन्ना आयुक्त ने यह भी बताया कि इस योजना के 5 संवर्गों के पुरस्कारों का वितरण आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में दिया जायेगा। आयुक्त गन्ना एवं चीनी संजय आरण् भूसरेड्डी ने बताया कि इस योजनान्तर्गत कृषक संवर्ग में गन्ना कृषकों के मध्य गन्ना उत्पादकता एवं पूर्व निर्धारित अन्य मानकों के आधार पर जगदीश प्रसाद पुत्र रामचन्द्र शर्मा, बरेली को प्रथम पुरस्कार विजेता घोषित किया गया है।

# टीबी मुक्त समाज की परिकल्पना हर वर्ग के सहयोग से ही संभव

● विश्व क्षय रोग दिवस की थीम 'हां! हम टीबी खत्म कर सकते हैं' तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

देश को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के मद्देनजर इस साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस की थीम हां! हम टीबी खत्म कर सकते हैं! तय की गयी है। जिला क्षय रोग अधिकारी डा आरवी सिंह का कहना है टीबी मुक्त समाज की परिकल्पना समाज के हर वर्ग के सहयोग से ही संभव हो सकती है।

डा सिंह ने बताया कि विश्व क्षय रोग दिवस पर जनपद में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। व्यापक प्रचार प्रसार के द्वारा जनसामान्य को टीबी के लक्षणों की पहचान, स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच और इलाज की सुविधा के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को जिला मुख्यालय एवं अन्य टीबी यूनिट के माध्यम से स्कूल,कॉलेजों, मदरसा छात्रों, एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों का संवेदीकरण, जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में गोष्ठी, रैली आदि तथा 25 मार्च को टीबी इकाइयों, डेजिग्नेटेड माइक्रोस्कोपिक सेंटर और गांवों में सामुदायिक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की अध्यक्षता में मैजिक शो, नुक्कड़ नाटक व अन्य जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जायेंगे।

## विश्व क्षय रोग दिवस पर केजीएमयू में हुआ कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



दुनिया भर में टीबी से कुल 15 लाख लोगों की मृत्यु वर्ष 2020 में हुई है। टीबी की बीमारी दुनिया भर में लोगों की मृत्यु का 13वां प्रमुख कारक है और कोविड के बाद दूसरे नम्बर का संक्रामक कारक है। भारत देश टीबी के प्रसार में सबसे अग्रणी देश है। एक अनुमान के मुताबिक भारत में पूरे विश्व के लगभग एक चौथाई टीबी के सक्रिय रोगी हैं।

साथ ही पूरे विश्व में टीबी से होने वाली कुल मृत्यु का 29 प्रतिशत हिस्सा भारत में होता है। यह जानकारी मंगलवार को केजीएमयू में पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर डिपार्टमेंट के विभाग प्रमुख प्रो. वेदप्रकाश ने दी है।

टीबी अपडेट कार्यक्रम के दौरान प्रो. वेदप्रकाश ने बताया कि वर्ष 2015 से 2020 तक टीबी के मामलों में 2 प्रतिशत प्रति वर्ष के हिसाब से 11 प्रतिशत मामलों में कमी आयी है। जोकि टीबी को समाप्त करने के लक्ष्य ( अर्थात् 20 प्रतिशत) का आधा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम हां ! हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, रखी गयी है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक टीबी के प्रसार को 80 प्रतिशत एवं टीबी से होने वाली मृत्यु को 90 प्रतिशत कम किया जा सके। इसके लिए विश्व की सभी सरकारों को चाहिए कि उच्च स्तरीय प्रतिबद्धता एवं वित्त पोषण के साथ ऐसी रणनीति अपनाए, जिससे के इसके प्रसार को रोका जा सके।

# नवयुग व स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट के मध्य हुआ एमओयू

लखनऊ। नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय एवं आईआईटी बॉम्बे द्वारा संचालित स्पोकन ट्यूटोरियल प्रोजेक्ट की प्रशिक्षण संचालिका प्रबंधक, उत्तर प्रदेश एवं बिहार डिवीजन की रेनू सिंह के मध्य एमओयू हस्ताक्षरित हुआ। जिसमें मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की आईएटी स्किल मिशन का क्रियान्वन होगा।



इस मौके पर विज्ञान एवं कला संकाय की प्रोफेसर अर्चना सिन्हा एवं डॉ. आभा दुबे उपस्थित रहीं। नवयुग कन्या महाविद्यालय की प्रो. अर्चना सिन्हा को स्पोकन टुटोरिअल आईआईटी बॉम्बे की ओर से मास्टर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। प्रो. अर्चना सिन्हा पिछले 5 साल से महाविद्यालय में ट्रेनिंग करा रहीं हैं। इसमें छात्रों को स्पोकन टुटोरिअल द्वारा विभिन प्रकार के फ्री ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर की ट्रेनिंग मुहैया कराई जाती है। इसमें दो तरह के सर्टिफिकेट दिए जातें हैं। इसमें एक पार्टिसिपेशन सार्टिफिकेट और दूसरा कंपलीशन सार्टिफिकेट होता है। पिछले 7 साल में नवयुग कन्या महाविद्यालय 2472 से ज्यादा सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुका है। यह मास्टर अवॉर्ड आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर और स्पोकल ट्यूटोरियल के प्रोजेक्ट इंचार्ज की ओर से दिया गया।

# अनियमितता व लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगीः जितिन प्रसाद

● लोनिवि मंत्री ने की राजकीय निर्माण निगम के कार्यों की समीक्षा



लखनऊ। लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम मुख्यालय स्थित सभागार में प्रमुख सचिव लोक निर्माण अजय चौहान एवं एमडी यूपीआरएनएन योगेश पवार तथा निगम के अन्य अधिकारियों के साथ निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक की। लोक निर्माण मंत्री ने समीक्षा बैठक में धीमी प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि निगम द्वारा कराए जा रहे कार्यों में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराया जाए। किसी प्रकार की अनियमितता एवं लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, अनियमितता पाए जाने पर संबंधित की जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही भी की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने निर्देश दिया कि निगम के पुनरोद्धार के लिए विस्तृत रोड मैप तैयार करते हुए आवश्यक कार्यवाही की जाये ताकि निगम अपनी पुरानी ख्याति पुनः प्राप्त कर सके। निर्माणाधीन जिन कार्यों की प्रगति 75 प्रतिशत से ज्यादा है, उन्हें शीघ्र पूर्ण कर जनोपयोगी बनाया जाये। निगम के जो कार्य विगत कई वर्षों से वित्तीय अनियमितता के कारण अधूरे पड़े हैं उन पर शीघ्र दोषियों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए धन वसूली की जाए व आवश्यकतानुसार प्रकरण जांच हेतु एसआईटी को सन्दर्भित किया जाये।

## क्विक न्यूज

### एकलव्य क्रीड़ा कोष में 30 खिलाड़ियों को 17.50 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

लखनऊ। एकलव्य क्रीड़ा कोष की द्वितीय बैठक में प्राप्त प्रस्तावों पर विचारोपरांत 30 खिलाड़ियों को 17.50 लाख रुपये आर्थिक सहायता दिये जाने पर स्वीकृति प्रदान की गई। खिलाड़ियों के लिए मोबाइल एप पर प्रार्थना पत्र प्राप्त करने तथा खेल सुविधाओं, खिलाड़ियों व कोच आदि को जीआईएस प्लेटफार्म पर लाने के लिए एक समय एप को युवा साथी पर विकसित किये जाने पर भी निर्णय लिया गया। साथ ही एकलव्य क्रीड़ा कोष की बैठक प्रत्येक माह के द्वितीय सोमवार को नियमित रूप से आयोजित कराने के निर्देश दिये गये। अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण डा. नवनीत सहगल की अध्यक्षता में खेल निदेशालय में सम्पन्न बैठक में यह निर्णय लिए गए। बैठक में विजय कुमार यादव को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षण के लिए दो लाख रुपये, मोहित तेवतिया को शारीरिक संवर्द्धन एवं डाइटमनी के लिए एक लाख रुपए एवं रूशील खोसला को शारीरिक संवर्द्धन, गौतम सिंह को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रशिक्षण, इच्छा पटेल को आर्थिक सहायता, कु. शक्ति मिश्रा को उच्च प्रतियोगिताओं की तैयारी, सावन चौधरी को आर्थिक सहायता, शारदानंद तिवारी को शारीरिक संवर्द्धन, शिवांगी सिंह को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी तथा चौधरी पुष्पेन्द्र को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए 75-75 हजार रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। इनके अलावा अपूर्व वशिष्ट को खेल उपकरण, मो. अर्श को शारीरिक संवर्द्धन एवं डाइटमनी, आयुष पाण्डेय को खेल उपकरण की खरीद, विशु बालियान को शारीरिक संवर्द्धन, कु. दिव्यांशी गौतम को अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी, शौर्य को आर्थिक सहायता, खुशी कश्यप को आर्थिक सहायता तथा विक्रांत सिंह को खेल सामग्री के लिए 50-50 हजार रुपये की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही मो. तौहीद, रवि रावत, राजीव कुमार, रामपूजन पटेल, बलराम यादव तथा मृत्युंजय सिंह को आर्थिक सहायता तथा शारीरिक संवर्द्धन के लिए 25-25 हजार की धनराशि स्वीकृत की गई है।

### व्यापारियों के साथ स्थानीय समस्याओं पर विमर्श किया गया

लखनऊ। गोलमार्केट महानगर व्यापार मंडल, नगर निगम, महानगर पुलिस के साथ सम्मिलित रूप से स्थानीय व्यापारियों, महानगर निवासियों की उपस्थित में स्थानीय समस्याओं को लेकर चन्द्रशेखर आजाद पार्क में विस्तृत विमर्श किया गया। मुख्य रूप से विगत गोष्ठी में उभय पक्ष द्वारा हस्ताक्षरित साप्ताहिक बुधवार बाजार के नवश्रे का अनुपालन करते हुए लाइसेंसी नम्बर से ही चिन्हित दुकाने लगेंगी। चन्द्रशेखर आजाद पार्क में हाई मास्क प्रकाश, रखरखाव व प्रतिमा पर स्थायी प्रकाश बिन्दु द्वय लगवाने के लिए जेपी सिंह सचिव महानगर जनकल्याण समिति लखनऊ ने मांग की जिसे तत्काल अवधी बिष्ट क्षेत्राधिकारी तृतीय ने सहमति प्रदान कर दी। विनय शुक्ल महामंत्री गोलमार्केट व्यापार



संगठन ने चौराहे पर लगे अस्थाई डिवाइडर व बादशाह नगर स्टेशन चौराहे से अस्थाई बंद मार्ग को खोलने का आग्रह किया क्योंकि दोनों बिन्दुओं पर स्वचलित यातायात मार्ग प्रकाश बिन्दु कार्यरत हो चुके हैं। जेपी सिंह ने नवनियुक्त थानाध्यक्ष महानगर प्रशान्त कुमार मिश्रा का समस्त उपस्थित संगठन पदाधिकारियों की तरफ़ से स्वागत करते हुए सहयोग का आदान प्रदान करने की अपेक्षा की।

### मोटा अनाज खाने के लिए किया प्रोत्साहित

लखनऊ। विश्व पुतुल दिवस के उपलक्ष्य पर राजाजीपुरम स्थित लवली शर्मा फाउंडेशन ने इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी के तत्वावधान और राष्ट्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद के उपक्रम में पांच दिवसीय पुतुल कार्यशाला का आयोजन किया। जिनमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। कार्यशाला की थीम द सुपरफूड : श्री अन्न थी। यह थीम वर्ष 2023 के इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स घोषित होने पर जनता में मोटे अनाज के फायदों के बारे में जागरूकता फैलाने के मकसद से रखी गई। संस्था प्रमुख लोक राज शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को मैदा छोड़ मोटा अनाज खाने के लिए प्रोत्साहित किया। इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसायटी के डॉ. वीपी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित कर बच्चों को प्रमाण पत्र दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट्रल फूड टेक्नोलॉजिकल रिसर्च इंस्टिट्यूट के पीएचडीस्ट डॉ. पीपी गोधवाल थी थे। प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पूजा विरमानी ने कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को विज्ञान स्क्रिप्ट लेखन की जानकारी दी और समापन समारोह में पुतुल नाटिका द हेल्थ बुलेटिन और डॉ. रामभरोसे और गप्पू का पेट दर्द का मंचन भी हुआ।

### प्रो. एके सिंह बने बाल चिकित्सालय नोएडा के निदेशक

लखनऊ। शासन स्तर पर अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. एके. सिंह को नोएडा स्थित बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान का नया निदेशक नियुक्त किया गया है। प्रो. सिंह कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु पूरी होने तक निदेशक बने रहेंगे।

## दारोगा की मौजूदगी में चौकीदार को लाठी से पीटा

मोहनलालगंज। गौरा में दारोगा के साथ विवादित स्थल का मुआयना करने पहुंचे चौकीदार की लाठी से पिटाई कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले। चौकीदार की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

मोहनलालगंज के गौरा निवासी रामसागर चौकीदार हैं। रामसागर गांव में ही विवादित स्थल का मुआयना करने गया था। तभी गांव के ही सूरज सोनी मायावती और रामा की पत्नी ने लाठी से वार कर रामसागर को जख्मी कर दिया। पीड़ित चौकीदार की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी है।

# स्कूल में ही रखी जाती है अच्छे समाज की आधारशिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि अच्छे समाज की आधारशिला स्कूल में ही रखी जाती है, जहां भावी पीढ़ी को चारित्रिक व नैतिक गुणों के विकास के साथ ही अपनी क्षमता व प्रतिभा के विस्तार का भरपूर अवसर उपलब्ध होता है।

पाठक मंगलवार को सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' को संबोधित कर रहे थे। इस पहले बतौर मुख्य अतिथि उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारम्भ किया। अपने संबोधन में उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जीवन



के लिए बड़े लक्ष्य बनाएं एवं उसी के अनुसार अपनी सोच को भी विस्तृत व विश्वव्यापी बनाएं। मुख्य अतिथि पाठक का स्वागत करते हुए सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गांधी ने कहा कि एक सामाजिक संस्था के रूप में स्कूल का उत्तरदायित्व सबसे अधिक महत्वपूर्ण एवं व्यापक है। यह समाज को मार्गदर्शन देने वाली ईश्वरीय प्रकाश से प्रकाशित सामाजिक संस्था है। डा. गांधी ने कहा कि बालक के चरित्र निर्माण तथा बौद्धिक क्षमताओं के विकास की दोहरी जिम्मेदारी पूरे समाज की है जिसमें स्कूल, अभिभावक व समाज तीनों शामिल हैं। इस अवसर पर सीएमएस संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गांधी एवं प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गांधी किंगडन ने भी छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए उनको खूब हौसलाअफजाई की। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

# मनाया गया वर्ल्ड डाउन सिंड्रोम दिवस

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ




संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के मेडिकल जेनेटिक्स विभाग द्वारा मंगलवार को विश्व डाउन सिंड्रोम दिवस मनाया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों और वयस्कों ने अपने माता.पिता के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर डॉ आर के धीमन ने डाउन सिंड्रोम वाले बच्चों द्वारा दिखाई गई प्रतिभा से प्रभावित होकर बच्चों के साथ प्यार और देखभाल के साथ व्यवहार करने का संदेश दिया।

एसजीपीजीआई में आनुवंशिकी विभाग की प्रमुख डॉ शुभा आर फड़के ने डाउन सिंड्रोम वाले व्यक्तियों को समानता और गरिमा प्रदान करने के महत्व के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि क्रोमोसोम नंबर 21 की 3 प्रतियां होने के कारण डाउन सिंड्रोम होता है और यही कारण है कि यह दिन वर्ष के तीसरे महीने के 21 वें दिन मनाया जाता है। डाउन सिंड्रोम से पीड़ित बच्चों ने रैंप वॉक और लोकप्रिय गीतों की थाप पर नृत्य करके अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया था।

# बरसे ओले, बर्बाद हुई गेहूं व सरसों की फसल

संवाददाता। मोहनलालगंज



तेज हवाओं के साथ मंगलवार को मोहनलालगंज में जमकर ओले बरसे। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी। खेतों में गेहूं की फसल गिरकर बर्बाद हो गई। उधर बारिश से भीगी सरसों की फसल ओले की मार से चौपट हो रही है। यही नहीं सब्जियों की फसल के लिए भी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि कहर बरपा रही है। मोहनलालगंज की पंचायतों में इस बार किसानों ने सरसों की बुवाई का क्षेत्रफल बढ़ाया था। तेल की कीमतों में बढ़ोत्तरी से परेशान किसानों को इस बार सरसों के अच्छे उत्पादन से राहत मिलने का भरोसा था। लेकिन तेज हवाओं के साथ मंगलवार को हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। खेतों में चौपट हो रही सरसों की फसल किसानों की आंखों में आंसू ला रही है। इसी तरह हवाओं के थपेड़ों और ओले बरसने से गेहूं की फसल को भी काफी नुकसान पहुंचा है। मोहनलालगंज और सिसेण्डी कस्बे के आसपास के कई गांव में गेहूं की फसल खेतों में गिरकर बर्बाद हो गई। खेतों में फसल की दुर्दशा देखकर कुदरत के कहर से परेशान अन्नदाता की बेचैनी बढ़ गई है। लिहाजा बेबस किसान जिला प्रशासन से नुकसान की भरपाई की आस लगाए हुए हैं। उधर सब्जी की खेती कर रहे किसानों को भी बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से तगड़ा झटका लगा है। सब्जी उत्पादन से बेहतर आमदनी की उम्मीद लगाए बैठे किसानों को अब जमा पूंजी निकालने की चिन्ता सताने लगी है।


क्या कहते हैं अधिकारी - एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य ने बताया बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान का आंकलन करने के लिए सभी लेखपालों को निर्देश दिए गए हैं। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी। एसडीएम ने किसानों से क्षेत्रीय लेखपाल और बीमा कंपनी को सूचना देकर फसल नुकसान का शीघ्र से शीघ्र सर्वे कराने में सहयोग करने की अपील की।

# काल ही है नियंता व निर्णायकः दीक्षित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने कहा कि काल पर जो चिंतन व गणना भारतीय परंपरा में हुआ है, वह अन्य परंपराओं में नहीं हुआ है। ऋग्वेद में काल के बारे में थोड़ा किंतु अथर्ववेद में व्यापक चिंतन किया गया है। काल के कारण ऋतुएं, काल के काल व्रत-त्यौहार होते हैं। काल के कारण पेड़ों में फल आते हैं, काल के कारण ही सब कुछ होता है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष मंगलवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के चाणक्य सभागार में भारतीय काल गणना की वैज्ञानिकता के संदर्भ में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

अपने संबोधन में दीक्षित ने कहा



कि ज्योतिष में ग्रहों की गणना यूं ही नहीं की गई बल्कि इसका मूल आधार वेदों में मिलता है। ज्योतिष में विज्ञान है, धर्म है, दर्शन है, ज्ञान है, पर्यावरण आदि बहुत कुछ है। काल ही नियंता व निर्णायक है, काल के रथ पर ज्ञानी ही बैठ सकते है। रामचरितमानस में भारत के नायक श्रीराम ने नियतिवाद व कर्मवाद दोनों को महत्ता दी है। उन्होंने गीता के एक श्लोक का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान कोष में प्रश्नों की महत्ता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि भारत एक उत्सव धर्मी देश है भारत की उत्सव धर्मिता काल के अनादि प्रवाह में सतत गतिमान है। संगोष्ठी का उद्घाटन दीप प्रज्वलन व मंगलाचरण संगम वाजपेयी तथा निखिल शुक्ल ने किया तत्पश्चात् कार्यक्रम में आये हुए अतिथियों का स्वागत कार्यक्रम के संयोजक डॉ अभिमन्यु सिंह एवं डॉ सत्यकेतु ने गीता ग्रंथ व भारतीय कैलेंडर प्रदान करके किया।

# मेगा सफाई अभियान में 5000 से भी ज्यादा कार्यकर्ता उतरे सड़कों पर

- मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों एवं भाजपाजनों ने चौराहों, मंदिरों, घाटों पर लगाई झाड़ू, लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के काशी आगमन के पूर्व भाजपा ने की तीन दिवसीय स्वच्छता अभियान की शुरुआत
- महानगर के 100 वार्डो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा ने चलाया महा स्वच्छता अभियान





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी** के लोकप्रिय सांसद भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी आगमन के पुर्व पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट स्वच्छता के तीन दिवसीय अभियान का आज शुभारंभ हुआ जिसके तहत महानगर व जिले के सभी वार्डो,ब्लाकों एवं नगर पंचायतों में ष्स्वच्छ भारत.स्वस्थ भारतष् के नारे के साथ एक साथ स्वच्छता अभियान का आगाज हुआ। इस बृहद स्वच्छता अभियान में माननीयों ने भी झाड़ू लगाई, इस क्रम में किसी ने घाट पर,किसी ने महापुरुषों के प्रतिमा स्थल पर,तो किसी ने सड़क पर और किसी ने सार्वजनिक पार्कों में झाड़ू लगाकर स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत का संदेश दिया।

इस क्रम में काशी क्षेत्र के अध्यक्ष महेश चंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ ही महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया उन्होंने कहा कि महात्मा गाँधी के स्वच्छ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बनाया जो आज जनआंदोलन का रूप धारण कर चुका है। उन्होंने कहा कि मोदीजी के स्वच्छ भारत अभियान से प्रभावित होकर देश की जनता विशेषकर युवाओं ने इसे हाथों हाँथ लिया और बढ़चढ़कर इस अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराई। इस क्रम में आज हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने महानगर के 100 वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का काम कर रहें है। इसी जागरूकता अभियान की देन है कि आज एक छोटा बच्चा भी लोगों को गंदगी करने से रोकता है। इसी क्रम में वाराणसी महानगर के बागेश्वरी मंडल में स्थित सरदार पटेल प्रतिमा के आसपास 'राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार रविंद्र जायसवाल' ने स्वच्छता अभियान चलाया एवं सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मीडिया से बातचीत के दौरान मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वच्छता के प्रतीक हैं। देश में स्वच्छता की अलख जगाकर उन्होंने इसके महत्ता को समझाया और स्वच्छ भारत स्वस्थ्य भारत को एक मिशन बनाया। आज देश का संभ्रांत नागरिक हो या जनसामान्य सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस मिशन में अपनी भागीदारी निभाते हुए संकोच से परे झाड़ू उठाकर स्वच्छ भारत के लिए अपना योगदान दिया। हम भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सभी वार्डो में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जो अनवरत रूप से आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर महानगर महामंत्री नवीन कपूर,मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ शर्मा,पार्षद सुशील कुमार गुप्ता,नंदलाल जायसवाल, नरसिंह प्रसाद,विश्वनाथ गुप्ता, संजीव जायसवाल,सुभाष वर्मा, दिनेश कालरा,संजय गुप्ता,अजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# जेमिनी टाउन की बाउण्ड्रीवाल के अन्दर तालाब, चक रोड व नाला हुआ गायब

**संवाददाता।** रायबरेली

**राष्ट्रीय** राज मार्ग रायबरेली लालगंज के मधुकरपुर में जेमिनी टाउन के नाम से शहर बसाने की मंशा से जमीन के ठेकेदारों ने सरकारी तालाब, ग्राम समाज एवं पट्टे की जमीनों को भी नहीं बक्शा चकरोड और नाले जेमिनी टाउन की बाउण्ड्रीवाल के अन्दर दफ्न हो गये। जेमिनी टाउन के नाम से बनायी गयी लगभग 50-60 बीघे भूमि की बाउण्ड्रीवाल बनाकर प्रापर्टी को व्यवसाययिक रूप देने के लिए ग्राम समाज के लगभग आधा दर्जन तालाब एक बीघे ग्राम समाज के साथ ही ग्राम सभा द्वारा किसानों को आने-जाने के लिए दिये गये चकरोड तक को नहीं छोड़ा गया है।

मधुकरपुर गॉव में जेमिनी टाउन द्वारा तालाब, चकरोड, नाला को प्रापर्टी में मिला लेने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी डलमऊ द्वारा टीम गठित कर आज मंगलवार को कानूनगो व क्षेत्रीय लेखपाल ने टीम के साथ जेमिनी टाउन की पैमाइश कराई गई है जिसमें 5 तालाब जेमिनी टाउन की बाउण्ड्री वाल के अन्दर पाये गये है। जिनमे लगभग तालाबों का अस्तित्व समाप्त हो चुका है। दोनो नालों का अस्तित्व भी समाप्त हो गया है। चक रोड का पता भी नहीं चल रहा है। सरकारी पट्टे की जमीनों का भी सौदा किया जा रहा है।

प्रापर्टी डीलरो को नहीं रहा योगी सरकार का भय भूमिहीन किसानों को सरकार द्वारा दी गयी जीवन यापन के लिए पट्टे की जमीनों को भी बिना परमीशन के क्रय कर उस पर कब्जा कर व्यसायिक प्लाट बना दिये गये। साथ ही मधुकरपुर ग्राम सभा के



जेमीनी टाउन कैम्पस के अन्दर 5 तालाबों को भी बाउण्ड्री वाल के अन्दर कर आने-जाने का रास्ता बन्द कर गेट लगा दिया गया है। 5 तालाबों में से लगभग तालाबों को बराबर कर उनको भी व्यवसायिक प्लाट की शक्ल दे दी गयी है। जेमिनी टाउन में गाटा संख्या 301, का आवंटन गॉव के ही शिवकुमार पुत्र रामचन्द्र, गोड़िया को मत्स्य पालन के लिए दिया गया था। लेकिन तालाब िके प्रापर्टी डीलरों ने जेमिनी टाउन के अंदर कर लिया। जिसके चजलते तालाब की पूर्व स्थिति को परिवर्तित कर तालाब का बड़ा हिस्सा व्यवसायिक प्रापर्टी के उपयोग में कर लिया गया है। जिसकी शिकायत शिव कुमार द्वारा तहसील दिवस में कई बार दी जा चुकी है कि आवंटित तालाब का रकवा मौके पर कम है जिसको पूर्व की शक्ल में स्थापित कर मत्स्य पालन हेतु मुझे दिया जाये जिससे मै सरकार लगान जमा कर तालाब से अपनी आमदनी बढ़ा का परिवार की जीविका चला सकूं।

जेमिनी टाउन में प्राप्त जानकारी के अनुसार दो चक रोड जिनका उपयोग किसानों के आवागमन के लिए था उसका प्रापर्टी डीलरों ने व्यवसायिक सिटी के अन्दर कर दिया दफ्न।

# विद्युत चोरी में 19 पर एफआईआर, बकाया पर दर्जनों की कटी केबिल

**गाजीपुर।** विद्युत वितरण खंड द्युतीय आमघाट के अंतर्गत शहर क्षेत्र के मोहल्ला झींगुर पट्टी,तुलसिया का पुल,मिश्रवालिया, चंदनवाहा,खजुरिया,मोहम्मदपुर चट्टी में अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह एवम सहायक अभियंता सुधीर कुमार के नेतृत्व में बिजिलेंस टीम के साथ सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमे कुल 66 घरों को चेक किया गया वही 19 लोग अवैध तरीके से विद्युत उपभोग करते हुए मौके पर पकड़े गए जिनमें सभी लोगो के खिलाफ विजिलेंस थाना रौजा पर विद्युत चोरी में प्राथमिकी दर्ज करा दी गई है। वही 10 हजार से उपर के 21 बकायेदारों का लाइट केबल पोल से खोल दिया गया है,तथा 26 लोगो से बकाया बिल 7 लाख 56 हजार वसूल कर जमा कराया गया। अधिशाषी अभियंता सुजीत सिंह ने बताया कि जिनकी भी बकाए पर केबिल पोल से खोली गई है।

Piramal
Capital & Housing Finance

पंजीकृत कार्यालय पता : यूनिट नंबर 601, छठा तल, पीरामल अमिति बिल्डिंग, पीरामल अगस्त्य कार्पोरेट पार्क, कमानी जंक्शन, फायर स्टेशन के सामने, एलबीएस मार्ग, कुर्ला (वेस्ट), मुंबई – 400 070
सीआईएन : एल65910एमएच1984पीएलसी032639, वेबसाइट : www.piramalfinance.com
शाखा पता : धीरज बाग, बिल्डिंग "ए" भू तल एवं प्रथम तल, ऐक्सिस बैंक के बगल में, मोनालिसा बिल्डिंग के सामने, आगरा रोड, हरि निवास सर्किल, नौपाडा, थाने (वेस्ट)–400 602

## मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3(1) के अधीन। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनरनिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अधीन पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (पीसीएचएफएल) [पूर्वतः दीवान हाउसिंग फाइनैंस कारपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) के नाम से ज्ञात] का प्राधिकृत अधिकारी है। प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचनाएं जारी की थीं, जिनमें निम्नलिखित कर्जदार(रों) ("उक्त कर्जदार(रों)") से उनको जारी की गई संबंधित मांग सूचना(ओं) में वर्णित राशियां, जो यहां नीचे भी दी गई हैं, चुकाने की मांग की गई थी। उपरोक्त के संबंध में, एतद्द्वारा, उक्त कर्जदार(रों) को, एक बार पुनः, पीसीएचएफएल को यहां नीचे दी गई राशियों का भुगतान, उक्त कर्जदार(रों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/प्रलेख, यदि कोई, के साथ पठित ऋण अनुबंध के अधीन देय, नीचे वर्णित तिथि(यों) से, भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक, लागू दर पर आगे ब्याज सहित, इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने हेतु सूचना दी जाती है। उक्त कर्जदार(रों) द्वारा ऋण की सम्यक वापसी के लिए प्रतिभूति के रूप में निम्नलिखित आस्तियां पीसीएचएफएल के पास बंधक रखी गई हैं।

| कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) का नाम | मांग सूचना तिथि और राशि एनपीए तिथि सहित | सम्पत्ति पता |
|---|---|---|
| (दिल्ली राजौरी गार्डन शाखा का एलसी नंबर : 26600001075) नईम खान (कर्जदार) राना खान (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 21,00,123/– (रूपए इक्कीस लाख एक सौ तेईस मात्र) एनपीए (08–11–2022) | एडना, प्लॉट नंबर जीएच 4, सेक्टर–अल्फा 01, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश – 201308 |
| (नोएडा सेक्टर–2 शाखा का एलसी नंबर : 20000041652) नईम खान (कर्जदार) राना खान (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 30,22,169/– (रूपए तीस लाख बाईस हजार एक सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर 105 ए, प्रथम तल, एडना, सेक्टर–अल्फा 01, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश–201308 |
| (गाजियाबाद शाखा का एलसी नंबर : 07700001930) सलमान मलिक (कर्जदार) परवेज मलिक (सह–कर्जदार 1) अयूब मलिक (सह–कर्जदार 2) शाजहान मलिक (गारंटर 1) | 25–02–2023/रू. 1,06,91,082/– (रूपए एक करोड़ छह लाख इक्यानवे हजार बयासी मात्र) एनपीए (08–08–2022) | प्लॉट नंबर आई–52, ब्लॉक–आई, सेक्टर–41, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश –201301 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 14600001360) तिरूपति ट्रेडिंग कम्पनी (कर्जदार) निशांत कुमार शर्मा (सह कर्जदार 1) लोकेश कुमार (सह कर्जदार 2) प्रशांत शर्मा (गारंटर 1) बृज किशोर शर्मा (गारंटर 2) नीलम कौशिक (गारंटर 3) | 25–02–2023/ रु. 1,52,47,477/– (रूपए एक करोड़ बावन लाख सैंतालीस हजार चार सौ सतहत्तर मात्र) एनपीए (08–01–2023) | सम्पत्ति सं. 1. खसरा नंबर 90, कस्बा दौराला, तहसील सरघना, जिला मेरठ सम्पत्ति सं. 2. मकान नंबर 95, नगर निगम नंबर 95/1, विजय नगर, मेरठ सम्पत्ति सं. 3. पुराना एच नंबर 50/1, 51/1, 67, 70 नया एच नंबर 79, वार्ड नंबर 19, मोहल्ला कानून गोयान, कसबा खतौली, तहसील जानसठ, जिला मुजफर नगर, विजय नगर, मेरठ |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 19000001070) अमरेश कुमार मिश्रा (कर्जदार) सस्मिता मिश्रा (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 30,44,686/– (रूपए तीस लाख चौवालीस हजार छह सौ छियासी मात्र) एनपीए (08–01–2023) | फ्लैट नंबर एफ–7, प्रथम तल (मिडिल आरएचएस) प्लॉट नंबर सी–10, निकट शिव चौक, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–2, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201010 |
| (नेताजी सुभाष प्लेस शाखा का एलसी नंबर : 25500000999) मणि प्रकाश सिंह (कर्जदार) पप्पू सिंह (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 18,64,100/– (रूपए अठारह लाख चौंसठ हजार एक सौ मात्र) एनपीए (08–01–2023) | फ्लैट नंबर डी–7, तृतीय तल, छत के अधिकार सहित, रियर एलएचएस, प्लॉट नंबर 205, नीतिखंड–1, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201001 |
| (राज नगर शाखा का एलसी नंबर : 19000001685) राजेश (कर्जदार) राजबाला (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 15,56,258/– (रूपए पंद्रह लाख छप्पन हजार दो सौ अठ्ठावन मात्र) एनपीए (08–01–2023) | फ्लैट नंबर एस–3, द्वितीय तल, रियर एलएचएस, प्लॉट नंबर 183, ब्लॉक सी, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन–2, पसोंडा, लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201005 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : 14600001583) धर्मेन्द्र डी (कर्जदार) कविता देवी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 9,76,089/– (रूपए नौ लाख छहत्तर हजार नवासी मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर 167, भू तल फ्लैट खसरा नंबर 362 एवं 363 मिन, किरण सिटी कालोनी, ग्राम मुस्तफाबाद भोपा रोड, मुजफरनगर, उत्तर प्रदेश–251001 |
| (दिल्ली – सफदरजंग शाखा का एलसी नंबर : 19600044437) मोहम्मद इरशाद (कर्जदार) चमन (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 20,61,935/– (रूपए बीस लाख इकसठ हजार नौ सौ पैंतीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | फ्लैट नंबर 5 एवं 6, प्रथम तल, फ्रंट साइड, प्लॉट नंबर 1 एवं 3, ब्लॉक–ए, केएच नंबर 1669, 1670, 1671, ग्राम पसोंडा, जवाहर पार्क लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश–201102 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 23400003160) राजेन्द्र सिंह मेमोरियल सोसायटी (कर्जदार) शकुंतला देवी (सह–कर्जदार 1) हिमांशु यादव (सह कर्जदार 2) आकांक्षा यादव (गारंटर 1) | 25–02–2023/रू. 2,10,11,389/– (रूपए दो करोड़ दस लाख ग्यारह हजार तीन सौ नवासी मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर एनएस–1, सेक्टर–1, सुहाग नगर, फिरोजाबाद, आगरा, उत्तर प्रदेश–283203 |
| (आगरा शाखा का एलसी नंबर : 23400003497) अखिलेश कुमार भारद्वाज (कर्जदार) कल्पना भारद्वाज (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 6,22,762/– (रूपए छह लाख बाईस हजार सात सौ बासठ मात्र) एनपीए (08–01–2023) | खेत खसरा नंबर 1178 के भाग पर प्लॉट, न्यू शिवपुरी, बाहर चुंगी, परगना एवं तहसील खुर्जा, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश–203131 |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर 14600001400 ) तिरूपति ट्रेडिंग कम्पनी (कर्जदार) निशांत कुमार शर्मा (सह कर्जदार 1) लोकेश कुमार (सह कर्जदार 2) प्रशांत शर्मा (गारंटर 1) बृज किशोर शर्मा (गारंटर 2) नीलम कौशिक (गारंटर 3) | 25–02–2023/ रु. 13,06,969/– (रूपए तेरह लाख छह हजार नौ सौ उनहत्तर मात्र) एनपीए (08–01–2023) | एम–मशीन–नाम :– ऐमस्काई ऑसेटर 800 सीटीपी मय एयर कम्प्रेशर एपी–माडल–नंबर :– जी एवं जे जीको 85टी प्लेट प्रोसेसर एवं आरआईपी एवं वर्कलो एपी–इन्वॉयस–नंबर :– डीईएल–आरईटी–232 |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0027969) नरेन्द्र सिंह (कर्जदार) बबीता देवी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 32,23,003/– (रूपए बत्तीस लाख तेईस हजार तीन मात्र) एनपीए (03–09–2022) | प्लॉट नंबर 3 आवासीय कालोनी बलराम नगर लोनी देहात ग्राम अहमद नगर खसरा नंबर 210 386 एवं 387, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, ग्राम अहमदनगर नवादा, परगना गाजियाबाद, लैंडमार्क : बलराम नगर गेट, नगर : गाजियाबाद, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0033315) नरेन्द्र (कर्जदार) विजयवती (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 5,04,033.30/– (रूपए पांच लाख चार हजार तेतीस तथा पैसे तीस मात्र) एनपीए (04–12–2022) | पता : खसरा नंबर 1239 मिन, ग्राम बेहटा हाजीपुर, गाजियाबाद, रति राम कालोनी, परगना लोनी, गाजियाबाद, लैंडमार्क : निकट शिव मंदिर माता वाली गली,, नगर : गाजियाबाद–201102, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : एम0037337) मोहम्मद कुरेशी (कर्जदार) नूरजहां (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 23,38,956/– (रूपए तेईस लाख अड़तीस हजार नौ सौ छप्पन मात्र) एनपीए (03–11–2022) | मकान म्यु. नंबर पुराना 374 एवं नया नंबर 422, मोहल्ला खैरात अली मवाना कलां, लैंडमार्क : नगर : मेरठ, पिनः 250401, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (दिल्ली शाखा का एलसी नंबर : एम0046624) फरमान फरमान (कर्जदार) नसरीन (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 9,39,732.12/– (रूपए नौ लाख उन्तालीस हजार सात सौ बत्तीस तथा पैसे बारह मात्र) एनपीए (03–08–2022) | मकान गाटा नंबर 348, 349, ग्राम सिकंदराबाद देहात लैंडमार्क गोर्कनी गुलावठी रोड, नगर बुलंदशहर–203205, उत्तर प्रदेश, भारत |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : एम0049120) आलोक अग्रवाल (कर्जदार) अलका अग्रवाल (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 17,45,731/– (रूपए सत्रह लाख पैंतालीस हजार सात सौ इकतीस मात्र) एनपीए (04–12–2022) | आवासीय फ्लैट नंबर जीएफ–1, भू तल, एरिया 95 वर्ग गज, सम्पत्ति सं. 73/1 का भाग, पुराना नंबर 214, न्यू प्रभात नगर, मेरठ, लैंडमार्क : निकट जेल चुंगी चिराहा, नगर : मेरठ, पिनः 0001, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : एम0051491) ओम प्रकाश (कर्जदार) संतोष एस (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 7,74,937/– (रूपए सात लाख चौहत्तर हजार नौ सौ सैंतीस मात्र) एनपीए (03–11–2022) | दुकान नंबर 01 मेन बाजार मोहल्ला खजूरी दरवाजा मेरठ, लैंडमार्क : परगना हस्तिनापुर, तहसील मवाना एवं जिला मेरठ, नगर : मेरठ, पिनः 250406, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (अलीगढ़ शाखा का एलसी नंबर : एम0055192) राकेश कुमार (कर्जदार) नीरत देवी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 12,55,803/– (रूपए बारह लाख पचपन हजार आठ सौ तीन मात्र) एनपीए (03–11–2022) | कस्बा खैर नई आबादी मोहल्ला मुसलमान नगर : अलीगढ़, पिनः 202138, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (नोएडा शाखा का एलसी नंबर : एम0081792) विनेश कुमार (कर्जदार) सीमा सीमा (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 19,13,458/– (रूपए उन्नीस लाख तेरह हजार चार सौ अठ्ठावन मात्र) एनपीए (03–09–2022) | खसरा नंबर 30 राधा कृष्ण कालोनी, गौमबुद्ध नगर, ग्राम छपरौला दादरी, गाजियाबाद, लैंडमार्क : श्री राम धर्म कांटा, नगर : गाजियाबाद पिनः 201009, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (मेरठ शाखा का एलसी नंबर : एम0118715) सलीम एस (कर्जदार) अफसाना ए (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 7,55,333/– (रूपए सात लाख पचपन हजार तीन सौ तेतीस मात्र) एनपीए (03–11–2022) | मकान नंबर 6, मिर्दगान सरघना 74 सरघना मेरठ, लैंडमार्क : मस्जिद, नगर : मेरठ, पिनः 250342, राज्य : उत्तर प्रदेश, देश : भारत |
| (झांसी शाखा का एलसी नंबर : 26100000580) अहिल्या देवी (कर्जदार) वीरेन्द्र सिंह (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 6,14,790/– (रूपए छह लाख चौदह हजार सात सौ नब्बे मात्र) एनपीए (08–01–2023) | अराजी नंबर 881/3, पीरिया खोदान मौजा लहर गिर्द, नंदनपुरा मुक्ति धाम एरिया के पीछे, झांसी, उत्तर प्रदेश–284001 |
| (सहारनपुर शाखा का एलसी नंबर : 32000000110) अभिषेक गर्ग (कर्जदार) सुनीता रानी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 18,56,720/– (रूपए अठारह लाख छप्पन हजार सात सौ बीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर 97, खसरा नंबर 539 एम, श्याम नगर कालोनी, निकट हनुमान मंदिर, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–247001 |
| (हरिद्वार शाखा का एलसी नंबर : 28600000502) नागेन्द्र पुत्र बाबू राम (कर्जदार) निशा पत्नी नागेन्द्र (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 13,00,216/– (रूपए तेरह लाख दो सौ सोलह मात्र) एनपीए (08–01–2023) | खसरा नंबर 22, ग्राम मोहम्मदपुर माफी बैरून परगना जिला सहारनपुर, सहारनपुर, उत्तर प्रदेश–247001 |
| (पटियाला शाखा का एलसी नंबर : 17800003531) रामिन्द्र सिंह (कर्जदार) हरप्रीत कौर (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 12,31,049/– (रूपए बारह लाख इकतीस हजार उन्चास मात्र) एनपीए (09–11–2022) | एच.आर एन्क्लेव, सील रोड, ग्राम रूड़की, तहसील एवं जिला पटियाला, पटियाला, पंजाब –147001 फ्लैट नंबर 801, 8वां तल, तुलसियानी स्क्वायर |
| (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर : 29400000034) सारिका सिंह (कर्जदार) विकास कुमार (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 40,05,046/– (रूपए चालीस लाख पांच हजार छियालीस मात्र) एनपीए (10–12–2022) | फेज–2, ब्लॉक सी, सिविल लाइन्स, परगना एवं तहसील सदर, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश–211001 |
| (गोरखपुर शाखा का एलसी नंबर : 25700000408) अमित कुमार अग्रहरि (कर्जदार) सुमित अग्रहरि (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 22,76,368/– (रूपए बाईस लाख छहत्तर हजार तीन सौ अड़सठ मात्र) एनपीए (08–01–2023) | मकान नंबर सी 130/410 अराजी नंबर 105, मौजा शाहपुर उर्फ जिंदापुर, टप्पा कस्बा, परगना हवेली सदर गोरखपुर, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश–273003 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 12000000937) श्री महेश (कर्जदार) माया देवी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 4,58,485/– (रूपए चार लाख अठ्ठावन हजार चार सौ पिच्यासी मात्र) एनपीए (08–01–2023) | अराजी नंबर 346, मौजा धानुहा, परगना अरैल, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश–211001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 06000003287) शंकर लाल (कर्जदार) श्याम लाल (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 11,32,445/– (रूपए ग्यारह लाख बत्तीस हजार चार सौ पैंतालीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट गाटा नंबर 408, ग्राम सागरा, परगना एवं तहसील सदर प्रतापगढ़, प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश–230001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 06000003706) रिजवान अहमद (कर्जदार) रियाज अहमद (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 26,16,324/– (रूपए छब्बीस लाख सोलह हजार तीन सौ चौबीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | एच नंबर 602/916/005, प्लॉट नंबर 131 पर, खसरा नंबर 133 से 136, वार्ड कन्हैया माधवपुर तरी खाना रोड, बेगारिया लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 24000001470) अंकित माहेश्वरी (कर्जदार) चित्रा माहेश्वरी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 11,39,695/– (रूपए ग्यारह लाख उन्तालीस हजार छह सौ पिच्यानवे मात्र) एनपीए (08–11–2022) | फ्लैट नंबर एस–2, द्वितीय तल, एच. नंबर 29/17, बेलदारी मोहाल कानपुर, कानपुर अर्बन, उत्तर प्रदेश–208001 |
| (वाराणसी शाखा का एलसी नंबर : 12000002470) दिनेश कुमार (कर्जदार) स्वाति कुमारी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 3,95,222/– (रूपए तीन लाख पिच्यानवे हजार दो सौ बाईस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर 104 ग, ग्राम चक बहादुरपुर, परगना एवं तहसील रायबरेली, उत्तर प्रदेश–229001 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 06000005840) राजेश प्रसाद गुप्ता (कर्जदार) अमृता गुप्ता (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 14,91,567/– (रूपए चौदह लाख इक्यानवे हजार पांच सौ सड़सठ मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर 11, खसरा नंबर 177 क मिन का भाग, ग्राम बनोर, बी के टी लखनऊ, बी के टी मंदिर लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (लखनऊ – लालबाग शाखा का एलसी नंबर : 19300043357) जीशान मिर्जा (कर्जदार) अफाक मोहम्मद ए (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 27,04,060/– (रूपए सत्ताईस लाख चार हजार साठ मात्र) एनपीए (08–01–2023) | फ्लैट नंबर सी (बैक साइड) प्रथम तल, खसरा नंबर 202 मिंज के भाग प्लॉट नंबर 11 के हिस्से पर निर्मित, खुर्रमनगर शंकरपुरवा, लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (इलाहाबाद शाखा का एलसी नंबर : 29400000853) अमरावती देवी (कर्जदार) विनय कुमार विश्वकर्मा (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 4,63,226/– (रूपए चार लाख तिरेसठ हजार दो सौ छब्बीस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | अराजी नंबर 1346, मौजा कटहुला, शिखर ग्रीन, परगना एवं तहसील सदर, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश–211012 |
| (लखनऊ – लालबाग शाखा का एलसी नंबर : 19300044976) माधवेन्द्र सिंह (कर्जदार) रीता सिंह (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 15,91,222/– (रूपए पंद्रह लाख इक्यानवे हजार दो सौ बाईस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर 2 ब्लॉक बी, खसरा नंबर 494 का भाग, ग्राम करौली, तहसील नवाबगंज, "जन्नत–ए–अवध गंज", बाराबंकी, उत्तर प्रदेश–225001 |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : 24000003917) आशीष कुमार सविता (कर्जदार) मंजू (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 5,91,423/– (रूपए पांच लाख इक्यानवे हजार चार सौ तेईस मात्र) एनपीए (08–01–2023) | अराजी नंबर 329 के भाग पर प्लॉट, अम्बिकापुरम, नेतुवा सिकंदरपुर, उन्नाव, उन्नाव, उत्तर प्रदेश–209861 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 06000009665) राघवेन्द्र प्रताप सिंह (कर्जदार) पुष्पा सिंह (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 32,36,270/– (रूपए बत्तीस लाख छत्तीस हजार दो सौ सत्तर मात्र) एनपीए (08–01–2023) | प्लॉट नंबर 10 एवं 11, खसरा नंबर 78, ग्राम भैसोरा, परगना तहसील एवं जिला लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 06000009194) जीवन लाल (कर्जदार) उमा देवी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 5,54,853/– (रूपए पांच लाख चौवन हजार आठ सौ तिरेपन मात्र) एनपीए (08–01–2023) | खसरा नंबर 167 मिन पर प्लॉट पर निर्मित मकान, हरिहरपुर, परगना तहसील सरोजिनी नगर, जिला लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (लखनऊ शाखा का एलसी नंबर : 06000009256) राम चंदर दुबेदी (कर्जदार) अनीता द्विवेदी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 13,15,585/– (रूपए तेरह लाख पंद्रह हजार पांच सौ पिच्यासी मात्र) एनपीए (09–09–2022) | खसरा नंबर 1009 के भाग पर प्लॉट, ग्राम–सरसावन, परगना तहसील सरोजिनी नगर, जिला लखनऊ, लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226020 |
| (मुरादाबाद शाखा का एलसी नंबर : एम0056270) महफूज अली खान (कर्जदार) हनीफा बेगम (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 6,39,341/– (रूपए छह लाख उन्तालीस हजार तीन सौ इकतालीस मात्र) एनपीए (03–11–2022) | बजरिया खानसामा, नगर–रामपुर, पिन–244901, राज्य–उत्तर प्रदेश, देश–भारत |
| (कानपुर शाखा का एलसी नंबर : एम0102235) छाया देवी (कर्जदार) देवी (सह–कर्जदार 1) | 25–02–2023/रू. 9,97,252/– (रूपए नौ लाख सत्तानवे हजार दो सौ बावन मात्र) एनपीए (03–09–2022) | 177 ए–ब्लॉक, रामपुरम, दिल्ली सुजानपुर, कंडूर एसवीएम स्कूल, कानपुर–208013, उत्तर प्रदेश, भारत |

यदि उक्त कर्जदार पीसीएचएफएल को उपरोक्तानुसार भुगतान करने में विफल रहेंगे, पीसीएचएफएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अधीन उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रारंभ करेगी, जिसकी लागत और परिणामों की जोखिम के लिए उक्त कर्जदार पूर्णरूपेण जिम्मेदार होंगे। उपरोक्त आस्तियों का अंतरण पीसीएचएफएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टा या अन्य प्रकार से करने के संबंध में उक्त कर्जदारों पर अधिनियम के तहत रोक लगी है। कोई भी व्यक्ति, जो उक्त अधिनियम अथवा उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है अथवा उस हेतु अभिप्रेरित करता है, अधिनियम के अधीन दी गई व्यवस्था के अनुसार कारावास तथा/अथवा आर्थिक दण्ड का भागी होगा। हस्ता./–

तिथि : 22–03–2023
स्थान : उत्तर प्रदेश

(प्राधिकृत अधिकारी)
पीरामल कैपिटल ऐंड हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड

# जन जागरूकता रैली को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**अमेठी।** राज्य पोषण मिशन उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में 20 मार्च से 03 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाए जाने का निर्णय लिया गया है। जिसके क्रम में आज कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने जन जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि बच्चोंए किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार हेतु पोषण पखवाड़ा प्रत्येक वर्ष माह मार्च में आयोजित किया जाता है। पोषण पखवाड़ा का आयोजन संबंधित विभागों के कन्वर्जस से मनाया जाता है। पोषण पखवाड़ा में आयोजित स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा में 0 से 6 आयु वर्ग के बच्चों की लंबाईध्ऊंचाई तथा वजन लेते हुए पोषण ट्रैकर एप पर फीड किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा के अंतर्गत जनपद के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# सीडीओ ने पोषण पखवाड़ा अभियान का किया शुभारंभ

**संवाददाता।** सोनभद्र

**जिले** में 20 मार्च से शुरू हुआ पोषण पखवाड़ा 3 अप्रैल तक चलेगा। पखवाड़ा का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार और जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने मंगलवार को अन्प्राशन एवं गोदभराई के साथ किया। अधिकारियों ने यह आयोजन विकास खण्ड रावट्र्सगंज परियोजना के अन्तर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्र जैत में ग्राम प्रधान कृष्णावती देवी के उपस्थिति में किया। अधिकारियों ने बताया कि इस मौके पर 6 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की गई। साथ ही 6 धात्री माताओं के 6 माह पूर्ण किये



गये बच्चों का अन्नप्राशन कराते हुए पोषाहार वितरण किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित सभी लाभार्थियों से वार्ता के दौरान पोषण युक्त खान पान, स्वच्छता एवं ग्रामीण स्तर पर उपलब्ध पोषण सामग्री के बारे में विस्तृत चर्चा की। यहां उपस्थित जिला कृषि अधिकारी हरी कृष्णा मिश्रा ने ग्रामीणों को लैगिंक भेदभाव समाप्त करने एवं कुपोषण से मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। साथ ही नियमित खान पान में मोटा आनाज जैसे सावा, कोदो, मक्का ,जौ, बाजरा जैसे अनाज को शामिल करने पर जोर दिया। जिला कार्यक्रम अधिकारी राजीव सिंह ने बताया की पोषण पाखवाड़ा के अंतर्गत पूरे जनपद मे अनेक तरह के पोषण कार्यक्रमों को करने के साथ ही जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, जिससे सोनभद्र को कुपोषण मुक्त किया जा सके। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजीत कुमार सिंह, पिरामल फाउंडेसन से डिस्ट्रिक प्रोग्राम लीडर वीरेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा सभी ग्राम वासियों को पोषण से सम्बन्धित खान पान के बारे जागरूक किया गया।

## क्विक न्यूज

### गांव के तीन लोगों ने रंजिशन मारपीट कर घायल

**ऊंचाहार।** बेटे के साथ बाजार गये युवक को पड़ोसी गांव के तीन लोगों ने रंजिशन मारपीट कर घायल कर दिया,परिजनों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है,अभी तक कोतवाली में मामले की शिकायत नहीं की गई है। कोतवाली क्षेत्र के टेकई का पुरवा मजरे कमोली गाँव निवासी रमेश कुमार 40 वर्ष अपने बेटे के साथ मंगलवार की दोपहर बाद किशुनदासपुर बाजार गया हुआ था,तभी आरोप है कि पड़ोसी गांव के तीन लोग उसे कुछ दूरी पर बुलाकर ले गये और लात घूंसों से उसकी जमकर पिटाई कर दी, जिससे वो गम्भीर रूप से घायल हो गया,आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मौके से भाग निकले, जिसके बाद जानकारी होने पर परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है,घायल युवक ने रंजिशन मारपीट करने का आरोप लगाया है।

### नियम तोड़ने वाले बीस दो पहिया व चार पहिया वाहनों का चालान

**मुसाफिरखाना,अमेठी।** पुलिस अधीक्षक डॉ इलामारन जी के निर्देश पर मंगलवार को टीएसआई अनन्तराम ने कस्बा स्थित इसौली रोड पर दो पहिया वाहनों पर विना हेलमेट,तीन सवारी व चार पहिया वाहनों का विना सीट बेल्ट, ओवर स्पीड 20 वाहनों का चालान किया। टीएसआई अनन्तराम ने बताया कि नियम का पालन न करने वाले वाहनों का चालान किया गया है।

### सांप नेवले की लड़ाई से हाईवे पर लगा जाम

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** मंगलवार को क्षेत्र के चकबहेर गांव के पास हाईवे पर अफरा तफरी मच गई जब सांप व नेवला बीच सड़क पर आपस में लड़ने लगे ।करीब 20 मिनट तक चले सांप नेवले की लड़ाई के दौरान हाईवे पर जाम की स्थिति पैदा हो गई।करीब 20 मिनट तक चले मुकाबले में नेवला अपनी हार मान कर भाग गया ।जिसके बाद सांप भी चला गया। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में राहगीर इकट्ठा हो गए।

### 4 दिनों से हो रही बेमौसम बारिश ने तोड़ी किसानों की कमर

**शिवगढ़,रायबरेली।** बीते 4 दिनों से लगातार हो रही बेमौसम बारिश किसानों की फसल पर कहर बनकर बरस रही है। जिससे अन्नदाता चिंतित हैं। गौरतलब हो कि शुक्रवार को अचानक बिगड़े मौसम के मिजाज के बाद शनिवार से लगातार बूंदाबांदी एवं मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश के कहर से खेतों में पककर तैयार गेहूँ, सरसों, मटर मसूर, आलू, धनिया,बहकला की चौपट हो गई है। बारिश एवं तेज हवा के झोंकों से जहाँ गेहूं की फसल गिर गई है। वहीं सरसों कटने से पहले खेत में ही झड़ने लगा है। प्रगतिशील कृषक नन्दकिशोर तिवारी, देवतादीन पासवान,मायाराम रावत, विजय कुमार, उमेश कुमार, वीरेंद्र सिंह भदौरिया, अंकित वर्मा, महेंद्र वर्मा आदि कृषकों ने दर्द बयां करते हुए बताया कि खेत में पककर तैयार सरसों की फलियां 4 दिनों से लगातार हो रही बारिश से फूल गई हैं। धूप और हवा के झोंके से सरसों की फलियां पूरी तरह चटक जाएंगी और सरसों खेत में ही झड़ जाएगी, जिससे कृषकों का भारी नुकसान होगा। इसके साथ ही खेतों में पककर तैयार आलू की फसल सड़ने लगी है। लगातार हो रही बारिश से खेत में पककर तैयार धनिया लाल पड़ गई है, जिसका किसानों को आधा मूल्य भी नहीं मिलेगा।

### एनटीपीसी रिहंद में फुटबाल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

**बीजपुर/सोनभद्र।** एनटीपीसी रिहंद स्टेशन के सोनशक्ति स्टेडियम में 7 दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट की शुरुआत मुख्य अतिथि राम दुलार गोंड, विधायक, दुद्धी ने दीप प्रज्जवलन कर परंपरागत ढंग से उद्घाटन किया । यह 7 दिवसीय उत्तरी क्षेत्र फुटबाल टूर्नामेंट 20 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा, जिसमें एनटीपीसी रिहंद के साथ अन्य 5 टीमों ने भाग लिया है। जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल, एनटीपीसी सिंगरौली, एनटीपीसी ऊंचाहार, एनटीपीसी टांडा, एनटीपीसी दादरी की टीम शामिल हैं। उत्तरी क्षेत्र फुटबाल टूर्नामेंट की शुरुआत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हुई जिसमें नृत्य और संगीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की अगली कड़ी में मुख्य अतिथि श्री गोंड नें अपने सम्बोधन में कहा कि खेल में हार-जीत का नहीं बल्कि उसमें भाग लेना ही काफी महत्वपूर्ण होता है। उन्होने कहा कि खेल से बौद्धिक क्षमता के साथ-साथ सर्वांगीण विकास भी होता है, उन्होने एनटीपीसी रिहंद की सराहना भी की। कार्यक्रम कि अगली कड़ी में अशेष कुमार चट्टोपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक ने अपने सम्बोधन में सर्वप्रथम सभी टीमों का स्वागत किया।

# महिला चिकित्सालय में बच्चियों का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला महिला चिकित्सालय परिसर में जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी की अध्यक्षता में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे की धर्मपत्नी व समाज सेवी श्रीमती अनीता वर्मा उपस्थित रहीं।कार्यक्रम में जन्म ली हुई बच्चियों का अभिभावकों के साथ केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया।साथ ही 25बच्चियों के अभिभावकों को बेबी किट एफ्ल व बधाई पत्र देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा अभिभावकों को कन्या जन्म की बधाई देते हुए बच्चियों के स्वास्थ्य व शिक्षा पर बल दिया गया।

# पाइप ध्वस्त होने से पेयजल की किल्लत

**संवाददाता।** पड़ाव चन्दौली

**पीडीडीयू** नगर मार्ग पर जलीलपुर गांव के समीप सिक्स लेन रोड निर्माण कराते समय एक माह पूर्व जलनिगम कि पाइप ध्वस्त हो जाने के कारण पेयजल के किल्लत से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार कि दोपहर कार्यदायी संस्था के खिलाफ हो हल्ला मचा जिलाधिकारी से इस समस्या से नीजात दिलाने की मांग किया है। वहीं चेताया कि अगर जल्द ही इस समस्या से नीजात नहीं दिलाया गया तो हम लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे।

पड़ाव से पीडीडीयू नगर मार्ग पर जलीलपुर गांव के समीप जीटी रोड के किनारे कार्यदाई संस्था द्वारा मिट्टी की खुदाई कर समतलीकरण का कार्य किया जा रहा था ।उस मार्ग पर वर्षों पूर्व जल निगम की पेयजल की सप्लाई लाइन बिछाई गई है। एक माह पुर्व कार्यदायी संस्था के द्वारा कार्य के समय जेसीबी से जलनिगम कि पाइप



लाइन ध्वस्त हो जाने के कारण पूरा पानी रोड पर फैल रहा है ।वहीं ग्रामीणों को दूषित पेयजल पीने को मजबूर हो गए हैं। वहीं दुकानों के सामने पानी भर जाने के कारण ग्राहकों को आने जाने में कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ रहा है। इससे आजीज आकर दुकानदारों व ग्रामीणों ने मार्ग निर्माण कार्यदायी संस्था के खिलाफ हो हल्ला मचाया ।चेताया कि अगर जल्द से जल्द टूटी पाइप लाइन ठीक नहीं कराई गई तो हम लोग उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

# अब बनारस का डैलिम्स सनबीम बन गया कैंब्रिज स्कूल रामकटोरा : प्रदीप बाबा मधोक, अध्यक्ष

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**मंगलवार** को डैलिम्स सनबीम ग्रुप ऑफ स्कूल के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप बाबा मधोक एवं निदेशिका पूजा मधोक ने विद्यालय के वैश्विक शैक्षिक दृष्टिकोण के परिणाम स्वरूप डैलिम्स सनबीम कैंब्रिज स्कूल रामकटोरा की औपचारिक घोषणा की। इस अवसर पर मीडिया से मुखातिब होते हुए डॉ. प्रदीप ने बताया कि कैंब्रिज यूनिवर्सिटी लगभग 800 वर्षों से वैश्विक स्तर पर विद्यार्थियों की पहली पसंद बना हुआ है। लगभग 150 वर्षों से कैंब्रिज असेसमें प्रोग्राम 160 से भी अधिक देशों में संचालित किया जा रहा है।

यह प्रोग्राम विद्यार्थियों को इनोवशन एवं रिसर्च के लिए प्रेरित कर रहा है। इसी क्रम में विद्यालय की निदेशिका श्रीमती पूजा मधोक ने अपने अभिभाषण में कहा कि कैंब्रिज




स्कूल का उद्देश्य वैश्विक जरूरतों के अनुकूल स्कूली शिक्षा को अधिक समग्र एवं लचीला बनाना है। जिससे प्रत्येक छात्र की अद्वितीय क्षमताओं को बाहर लाया जा सके। प्रथम वर्ष में विद्यालय कैंब्रिज अर्ली ईयर प्रोग्राम, कैंब्रिज प्राइमरी एवं लोअर सेकेन्डरी प्रोग्राम के द्वारा कक्षा प्ले ग्रुप से कक्षा 7 तक शिक्षा प्रदानकरेगा जो आगे के वर्षों में कैंब्रिज तथा उत्तरोत्तर बढ़ाया जाएगा। इन कक्षाओं के लिए विद्यालय अभिवावकों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लेगा।

विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपेन्द्र वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय के चयनित अध्यापक कैंब्रिज टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए पंजीकृत किए गये हैं। इस ट्रेनिंग के बाद ही अध्यापक छात्रों को पढ़ाने के लिए अधिकृत होंगे। विद्यालय में कैंब्रिज कक्षाओं का संचालन अप्रैल महीने से किया जाएगा। रोहनिया शाखा की प्रधानाचार्या गुरुमित कौर ने सीबीएसई और कैंब्रिज प्रोग्राम के अन्तर को समझाया।

# किशिदा की भारत यात्रा

## महत्वपूर्ण अवसर

**जापानी** प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा की भारत यात्रा एक महत्वपूर्ण अवसर है। सोमवार को हुई किशिदा की नई दिल्ली यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है जिसके अनेक आयाम हैं। इसके साथ ही यह अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में बड़े सहयोगियों के लिए महत्वपूर्ण संकेत भी देती है कि पहले के किसी भी समय की तुलना में आज लोकतंत्र मजबूती से एक दूसरे से हाथ मिला रहे हैं। दोनों देशों के बीच अनेक मुद्दों पर बातचीत हो रही है जिनका विस्तार रक्षा और सुरक्षा से लेकर व्यापार, निवेश व तकनीक तक है। शांतिपूर्ण, स्थिर व समृद्ध हिंद-प्रशांत के प्रति प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भारत-जापान वैश्विक रणनीतिक साझीदारी को और विस्तार देने की प्रतिज्ञा की। इस शताब्दी में भारत-जापान द्विपक्षीय संबंध गहरे और व्यापक हुए हैं। 2000 में ये 'वैश्विक साझेदारी' से बढ़ कर 2006 में 'रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तथा 2014 में 'विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी' तक पहुंचे। क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामकता को देखते हुए यह बहुत महत्वपूर्ण है। यह सुखद संयोग है कि भारत द्वारा जी20 की अध्यक्षता संभालने के समय ही जापान जी7 देशों की अध्यक्षता संभाल रहा है। उल्लेखनीय है कि जापानी प्रधानमंत्री दुनिया के गरीब और अमीर देशों को साथ लाने का प्रयास कर रहे हैं। इस वर्ष के प्रारंभ में जापानी संसद को संबोधित करते हुए उन्होंने 'वैश्विक दक्षिण' शब्दों को पुनर्जीवित किया। यह अवधारणा गुटनिरपेक्ष आंदोलन के



समर्थकों को बहुत पसंद थी जो उत्तर-दक्षिण टकराव को व्यक्त करती थी। हालांकि, जापानी प्रधानमंत्री ने भले ही इस अवधारणा को पुनर्जीवित किया हो, पर उन्होंने गुट-निरपेक्ष भावना से इसे नहीं जोड़ा है। इससे गुट-निरपेक्ष आंदोलन के समर्थक भले ही खुश न हों, पर फुकुदा संभवत: अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नेहरूवादी सिद्धान्तों के पैरोकार नहीं हैं। वे गरीब देशों के ट्रेड यूनियन कार्यकर्ता की तरह अमीर देशों के खिलाफ संघर्ष नहीं करना चाहते हैं क्योंकि वास्तव में वे स्वयं अमीर देश से हैं। वे सभी अमीर व गरीब देशों को नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के पक्ष में एकजुट करना चाहते हैं।

फुमियो किशिदा स्वर्गीय प्रधानमंत्री शिंजो आबे की विदेश नीति का अनुसरण कर रहे हैं जिसे 'व्यापक राजनय' कहा जाता है। आधिकारिक रूप से इसे परिभाषित करते हुए ऐसी 'राजनय कहा जाता है जो वैश्विक परिस्थितियों पर व्यापक दृष्टिकोण अपनाती है।' वे दिन बीत गए जब टोकियो को 'शांतिवादी' कहा जाता था। लगभग चौथाई शताब्दी पहले जब भारत ने नाभिकीय विस्फोट किए थे तब टोकियो ने नई दिल्ली की निन्दा की थी। लेकिन आज जापान चीन से टकराव के कारण अंतत: भारत का सहयोगी है तथा स्वयं को हथियारों से लैस कर रहा है। क्वाड को मजबूत करने में जापान की भूमिका महत्वपूर्ण है। यह दोनों देशों के बीच बढ़ती निकटता का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री किशिदा के बीच 2022 में तीन बार मुलाकात हुई। दोनों एशियाई लोकतंत्रों के बीच रक्षा व सुरक्षा सहयोग के साथ ही व्यापार भी बढ़ रहा है। पिछले साल द्विपक्षीय व्यापार 20.75 बिलियन डालर था जो अब तक का सर्वाधिक है। दोनों देशों ने 2011 में समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते-सीपा पर हस्ताक्षर किए थे। अब दोनों पक्ष सेमीकंडक्टरों व अन्य महत्वपूर्ण तकनीकों की विश्वसनीय सप्लाई श्रृंखलाओं पर जोर दे रहे हैं। एक साल पहले जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने वादा किया था कि अगले पांच साल में वे भारत में 320,000 करोड़ निवेश करेंगे। समय आ गया है कि हम पुराने वादों को पूरा करें तथा और नए वादे करें। यह बात भारत व जापान, दोनों पर लागू होती है।

# मुद्रास्फीति प्रबंधन हेतु बदलाव

भारतीय रिजर्व बैंक की एमपीसी की बैठक अप्रैल के प्रथम सप्ताह में होगी। हितधारकों को आशा है कि यह हालिया वैश्विक अनुभवों से सबक लेगी।



**सुमित भसीन**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)




वियतनाम ऐसा पहला देश है जिसने नीतिगत दरें तय करने के मामले में विश्व समुदाय से अलग रास्ता अपनाया। वियतनाम के केन्द्रीय बैंक ने बेंचमार्क ब्याज दरों में कटौती कर दुनिया भर के अर्थशास्त्रियों को आश्चर्यचकित किया। पूर्वी एशियाई देश इस तथ्य से चिन्तित था कि आंखें बंद कर अमेरिकी फेडरल रिजर्व के रास्ते पर चल कर ब्याज दरें बढ़ाने से उसकी अर्थव्यवस्था में निश्चित रूप से गिरावट आएगी। ब्याज दरें बढ़ाने के मामले में यूरोप कट्टरपंथी रास्ता अपना रहा है और उसने पिछले सप्ताह इनमें 50 बेसिक प्वाइंट की वृद्धि की। इससे अमेरिकी फेडरल रिजर्व के प्रमुख जीरोम पावेल की उनके देश के भीतर ही व्यापक निन्दा हुई। उन पर आरोप है कि वे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को गहरी मंदी की ओर धकेल रहे हैं। वे इस तथ्य के बावजूद उच्च ब्याज दरों के पक्ष में हैं कि कुछ सदस्यों ने इन कट्टरपंथी उपायों से जुड़े जोखिमों के प्रति सतर्क किया है। कुछ ही दिनों के भीतर अमेरिका के तीन बैंक घुटने टेक चुके हैं जिनमें से एक केवल 48 घंटे के भीतर ध्वस्त हो गया। अमेरिका और यूरोप के बैंक आज उच्च ब्याज दरों के मामले में अर्थशास्त्रियों द्वारा व्यक्त गंभीर आशंकाओं का सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक-आरबीआई की मौद्रिक नीति बैठक-एमपीसी अप्रैल के पहले सप्ताह में होने जा रही है। चिन्तित हितधारक बहुत गहरी चिन्ता और जिज्ञासा के साथ इस बैठक पर अपनी नजरें लगाए हैं कि क्या उसने कट्टरपंथी दृष्टिकोण अपनाने के हालिया वैश्विक अनुभवों से कुछ सबक सीखे हैं।

मुद्रास्फीति निश्चित ही चिन्ता का विषय है। बेलगाम मुद्रास्फीति से गरीब सर्वाधिक प्रभावित होते हैं। इसलिए यह व्यापक व असंदिग्ध समझदारी है कि मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना आरबीआई व सरकार की नीतिगत जिम्मेदारी है। लेकिन यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए कि उच्च ब्याज दरें अर्थव्यवस्था के लिए आत्मघाती हो सकती हैं क्योंकि इसके अनेक आयाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में ज्यादा प्रभावी नहीं होते हैं, जबकि इसका आर्थिक वृद्धि पर ज्यादा हानिकारक प्रभाव होता है। उच्च ब्याज दरों से पूंजी का पलायन होता है जिससे मुद्रास्फीति और बढ़ सकती है, जबकि मुद्राओं पर दबाव पड़ने से उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नुकसान हो सकता है। अनेक अध्ययनों व रिपोर्टों ने गौर किया है कि कर्ज पर दबाव से छोटे बिजनेसों व कम आय वाले परिवारों को नुकसान होता है। वे ब्याज दरों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं ओर दरें अधिक होने पर कर्ज का भुगतान जोखिम में फंस जाता है। इसके साथ ही स्वाभाविक रूप से आर्थिक वृद्धि पर उच्च ब्याज दर से धक्का लगता है क्योंकि अर्थव्यवस्था में निजी निवेश व निजी उपभोग पीछे धकेल दिया जाता है। इसके साथ ही ब्याज दरें बढ़ाने से मुद्रास्फीति के मूल कारण दूर नहीं होते हैं। इसके अनेक कारण हो सकते हैं जिनमें मुद्रा सप्लाई में वृद्धि, उत्पादन की अधिक लागत या उपभोक्ताओं की मांग में बदलाव शामिल हैं। उदाहरण के लिए, भारत में अनाजों की अधिक कीमत मुद्रास्फीति बढ़ा रही है।

वास्तव में मुख्य मुद्रास्फीति 6 प्रतिशत के ऊपर बनी हुई है। लेकिन अनाजों और फलों की कीमतें मुद्रास्फीति प्रबंधन में समस्यायें पैदा कर रही हैं। वास्तव में भारत को निजी पूंजी के साथ मिल कर फसल-पश्चात प्रबंधन पर ध्यान देना चाहिए ताकि अनाजों, फलों व सब्जियों के दाम बहुत अधिक बढ़ कर मुद्रास्फीति न बढ़ाने पाएं। इसलिए नीतिनिर्माताओं को लक्षित हस्तक्षेप कर मुद्रास्फीति के विशिष्ट संचालकों को संबोधित करना चाहिए। सरकार ने भारतीय खाद्य निगम-एफसीआई को खुले बाजार में गेंहू की नीलामी का आदेश देकर अच्छा काम किया है। गेंहू भंडार की चार दौर की नीलामी के बाद गेंहू के दामों में कमी आई है। पिछले कुछ दिनों में इसमें काफी कमी आई है। ऐसे हस्तक्षेपों से मूल्य नियंत्रण के मुख्य संचालकों पर कार्रवाई होनी चाहिए जो मुद्रास्फीति के जिम्मेदार हैं। केन्द्र द्वारा खाद्य पदार्थों के दाम स्थिर रखने के लिए मूल्य स्थिरीकरण फंड बनाया गया है, इसका समुचित उपयोग होना चाहिए। बाजार संबंधी जानकारी के प्रभावी उपयोग के साथ राज्य सरकारों को इस दिशा में कदम उठाने चाहिए। मूल्य स्थिरीकरण में बेहतर प्रदर्श करने वाले राज्यों को प्रोत्साहित करने वाली व्यवस्था पर विचार होना चाहिए।

सिलिकान वैली बैंक-एसवीबी समेत बैंकों की विफलताओं के अनेक कारणों में उच्च ब्याज दरों की प्रमुख भूमिका है क्योंकि इसे बनाए रखना कठिन है और यह विनाशकारी सिद्ध हो सकती है। तेज वृद्धि के लालच में बैंक उच्च ब्याज दरों पर जमाकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन इससे मुख्यत: ब्याज दरों में दिलचस्पी रखने वाले ग्राहक प्रभावित होते हैं और जोखिम वाली व अस्थिर जमा का खतरा पैदा होता है। इसके कारण बैंक 'हाट मनी' के बंधक बन जाते हैं जो दबाव के पहले संकेत मिलते ही उड़नछू हो जाती है। अमेरिका में सिलिकान वैली बैंक व अन्य क्षेत्रीय बैंकों के मामले में यही हुआ है। वैसे हर दृष्टिकोण से रिजर्व बैंक आफ इंडिया इस वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति दर को लक्षित 5.7 प्रतिशत पर लाने में विफल रहा है। यह केवल तभी संभव है जब वित्त वर्ष के आखिरी महीने में मुद्रास्फीति में 230 प्वाइंट से अधिक कमी आए। ऐसे में आरबीआई को स्पष्ट करना चाहिए कि वह मुद्रास्फीति प्रबंधन में विफल क्यों रहा जिसका आदेश उसे संसद ने दिया है।

हम जानते हैं कि एमपीसी के कुछ सदस्यों ने पिछली बैठक में रेपो दर में वृद्धि का विरोध किया था। इसलिए अच्छा होगा कि ताजा वैश्विक घटनाओं को देखते हुए आरबीआई अपने रास्ते में सुधार करे। हितधारक चाहते हैं कि ब्याज दरों में वृद्धि की प्रवृत्ति पर फौरन विराम लगाया जाए। वर्तमान स्थितियों में ब्याज दरों में कटौती की मांग भी उचित है। यह तथ्य भी है कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण पैदा परिस्थितियों से निपटने के लिए भारत ने मुद्रा छापने का रास्ता नहीं अपनाया जिससे बाजारों में इतनी नकदी नहीं बढ़ी जिसे वापस लेने की आवश्यकता हो। वास्तव में अमेरिका और यूरोपीय देशों ने वैश्विक महामारी के कारण पैदा आर्थिक संकट से निपटने के लिए बड़े पैमाने पर मुद्रा छापी। उनके लिए मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए बाजारों से अतिरिक्त नकदी हटाना जरूरी हो सकता है, लेकिन निश्चित रूप से भारत के मामले में ऐसा नहीं है।

लेकिन यह तथ्य भी नहीं भुलाया जाना चाहिए कि भारत को आर्थिक संकट से निपटने के लिए सरकारों द्वारा आनन-फानन में अपनाये दृष्टिकोणों का भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली संपग सरकार ने ठीक यही काम किया था। 2008 के वैश्विक संकट के समय आर्थिक संकट से निपटने के लिए भारत सरकार ने जनता के हाथों में पैसा देने का आसान रास्ता अपनाया। इसके कारण संप्रग सरकार के बचे कार्यकाल में मुद्रास्फीति दो अंकों में पहुंच गई। नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रधानमंत्री के रूप में देश की जिम्मेदारी संभालने के बाद ही केन्द्र सरकार समझदारी से नीति निर्माण के कारण बेलगाम मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने में सफल हुई। मौसम वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि इस साल भारत को 'एल नीनो' प्रभाव का सामना करना पड़ सकता है।

इसके कारण मौसम पैटर्न में बदलाव की आशंका है जिसका असर अनेक चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है। इससे खुदरा मुद्रास्फीति बढ़ सकती है। इसे देखते हुए आरबीआई को मुद्रास्फीति प्रबंधन प्रक्रिया में व्यापक सहभागिता पर जोर देना चाहिए। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के अनेक समाधान केन्द्र व राज्य सरकार की कार्रवाइयों पर निर्भर करते हैं। यह तथ्य अच्छी तरह समझा जाना चाहिए कि 'खांचों' में बंद होकर किसी समस्या के समाधान हेतु काम करने का भारत को अतीत में भारी खामियाजा भुगतना पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक को सुनिश्चित करना चाहिए कि वह खांचों में बंद होकर काम करने के बजाय समस्या पर समग्रता से विचार करेगा।

# मूसेवाला के पिता ने दिया योगी को सर्वोच्च प्रमाणपत्र

"योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं।"



**राज बहादुर सिंह**
(लेखक पायनियर हिन्दी, लखनऊ के ब्यूरो चीफ हैं)

किसी पिता को अपने बेटे की नृशंस हत्या की पहली बरसी पर जब किसी दूसरे राज्य का मुख्यमंत्री याद आए तो इसके गहरे निहितार्थ होते हैं। यह उस मुख्यमंत्री के उत्कृष्ट कार्यों के लिए ऐसा प्रमाणपत्र है जिसकी सत्यनिष्ठा हर प्रकार के संदेह, राजनीतिक व सामाजिक दुराग्रहों से परे है।

जी हां बात पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हो रही है जिनकी हत्या की पहली बरसी पर उनके पिता बलकौर सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उन्मुक्त कंठ से भूरि भूरि प्रशंसा की। खास बात यह है कि योगी की प्रशंसा उनकी या उनके दल की राजनीतिक विचारधारा पर आधारित या आश्रित न होकर विशुद्ध उनके प्रशासनिक दृष्टिकोण की उत्कृष्टता को दिया गया प्रमाणपत्र था।

उल्लेखनीय है कि पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला पंजाब में कांग्रेस के टिकट पर बीत विधानसभा चुनाव लड़े थे और उसके कुछ दिन बाद ही फिल्मी स्टाइल में उनकी हत्या कर दी गयी थी। सोमवार उनकी हत्या को की पहली बरसी थी लेकिन उनके पिता बलकौर सिंह को मलाल है कि उनके दिवंगत बेटे को भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार में न्याय नहीं मिला।

मूसेवाला के पिता ने कहा कि माफिया व गैंगस्टर मेरे घर में घुस गए लेकिन पंजाब सरकार कुछ कर न सकी। मुझे आज यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ याद आ रहे हैं जिन्होंने यूपी को गैंगस्टर व माफिया से मुक्त किया है। लोकसभा चुनाव में आप सीएम योगी को वोट देने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि अगर योगी पंजाब के सीएम होते तो उनके बेटे की हत्या न होती।



बीते साल प्रचंड बहुमत से पंजाब में सरकार बनाने के बाद से ही भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी की सरकार कानून एवं व्यवस्था के मुद्दे पर विरोधियों के निशाने पर है। पाकिस्तान की सीमा से जुड़ा राज्य होने के कारण पंजाब की चुनौतियां भी अलग व विषम किस्म की हैं। भगवंत मान सरकार पर यह भी आरोप है कि खालिस्तान आंदोलन के सर्मथकों के प्रति उसका रवैया लचर है और हाल ही में सुर्खियों में आए अलगाववाद समर्थक अमृतपाल सिंह मामले से इसे देखा व समझा जा सकता है। मूसेवाला के पिता के उपरोक्त कथन को महज भावनात्मक अभिव्यक्ति कहकर काम नहीं चलाया जा सकता। यह तो दरअसल आईना है जो बलकौर सिंह ने योगी आदित्यनाथ के उन विरोधियों को दिखाया है जो किसी न किसी आधार पर योगी की अपराध जगत के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम का विरोध करते हैं। दरअसल ऐसे तत्व मेरिट पर बात करते ही नहीं। उन्हें तो योगी की आलोचना करने की लत लग गयी है।

कभी कहा जाता है कि योगी का अभियान किसी समुदाय विशेष के विरुद्ध है तो कभी उसके लिए बेबुनियाद जातीय आवरण का सहारा लिया जाता है लेकिन कानून व्यवस्था दुरुस्त करने के योगी के प्रयासों पर जनता की मुहर 2022 में तभी लग गयी थी जब जनता ने उन्हें दोबारा प्रदेश की सत्ता सौंप दी थी। मूसेवाला के पिता का दृष्टिकोण तो योगी की कार्यशैली (कुछ लोग बुलडोजर संस्कृति भी कहते हैं) को और व्यापकता और स्वीकार्यता ही प्रदान करता है।

दिलचस्प बात यह भी है कि बात-बात पर-संविधान खतरे में है- की दुहाई देने वाले योगी सरकार की कथित बुलडोजर नीति के खिलाफ अदालत से भी उस तत्परता से न्याय नहीं मांग रहे जैसा वह अन्य मामलों में करते हैं। ऐसा नहीं है कि इस सिलसिले में कोशिश ही न हुई हो लेकिन शुरुआत में जो इक्के दुक्के प्रयास हुए उनमें अपेक्षित सफलता न मिल पाने के कारण योगी विरोधियों का उत्साह ठंडा पड़ गया या उन्हें यह अहसास होता गया कि मेरिट के आधार पद उनका केस कमजोर है।

बलकौर सिंह का राजनीतिक रूप से भाजपा या योगी से कोई सम्बंध नहीं है। इसके विपरीत उनका ताल्लुक कांग्रेस से है लेकिन योगी के प्रति उनके विचार यह स्थापित करते है सत्ता संचालन के प्रशासनिक दृष्टिकोण का राजनीतिक विचारधारा से न कोई सम्बंध होता है और न होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ सत्ता के इसी मॉडल का संचालन सफलतापूर्वक करते हुए राज्य की सीमाओं से परे भी प्रशंसा व सराहना अर्जित कर रहे हैं। और योगी के लिए दुष्टों के खिलाफ उनकी नीति की सफलता का यह सर्वोच्च प्रमाणपत्र है।

## आप की बात

### भारतीय नव वर्ष

**आज** से वर्ष प्रतिपदा 2080 प्रारंभ हो रहा है। इसको चाहे भारतीय नव वर्ष कहें या हिंदू नव वर्ष हमारी सांस्कृतिक व मान्यताओं के अनुरूप ये हमारा नव वर्ष है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनुसार हम अंग्रेज़ी कैलेंडर से सत्तावन वर्ष आगे हैं। दुनिया के विभिन्न देशों में अपनी अपनी मान्यताओं के अनुसार तरह तरह की काल-गणनाएँ हैं, परंतु भारतीय नव वर्ष वैज्ञानिक दृष्टि से भी उच्चतम काल धारणाओं में आता है। हमारा नव वर्ष जब शुरू होता है तो ऋतु में भी परिवर्तन आता है सर्दियाँ जा रही होती है व बसंत का आगमन हो रहा होता है, पेड़ों पर नयी पत्तियां व पौधों पर नई कोंपलें आती है। एक तरह से पूरी प्रकृति ही नई हो जाती है। इस दिन कई ऐतिहासिक घटनाएँ व कई महापुरुषों का जन्म हुआ। प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, महाभारत युद्ध के बाद इसी दिन धर्मराज युधिष्ठिर का राजतिलक, स्वामी दयानन्द द्वारा आर्य समाज की स्थापना, आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार का जन्मदिन, सिक्खों के दूसरे गुरु श्री अंगद देव जी का अवतरण और इसी दिन देवी दुर्गा की आराधना का नवरात्रि महापर्व प्रारंभ होता है। मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। अत: हमें इस नव वर्ष को श्रद्धा व धूमधाम से मनाना चाहिए।

**पुनीत अरोड़ा,** मेरठ

### जल संरक्षण

**जैसे-जैसे** जनसंख्या और अर्थव्यवस्था बढ़ती है वैसे-वैसे पानी की मांग भी बढ़ती है। सीमित पानी और प्रतिस्पर्धी जरूरतों के साथ पेयजल प्रबंधन चुनौतीपूर्ण हो गया है। जल संरक्षण बढ़ाने व प्राकृतिक जल स्रोतों को बचाने पर विशेष ध्यान दिया हर व्यक्ति अपने घरों और कार्यस्थलों में पानी का उचित इस्तेमाल तो कर ही सकता है। भारत में प्रचुर मात्रा में बारिश होती है लेकिन आबादी बढ़ने के कारण देश में पानी की कमी महसूस की जा रही है। खेती की सफलता भी पानी की उपलब्धता पर ही निर्भर है, जिसमें बारिश के पानी की अहम भूमिका होती है। 15 अगस्त 2019 को भारत के माननीय प्रधान मंत्री ने जल जीवन मिशन की घोषणा की थी जिसका मुख्य उद्देश्य 2024 तक प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रति दिन नल से 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है। वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण भी मिशन के सबसे महत्वपूर्ण पहलू हैं। इसके अंतर्गत अब तक साढ़े पांच करोड़ से अधिक ग्रामीण घरों में नल के कनेक्शन दिए जा चुके हैं। जल संरक्षण के लिए हर व्यक्ति का सहयोग जरूरी है। इसके लिए व्यापक जागरूकता अभियान की जरूरत है।

**सत्यवान सौरभ,** भिवानी

### विपक्षी खींचतान

**अगले** आम चुनावों में 1 वर्ष से भी कम का अरसा रह गया है और कई राज्यों के चुनाव भी उससे पूर्व होने वाले हैं! भाजपा के खिलाफ विपक्षी दल एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। सब अपनी-अपनी डफली अपना-अपना राग बजा रहे हैं। हर दल का मुखिया खुद को प्रधानमंत्री पद का दावेदार समझता है। इस एकजुटता के प्रयास में कांग्रेस राहुल को आगे करना चाहती है, लेकिन अन्य दल इसके लिए तैयार नहीं हैं। ममता बनर्जी ने तो खुलकर कांग्रेसव राहुल की आलोचना की है। उधर अखिलेश-ममता मुलाकात भी बता रही है कि वह बिना कांग्रेस के ही विपक्षी मोर्चा बनाने की जुगत भिड़ा रहे हैं। बिहार में नीतीश कुमार भी संशय की स्थिति में हैं और समझ रहे हैं कि बिना गठजोड़ के शायद वो बिहार को भी नहीं बचा सकेंगे। उधर मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई नए मानक स्थापित किए हैं। आम जनता के मन में हर बात की छवि बनती है और यही वोटों में बदलती है। मोदी सबसे आगे हैं। विपक्षी खींचतान के चलते भाजपा इस बार पिछली बार से भी ज्यादा सीटें पा सकती है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**युवक** एवं महिला मंगल दल अपनी ग्राम पंचायतों को आपसी सौहार्द व समन्वय का एक बेहतरीन केंद्र बना सकते हैं।
- **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**संसद** किसी भी अन्य संस्था की तरह संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 में निहित प्राकृतिक न्याय के नियमों से बंधी है।
- **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**दिल्ली** सरकार काम करना चाहती है लड़ाई नहीं। लड़ाई किसी के काम नहीं आती।
- **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

# अग्रणी पंक्ति में दिखेगा देवीपाटन मंडल: योगी

## ● रिंग रोड से जुड़ेंगे मंडल के जनपद



गोंडा में एक कार्यक्रम में बोलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल की समीक्षा बैठक लेने के लिये मंगलवार को अपरान्ह 2.00 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोंडा के विकास भवन पहुंचे। उन्होंने देवीपाटन मंडल के अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यक्रमों व व कानून व्यवस्था की गहन समीक्षा किया। इससे पूर्व पुलिस लाइन्स में बने हेली पैड पर मुख्यमंत्री का आयुक्त एमपी अग्रवाल, डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह, डीएम डॉ. उज्जवल कुमार व एसपी आकाश तोमर ने स्वागत किया। साथ ही वहीं पर उन्हें सलामी दी गई। यहां से मुख्यमंत्री सीधे विकास भवन के सभागार पंहुचे, जहां उन्होंने देवीपाटन मंडल के अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा किया। समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री श्री योगी ने जिले में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश जारी किये।

मीडिया ब्रीफिंग के दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक करने आया हूं। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से तमाम विकास परक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिन पर विचार-विमर्श के बाद शीघ्र ही सहमति बनेगी। गोंडा में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय की स्थापना होगी। चार जनपदों में से तीन में मेडिकल कालेज लगभग तैयार हो गये हैं। इसके बन जाने के बाद मंडल में शिक्षा का स्तर शीर्ष पर होगा। देवीपाटन मंडल के सभी जिलों में आवागमन को सुलभ बनाने के लिये यहां के जिलों को रिंग रोड से जोड़ा जायेगा। श्रावस्ती में हवाई अड्डा निर्माणाधीन है, उसके बन

## भू माफियाओं से मुक्त कराएं अवैध कब्जे: सीएम

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में मंडल के सभी अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ देवीपाटन मंडल में चल रहे विकास कार्यों व कानून व्यवस्थाओं की समीक्षा की। जनपद श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर के अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में किये प्रतिभाग। उन्होंने मंडल में चल रहे विकास कार्यों व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल ने बताया कि मंडल में 50 करोड़ से अधिक लागत की कुल 10 मार्ग परियोजनाएं चल रही हैं। जिसमें से 6 परियोजनायें को पूर्ण कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज गोण्डा व बहराइच, बलरामपुर नगर पालिका परिषद सीवरेज सिस्टम, 220 केवी विद्युत केंद्र बलरामपुर, अटल आवासीय विद्यालय गोंडा, जिला कारागार श्रावस्ती सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने गन्ना मूल्य भुगतान, जल जीवन मिशन, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, एक जनपद एक उत्पाद योजना, निराश्रित गोवंश, आयुष्मान भारत, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, गेहूं खरीद की तैयारियां को लेकर समीक्षा की। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के संबंध में मंडलायुक्त ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि मंडल में कुल 559 एमओयू हस्ताक्षरित हुए है, जिससे कुल 11319.22 करोड़ का निवेश होगा। इससे 107004 रोजगार मिलेंगे। इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता तभी होगी जब डीएम और एसपी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी राय को सुनें एवं समस्याओं का निराकरण कराये। उन्होंने कहा कि भू माफियाओं और ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जे को हटाकर उस भूमि को इंडस्ट्री के लिए उपलब्ध कराया जाए।

# अतीक अहमद के खंडहर नुमा कार्यालय से लाखों रुपये और पिस्टल बरामद

## ● मौके से दो लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी माफिया अतीक अहमद की मुश्किलें दिनों दिन बढ़ती जा रही हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में पुलिस ने अतीक अहमद के खुल्दाबाद के करबला स्थित कार्यालय में छापेमारी कर करोड़ों रुपए की नकदी और हथियार कारतूस बरामद किए। इस दौरान दो लोग पकड़े गए हैं। पुलिस को सूचना मिली थी कि अतीक गैंग के लोगों ने और उसके परिवार के सदस्यों ने अपने असलहे है और कैश को खंडहर हो चुके दफ्तर में छुपा कर रखा है ताकि किसी को यहां पर शक न हो। आशंका जाहिर की जा रही है कि उमेश पाल की हत्या में प्रयुक्त असलहे यहीं पर छुपा कर रखे गए थे। लाश होने की आशंका पर पुलिस वहां पहुंची थी।

प्रयागराज पुलिस को सूचना मिली कि माफिया अतीक अहमद के दफ्तर में शव होने की आशंका पर टीम वहां पहुंची थी। पुलिस ने दफ्तर से दो लोगों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस के मुताबिक दोनों अतीक के करीबी बताए जा रहे हैं। एक का नाम सोनू और दूसरे का नाम अबू तालिब बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस दफ्तर में खुदाई कर रही थी। करीब एक करोड़ रुपये की नकदी बरामद हुई है। नोटों को गिनने के लिए पुलिस मशीन लेकर पहुंच गई है। प्रयागराज पुलिस के मुताबिक अतीक के दफ्तर से करीब दस पिस्टल बरामद हुई है। दफ्तर में बड़ी संख्या में पुलिस बुला ली गई है। छापेमारी में असलहों का जखीरा बरामद हुआ है। भारी मात्रा में कैश मिलने के बाद अधिकारियों की आंखें भी फटी रह गईं। बताया जा रहा है खंडहर हो चुके आफिस में असलहों को छिपाकर रखा गया था।

# राम नवमी मेला के लिए अयोध्या को स्वच्छ व सुन्दर बनाने की पहल

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी रामनवमी मेला 2023 के अवसर पर अयोध्या को स्वच्छ एवं सुन्दरतम बनाने हेतु गहन समीक्षा की गयी। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में अयोध्या में विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे है जिसमें सहादतगंज से लेकर नया घाट तक निर्माणाधीन रामपथ में जो खुदाई आदि के पश्चात मलबा निकलता है उसे उसी समय हटा लिया जाएए जिससे साफ सफाई व्यवस्था समुचित बनी रहे तथा पथ पर छोटे वाहनों का आवागमन भी सतत बना रहे। मण्डलायुक्त ने तत्काल पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माणाधीन राम पथ से निकलने वाला मलबा आदि तत्काल हटा लिया जाय। उन्होंने कहा कि आगामी रामनवमी मेले के अवसर पर अयोध्या में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन संभावित है। जिसके दृष्टिगत अयोध्या के सभी घाटों को साफसुथरा रखा जाए तथा पानी की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। जिन घाटों पर गहरा पानी है वहां पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा कि गुप्तारघाट, झुनकीघाट, लक्ष्मणकिला घाट, नयाघाट, पुराना घाट आदि सभी घाटों की साफ सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाय तथा अयोध्या की जो भी गलियां है उनकी भी साफ सफाई सुनिश्चित की जायए जिसका मेरे द्वारा स्वयं निरीक्षण भी किया जायेगा। उन्होंने अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पेयजल की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। मण्डलायुक्त ने कहा कि पूर्व के मेलों में प्रायः देखने में आया है कि राम की पैड़ीए आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धालुओं के आगमन से बहुत अधिक गंदगी हो जाती है। इसके सम्बंध में मण्डलायुक्त ने कहा कि राम की पैड़ी पर खाना बनाना पूर्णतयः प्रतिबंधित किया जाय तथा आसपास के क्षेत्रों में खुले में शौच पूर्णतयः प्रतिबंधित किया जाय।

# ग्राम पंचायत सतत् विकास योजना के संबंध में डीएम ने की बैठक

**अंबेडकर नगर।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राम पंचायत सतत् विकास योजना निर्मित किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम पंचायत समिति, स्वयं सहायता समूह, युवा मंगल दल महिला मंगल दल को आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर जागरूक एंव प्रशिक्षण तथा उनके बीच समन्वय एंव सहयोग का स्थापीकरण किया जाए। समुदाय आधारित आपदा जोखिम न्यूनीकरण को समाहित करते हुए ग्राम पंचायत विकास योजना का निर्माण किया जाए।ग्राम पंचायत सतत् विकास योजना का निर्माण ग्राम प्रधान व ग्रामीणों के सहभागिता से किया जाए। बहु.आपदा के दृष्टिगत वृक्षा रोपण को प्रोत्साहन किया जाए। सोलर ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहन किया जाए। जैव विविधता एंव परिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण एवं रख.रखाव को प्रोत्साहन किया जाए।जैविक खादए जैविक विधि द्वारा तैयार कीटनाशक दवाओं, कृषि विविधीकरण एवं मिश्रित खेती को



प्रोत्साहन किया जाए। व्यक्तिगत ए सामूहिक उद्यमों के माध्यम से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन कराया जाए। गरीब और कमजोर परिवारों को पूरे वर्ष रियायती मूल्य पर पर्याप्त भोजन को उपलब्ध कराया जाए।किसानों की आय दुगना करने के उपायों को अपनाया जाए। बुनियादी सेवाओं (आवास, पानी और स्वच्छता) तक पहुँच सुनिश्चित किया जाए।मनरेगा के अन्तर्गत मजदूरी आधारित रोजगार को उपलब्ध कराए जाय। कम लागत, अत्यधिक पोस्टिक और स्थानीय रूप से प्राप्त अनाज एंव सब्जियों, फल आदि के सेवन को बढ़ावा दिया जाए। संचारी रोगों के रोकथाम और उसके उपचार हेतु उपाय किये जाए। मातृ मृत्यु और बाल मृत्यु दर में कमी लाया जाएं। सभी के लिए चिकित्सा देखभाल एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रावधान किया जाए। नियमित टीकाकरण, पोषणयुक्त भोजन व खिलाने के तरीके को प्रोत्साहनए जिससे कुपोषण में कमी किया जा सके। बच्चों को आपदा प्रबन्धन विषय पर जागरूकता एंव प्रशिक्षण दिया जाए। मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम को प्रोत्साहन दिया जाए। बालश्रम, बाल विवाह तथा तस्करी मामलों को न्यून किए जाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया जाए। नियमित टीकाकरण एवं पोषणयुक्त भोजन को प्रोत्साहन, जिससे कुपोषण में कमी लाया जा सके। दिव्यांग बच्चों के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण हेतु संसाधन की उपलब्धता एंव उन्हें जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाए।महिलाओं एंव पुरूषों में लैंगिक समानता प्रोत्साहित किये जाने हेतु गांव में प्लेटफार्म तैयार करने के लिए प्रोत्साहन किया जाए।महिलाओं एवं पुरुषों के माध्यम से लैंगिक समानता हेतु जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाए।स्वच्छ पेयजल के लिए प्रोत्साहन के द्वारा जल जनित बिमारियों में कमी लाने का प्रयास किया जाए। जल संरक्षण, आर्सेनिक संदूषण और भूजल पुर्नभरण की योजना को प्रोत्साहन किया जाए। सभी के लिए आपदाओं की पूर्व चेतावनी की उपलब्धता जिससे जन.धन की हानि में कमी किया जा सके।हाई फ्लड लेबल से अधिक सड़केंए पाइप लाइनए पेयजल स्त्रोत व्यक्तिगत व सार्वजनिक शौचालयए विद्यालयए आगनबाडी केन्द्रए ग्राम पंचायत सचिवालय तथा खेल मैदानों की स्थापना को प्रोत्साहन जिससे आपदाओं के प्रभाव से ढांचागत क्षति को कम किया जा सके।

## क्विक न्यूज

### तीन महिलाओं सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**टाण्डा अम्बेडकर नगर।** मिट्टी की पटाई के विवाद को लेकर घर मे घुसकर पति पत्नी की पिटाई करने के मामले में तीन महिलाओं सहित चार लोगों के विरुद्ध कोतवाली टाण्डा पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। मामला क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर हाजलपट्टी का है। वादी धर्मेंद्र यादव पुत्र सेवाराम ने बताया कि उसकी निजी जमीन पर मिट्टी की पटाई हो रही थी कि ट्रैक्टर.ट्राली धंस गयी जिसे निकालने में ट्रैक्टर विपक्षी के चक में चला गया। जिस पर विपक्षी ने ड्राइवर को गाली गलौज दिया उसी के बाद जब वादी घर पहुंचा तो विपक्षी राम चन्द्र व उनकी पुत्रियां जूही व खुशबू तथा प्रभावती पत्नी राम अर्ज ने गाली गलौज देते हुए घर के अंदर घुस कर मुझे व मेरी पत्नी को जमकर मारा पीटा। धारा 452, 323, 504 आई पी सी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना कर रही हैं।

### गेहूं खरीद के लिए खाद्य विपणन अधिकारी ने दी जानकारी

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी संदीप कुमार के निर्देश के क्रम में जिला खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश सिंह ने बताया है कि रबी विपणन वर्ष 2023-24 में जनपद में कुल 19 क्रय केन्द्र स्थापित है जिसमें से खाद्य विभाग के 08 पी0सी0एफ0 के 10 एवं भारतीय खाद्य निगम के 01 क्रय केन्द्र है। इस वर्ष जनपद में 55 क्रय केन्द्र खोले जाने का लक्ष्य है, अवशेष क्रय केन्द्र बनाया जाना प्रक्रियागत है। इस वर्ष शासन द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रू0 प्रति कुछ निर्धारित किया गया है तथा जनपद में अब तक कुल 118 कृषकों द्वारा गेहूँ विक्रय हेतु पंजीकरण कराया गया है। जनपद में गेहूं की खरीद 01 अप्रैल 2023 से प्रारम्भ होने से सम्बन्धित सभी तैयारिया पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण हेतु कृषकों को खाद्य विभाग के पोर्टल ूणिमेणनचणहवअणपद पर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा, यह पंजीकरण कृषक द्वारा स्वयं अथवा जनसूचना केन्द्र के माध्यम से अथवा साइबर कैफे के माध्यम से कराया जायेगा।

### चोरी की मोटर साइकिल बरामद, अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 255/2023 धारा 379/411 भादवि से संबंधित अभियुक्त आकाश पाण्डेय पुत्र शत्रुध्न पाण्डेय निवासी घोरही थाना महुली को 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल एचएफडीलक्स रजि0 नं0 यू0पी0 51 एएन 9594 के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। विदित हो कि उक्त अभियुक्त द्वारा गत 20, मार्च, 2023 को नवीन सब्जी मंडी से उक्त मोटरसाइकिल को चोरी कर लिया गया था, जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था, थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

### हिंदू नववर्ष की पूर्व संध्या पर संतो महंतों ने की रामकोट की परिक्रमा

**अयोध्या।** नवसंवत्सर 2080 विक्रमी संवत के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर मंगलवार को मतगजेंद्र मंदिर में पूजा.अर्चना के बाद पूरे शाही वैभव के साथ निकली रामकोट की परिक्रमा आकर्षण का केंद्र रही। परिक्रमा में रामनगरी के हजारों साधु.संत व भक्त शामिल हुए। परिक्रमा मार्ग पर जगह.जगह तोरण द्वार से सजाया गया था और लगभग 3रू30 बजे संतो ने जय श्रीराम के उद्घोष से परिक्रमा प्रारंभ की यह अनुपम उत्सव देखते ही बनता था। बुधवार की सुबह से श्री रामनवमी महोत्सव का आगाज हो जाएगा। भगवान राम, लक्ष्मण, मां सीता, गणेश भगवान और हनुमान जी के स्वरूप भक्तों के आकर्षण का केंद्र रहे। हाथी. घोड़ा व बैंड बाजे भी भव्यता बढ़ा रहे थे। महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा भगवान के भव्य मंदिर विराजमान होने के पहले अंतिम परिक्रमा है इसलिए जनमानस में हर्षोल्लास है। महंत जयराम दास हिंदू नव वर्ष पर हम संकल्प लेते कि हमारी कोई जाति नहीं हम सब हिंदू हैं हमारा धर्म सनातन है।संचालन महंत रामायणी रामशरण दास ने किया।

### एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण

**अयोध्या।** राज्य सरकार की योजना के अंतर्गत समाज के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ी जाति के बेरोजगार शिक्षित युवक/युवतियों को सेवायोजित कराने के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या के अन्तर्गत शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र के माध्यम से एक वर्ष का विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था है। अनु. जाति/जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के साथ इण्टर परीक्षा उत्तीर्ण कर ली होए 18 से 35 वर्ष के बीच की आयु के हो तथा क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में पंजीकृत हो, ऐसे अभ्यर्थी उपरोक्त प्रशिक्षण के लिए अपना आवेदन पत्र शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय (निकट क्षत्रिय बोर्डिंग, लालबाग, फतेहगंज) अयोध्या में दिनांक 29 मार्च 2023 सायं 5 बजे तक जमा कर दें। साक्षात्कार दिनांक 31 मार्च 2023 को होना हैं, आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है। निशुल्क हिन्दी टंकण एवं हिंदी आशुलिपि के साथ सामान्य गणित, सचिवीय पद्धति तथा बुक कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सामान्य हिन्दी कम्प्यूटर आदि विषयों का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# जगत ने युवा खिलाड़ी का किया स्वागत

**संतकबीरनगर।** पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष खलीलाबाद जगत जायसवाल ने मंगलवार को खलीलाबाद शहर के लक्ष्मी नारायण मंदिर में जनपद संतकबीरनगर के धमरजा निवासी नीरज कुमार चौरसिया जो अखिल भारतीय अर्न्तविश्वविद्यालीय चेन्नई तमिलनाडु में 20 किमी0 पैदल चाल में फिजिकल एजुकेशन एण्ड स्पोर्ट यूनिवर्सिटी चेन्नई में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनपद आगमन पर खिलाड़ियो का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल ने स्वागत कर खिलाड़ी का उत्साहवर्धन करते हुए आर्शिवाद दिया। इस अवसर पर जिला एथेलेटिक्स एशोसिएयन के अध्यक्ष, जिला व्यायाम शिक्षक इन्द्रेश पाण्डेय, कोच रमेश प्रसाद सचिव अंकुर पाण्डेय, बलवंत कुमार, रमेश गौड़, विजय गुप्ता सहित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगत जायसवाल ने अस्वस्थ किया कि भविष्य में आवश्यक संसाधनो की आवश्यकता अवश्य पूरी करेगे।

# डीएम की अध्यक्षता में विभिन्न पर्वो को लेकर बैठक आयोजित

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने बताया कि अयोध्या का प्रान्तीयकृत चैत्र राम नवमी मेला व नवरात्र 22 मार्च 2023 से प्रारम्भ होकर दिनांक 30 मार्च 2023 तक मनाया जायेगा और दिनांक 23 मार्च 2023 से रमजान माह भी प्रारम्भ हो रहा हैए जिसके दृष्टिगत विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। इस वर्ष चन्द्र दर्शन के अनुसार 23 मार्च 2023 से रमजान का माह प्रारम्भ हो रहा है। इस अवसर पर इस्लाम धर्मावलम्बियों द्वारा प्रतिदिन नियमित रूप से प्रातः शहरी सायंकाल मस्जिदों में तराबी तथा रोजा अफ्तार के कार्यक्रम किये जायेंगे तथा मुस्लिम सम्प्रदाय द्वारा मस्जिदों में 05 वक्त की नमाज अदा की जायेगी। चन्द्र दर्शन के अनुसार ईद.उल.फित्र का त्यौहार दिनांक 22 अप्रैल 2023 को मनाया जाना सम्भावित है। रमजान माह में 24 मार्च 2023 31 मार्च 2023, 07 अप्रैल 2023, 14 अप्रैल 2023 शुक्रवार एवं 21 अप्रैल 2023 को रमजान का अन्तिम शुक्रवार पड़ेगा तथा शिया समुदाय द्वारा रमजान के महीने में 19वीं, 20वीं, 21वीं को जूलूस भी निकाले जाते है। नगर में प्रमुख रूप से सुन्नी समुदाय द्वारा ईदगाह सिविल लाइन तथा शिया सम्प्रदाय द्वारा इमामबाडा राठहवेली, अयोध्या में रानोपाली ईदगाह में सामूहिक रूप से नमाज अदा की जाती है। यह त्योहार जनपद के नगरीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया जाता है और ईद की नमाज नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख ईदगाहों एवं मस्जिदों में सामूहिक रूप से अदा की जाती है और लोग गले मिलकर एक दूसरे को परामपरागत रूप से बधाई देते है। नगर मजिस्ट्रेट तथा रेजीडेण्ट मजिस्ट्रेट अयोध्या अपने.अपने क्षेत्र एवं समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने.अपने तहसील क्षेत्रों में सम्बन्धित पुलिस क्षेत्राधिकारियों व अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) सम्पूर्ण अयोध्या नगर क्षेत्र में तथा अपर जिला मजिस्ट्रेट ;प्रशासनद्ध सम्पूर्ण जनपद के ग्रामीण क्षेत्र में अपने काउन्टर पार्ट अपर पुलिस अधीक्षक से समन्वय बनाकर आवश्यक शान्ति व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे।

# नवागत सीडीओ ने किया विकास भवन का निरीक्षण

## ● साफसफाई कराने के दिये निर्देश, अनुपस्थित अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

पायनियर समाचार सेवा। **प्रयागराज**

**नवागत** मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने मंगलवार को विकास भवन के सभी कार्यालयों विकास भवन परिसर एवं विभिन्न कार्यालयों के साफ सफाई के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में सुबह आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में जितेंद्र कुमार जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी दिनेश कुमार जिला कार्यक्रम अधिकारी पंकज मिश्रा प्रोबेशन अधिकारी वशिष्ठ मिश्रा अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण सेवा अनुपस्थित रहे। सीडीओ गौरव कुमार ने अनुपस्थित लोगों से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। अन्य विभागों के लगभग दस कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।


निरीक्षण करते मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार।

जिनके कार्यालय अध्यक्षों के माध्यम से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों में इधर उधर रखे गए अभिलेखों को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में शौचालय की अनवरत साफ सफाई प्रकाश व्यवस्था आदि व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देशित किया गया। साथ ही सभी कार्यालय अध्यक्षों को अपने तल की साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए। कार्यालय में पटल सहायकों किए अलमारियों पर जॉब चार्ट अभिलेखों का विवरण आदि चस्पा करने के निर्देश दिए गए।

यह भी निर्देशित किया गया कि किसी विभाग में शौचालय से बदबू आएगी अथवा गंदगी पाई जाएगी तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित निर्देशित किया गया कि कूड़े के ढेर को हटवा दिया जाए। वाहन के पार्किंग हेतु समुचित व्यवस्था किया जाए साथ ही कूलर से पानी निकलवा कर रख दिया जाए ताकि मच्छरों का लार्वा बढ़ने ना पाए। सीडीओ गौरव कुमार द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी फ्लों पर समुचित साफसफाई की व्यवस्था होनी चाहिए महिलाओं के शौचालय की सफाई का ध्यान रखा जाए।

# जिलाधिकारी ने धार्मिक गुरुओं तथा संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बैठक की

**अंबेडकरनगर।** आगामी त्योहारों चैत्र नवरात्रि, रामनवमी तथा रमजान माह को शांतिपूर्ण सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु डीएम अविनाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के धार्मिक गुरुओं तथा संभ्रांत व्यक्तियों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। नवरात्रि, रामनवमी तथा रमजान माह त्योहारों को शांतिपूर्वक माहौल में सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद से विभिन्न समुदायों के संभ्रांत व्यक्तियोंए धार्मिक गुरुओं के साथ संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना गया एवं उसके निराकरण का आश्वासन दिया, साथ ही समस्त जनपदवासियों, जुलूस कमेटी से आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराए जाने हेतु पुलिस, जिला प्रशासन का सहयोग करने की अपील की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा गया कि जनपद में असामाजिक व



अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाएगी। डीएम द्वारा समस्त अधिशासी अधिकारी, डीपीआरओ को निर्देशित किया गया कि नगरी क्षेत्र/ग्रामीण क्षेत्रों में साफ सफाई व्यवस्था, एंटी लारवा, फॉगिंग तथा कूड़े का उठान ससमय कराना सुनिश्चित करें। खंभों से लटके तार, पोल में पन्नी लगवाने तथा प्रकाश की व्यवस्था ठीक कराया जाना सुनिश्चित करें। सीएमओ को निर्देशित किया गया कि त्यौहार के दौरान आकस्मिक सेवाएं चुस्त.दुरुस्त रखी जाए। डीएम द्वारा आमजन से आगामी त्यौहार को सांप्रदायिक सौहार्द एवं सामाजिक समरसता के साथ मनाने की अपील की गई। पुलिस अधीक्षक, सीडीओ, एडीएम, सीएमओ, आरटीओ अयोध्या, जिला विकास अधिकारी, समस्त एसडीएम, समस्त क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, समस्त थाना अध्यक्ष, जनपद के संभ्रांत व्यक्तियों तथा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**श्रावस्ती, भिनगा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर बेटी बचाव, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला प्रोबेशन कार्यालय एवं जिला खेल कार्यालय के समन्वय से स्पोर्ट्स स्टेडियम में 19 से 20 मार्चए 2023 तक जिला स्तरीय महिला खो.खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने ट्राफी एवं ट्रैक सूट प्रदान कर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने खिलाड़ी छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नही है। खेल में भी बेहतर प्रदर्शन कर बेटियां भी उच्च मुकाम हासिल कर रही है। जरूरत इस बात की है कि उन्हें पढ़ाई के साथ.साथ उनके अभिरूचि के अनुसार खेल खेलने का भी मौका दिया जाना चाहिएए ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर अपने घर.परिवार एवं जिले का नाम रोशन कर सके। इस सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला क्रीडाधिकारी शिवकुमार यादव ने बताया है कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में खो.खो की 06 टीमों ने तथा कबड्डी की 04 टीमों ने प्रतिभाग किया। खो.खो टीम में 06 टीमें क्रमशः स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम ए व बीए अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका इण्टर कालेज भिनगाए उच्च प्राथमिक विद्यालय पटना खरगौरा एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज भिनगा एवं कबड्डी में 04 टीमें क्रमशः स्पोर्ट्स स्टेडियमए अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका इण्टर कालेज भिनगा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय पटना खरगौरा टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसमें क्रमशः खो.खो में राजकीय बालिका इण्टर कालेज भिनगा उपविजेता एवं स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम, विजेता रही। वहीं कबड्डी की टीम में उच्च प्राथमिक विद्यालय पटना खरगौरा उपविजेता एवं स्पोटर्स स्टेडियम की टीम विजेता रही।

# अभियंता की अनुपस्थिति पर वेतन रोकने का निर्देश

## ● डीएम की अध्यक्षता में में सूखा, पेयजल, हीटवेव, अग्निकाण्ड से बचाव के संबंध में आयोजित हुई बैठक

**प्रयागराज।** डीएम संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को संगम सभागार में सूखा पेयजल हीटवेव अग्निकाण्ड से बचाव के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में डीएम ने अधिशाषी अभियंता नलकूप के बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया है। डीएम ने जनपद के सूखा पेयजल समस्या से अत्यधिक प्रभावित बारा मेजा एवं कोरांव तहसीलों चिकित्सा व्यवस्था ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र नगर व ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति खाद्य पदार्थों एवं औषधि की जांच पशुओं की बीमारियों की रोकथाम सूखा पेयजल की समस्या से पीड़ित व्यक्तियों के लिए खाद्यान्न तथा अन्य आवश्यक सामाग्री की व्यवस्था तालाबों व पोखरों को भरवाये जाने



विद्युत आपूर्ति व्यवस्था अग्निशमन व्यवस्था अग्निकांड से बचाव एवं आपदा के बारे में व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने के सम्बंध में विस्तार से चर्चा की गयी।जिलाधिकारी ने बारा मेजा व कोरांव तहसीलों में सूखा पेयजल की समस्या से अत्यधिक प्रभावित ग्रामों में टैंकर से पेयजल की आपूर्ति कराये जाने तथा अग्निकांड की स्थिति से निपटने के लिए अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था रखने ट्यूबवेल्स को चिन्हित किए जाने व तालाबों पोखरों को तीस अप्रैल तक भराये जाने हेतु सम्बंधित एसडीएम एवं जल निगम के अधिशाषी अभियंता को निर्देशित किया है। ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था हेतु क्लोरिन टेबलेट गर्मी से उत्पन्न बीमारियों से रक्षा हेतु आवश्यक दवाओं एवं ओआरएस की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनाये रखने कीटनाशक दवाओं ब्लीचिंग पाउडर एवं चूने का छिड़काव कराये जाने हीट वेव तथा अग्निकांड से प्रभावित मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था आदि का निर्देश चिकित्सा विभाग को दिया है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में जर्जर एवं टूटी पाईप लाईनों की मरम्मत हैण्डपम्प एवं नलकूपों की मरम्मत एवं रिबोरिंग का कार्य कराने हेतु अधिशाषी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया है।

# अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज से बढ़ा ध्वनि और वायु प्रदूषण

● आबादी क्षेत्र में आटा व तेल का बड़ा कारखाना लगने के बाद आम जनता तमाम प्रकार के संक्रामक रोगों से हो रही है बदहाल

**संवाददाता।** गोला-गोकर्णनाथ



**तहसील** गोला जनपद खीरी के पड़ोस में बांकेगंज .कोथवा मार्ग पर अन्नपूर्णा इंडस्ट्रीज नामक आधुनिक उद्योग ; मिनी फ्लोर मिलद्ध संचालित है। इस फ्लोर मिल ; कारखानाद्ध के चलने पर जहां तेज आवाजें निकलती है वहीं दूसरी तरफ जबरदस्त वायु प्रदूषण होता है इससे पड़ोस में रहने वाले व नगर के प्रमुख समाज सेवी व वरिष्ठ पत्रकार होतीलाल रस्तोगी व उनका परिवार पूरी तरह से प्रभावित है ऐसी परिस्थितियों में आबादी के मध्य यह संचालित कारखाना बंद होना चाहिए। बताते चलें कि जब कोई उधोग धंधा और कारखाना लगना होता है तब सबसे पहले जिला उधोग विभाग से रजिस्ट्रेशन होता है बाद में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जीएसटी का रजिस्ट्रेशन होता है बाद में बिजली विभाग से कनेक्शन की प्रक्रिया भी अपनाई जाती है। गौरतलब होकि इस उधोग लगने के बाद कारखाना संचालित है जिम्मेदार अधिकारियों ने इस कारखाना के संचालन से पहले क्या क्या खामियां रही है इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझाघ् ध्वनि व वायु प्रदूषण से आसपास के नागरिकों में गुस्सा है कि उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने इसकी जांच करने की जहमत उठाना उचित नहीं समझाघ् जीएसटी की बात करें जिम्मेदार अधिकारियों ने मौके पर जाकर जांच करने की जहमत मोल लेना क्यों नहीं उचित समझाघ् इससे उत्तर प्रदेश सरकार को टैक्स में छति नहीं पहुंच रही है क्याघ् मानक से हटकर व सड़क पार कर 1100 की बिजली लाइन निकाली गई है आखिर सुरक्षा तार की व्यवस्था क्यों नहीं की गई है अगर किसी समय तार टूटने की घटना होती है और उससे कोई भी राहगीर प्रभावित होता है तब बिजली विभाग की छीछालेदर नहीं होगी इस लिए सड़क पार बिजली लाइन में सुरक्षा तार की व्यवस्था होनी चाहिए। नगर के वरिष्ठ पत्रकार व प्रमुख समाजसेवी होतीलाल रस्तोगी जो कि कारखाना खुलने से पहले से आवास बना .कर रह रहे हैं और वह शुगर व उच्च रक्तचाप ;बीपी द्धके मरीज हैं उनके पुत्र श्रेष्ठ रस्तोगी एक सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद ब्रैन हैमरेज हुआ था उसका आपरेशन के बाद से उपचार चल रहा है यह सभी ध्वनि व वायु प्रदूषण से प्रभावित होने लगे हैं बीमार होने के चलते दवाइयों पर है अगर ध्वनि व वायु प्रदूषण के जहर फैलने से कोई हादसा होता है तब इस प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्या जिम्मेदार होगाघ्अगर नहीं तब ध्वनि व वायु प्रदूषण फैलाने की जांच कर तत्काल कार्रवाई जनहित में होनी चाहिएघ् रही जीएसटी व सड़क पार करने वाली 1100 की बिजली तार लाइन की भी जांच जनहित में होना चाहिए अगर इसमें खामियां मिलती है तब कारखाना संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई होना चाहिए।

# सीडीओ ने की अथर्व भारत फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना

**संवाददाता।** सीतापुर



**गैर** सरकारी संगठन अथर्व भारत फाउंडेशन की कार्यकारिणी समिति ने सीतापुर जिले के मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा को क्षेत्र में चल रहे संस्था के कार्यों के विषय में अवगत कराया। सीडीओ वर्मा ने अथर्व भारत फाउंडेशन के प्रोजेक्ट मॉडल की तकनीकी और आयुर्विज्ञान किट को समझा और संस्था के प्रयासों को सराहा। सीडीओ ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों को पिसावाँ ब्लॉक के ग्राम दुबावाँ में स्वत: आकर परखने की अभिव्यक्ति दी एवं संस्था द्वारा शिक्षा और स्वास्थ्य के संदर्भ में प्रस्तुत की गयी। योजना के अंतर्गत पाइलट प्रोजेक्ट के प्रभावोत्पादक एवं क्रियाशील मूल्यांकन के पश्चात सम्पूर्ण जिले में लागू करने का आश्वाशन भी दिया। सीडीओ ने संस्था को अन्य एनजीओ जैसे आईईसी, प्रथम आदि के विषय में अवगत करवाया और तुलनात्मक वार्ता भी की, जिस पर उन्होंने संस्था के सामाजिक रूप से उत्पादक उद्देश्यों को समझते हुए भविष्य में यथापूर्वक सरकारी आर्थिक सहायता प्रदान करने का आश्वासन भी दिया। अथर्व भारत फाउंडेशन डेनमार्क की शिक्षा नीति से प्रेरित एक्स आईआईटी एवं एआईआईएमएस के स्टूडेंट्स के साथ भारत की नयी शिक्षा योजना के अनुरूप सीतापुर जिले में काम कर रही है।

# मयंक मिश्रा बने सभापति

● सांसद-विधायक ने दी बधाई

**संवाददाता।** सीतापुर



**सीतापुर** के बिसवां विकास खंड की ग्राम सभा गोवर्धनपुर के मुंडेरी गांव निवासी मयंक मिश्रा अपने दादा के पदचिन्हों पर चलते हुए साधन सहकारी समिति लिमिटेड हथिया गाजीपुर के निर्विरोध सभापति चुने गए। मयंक के दादा लक्ष्मण प्रसाद मिश्र ब्रिटिश सरकार में महमूदाबाद रियासत में ग्राम सभा गोवर्धनपुर में मुंडेरी गांव के मुखिया पद पर थे। इन्होंने अपने समय में गांव में कई परिवारों को बसाया व उनके रहने हेतु घर व जमीन भी दी। बता दें कि मयंक लगातार सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं और कोविड काल में लोगों को मास्क वितरित करने के साथ घर-घर जाकर खाद्य सामग्रियों का भी वितरण किया था। मयंक का कहना है कि अपने पिता छन्नू लाल मिश्रा से प्रेरित होकर वह समाज सेवा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं। मयंक के निर्विरोध सभापति निर्वाचित होने पर सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुधाकर शुक्ला, भारत तिब्बत सहयोग मंच जिलाध्यक्ष एड. प्रभात अग्निहोत्री, युवा भाजपा नेता आयुष शुक्ला ने माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं और सहयोगी जुगुल किशोर मिश्र, दिवाकर शुक्ला, छोटे लाल तिवारी, हर्षित तिवारी, ललित मिश्र, विशाल मिश्र, शत्रोहन लाल गुप्ता, मदन सिंह चौहान, रामचंद्र, पुलकित मिश्र, अतुल गुप्ता, गुड्डु कश्यप, रमेश भार्गव, आशीष वर्मा, कृष्ण दत्त तिवारी, हरिश्चंद्र तिवारी, भारत गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि लोगों ने बधाई दीं।

# चैत्र नवरात्र-रामनवमी पर होंगे भव्य आयोजन

● जिलाधिकारी ने ली अफसरों की बैठक, दिए निर्देश

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**चैत्र** नवरात्रि, श्रीरामनवमी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों के साथ बैठक की, जिसमें नवरात्रि पर प्रमुख धर्मस्थलों पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की। बैठक का संचालन सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि विधान के साथ पूजा की जाती है। वैदिक तथा पुराणों में चैत्र नवरात्र को विशेष महत्व दिया गया है। इससे आत्मशुद्धि और मुक्ति का आधार माना गया है। चैत्र नवरात्र में मां दुर्गा का पूजन करने से नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और हमारे चारों ओर एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सीडीओ अनिल सिंह ने कहा कि चैत्र नवरात्रि की शुभ तिथियों पर सरकार द्वारा विशेष अभियान चलाते हुए महिलाओं और बालिकाओं की इन कार्यक्रमों में विशेष रूप से सहभागिता सुनिश्चित करते हुए जिले के देवी मंदिरों और शक्तिपीठों में दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही 29 से 30 मार्च 2023 अष्टमी एवं श्री रामनवमी के अवसर पर प्रमुख शक्तिपीठ मंदिरों में मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों और राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार और जन सामान्य को इससे जोड़ते हुए अखंड रामायण पाठ का आयोजन कराया जाए। बैठक में जिला स्तरीय समिति ने तय किया कि नवरात्रि की शुभ तिथियों पर जिला मुख्यालय के प्रमुख मंदिर संकटा देवी मंदिर, भुइया माता मंदिर, दुर्गा मंदिर काशीनगर, मुड़िया महंत मंदिर में देवी जागरण, दुर्गा सप्तशती पाठ, रामायण पाठ का भी आयोजन होगा। इसके अलावा गोला में मुख्यालय स्तर पर देवी जागरण का आयोजन होगा। वही तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में प्रमुख मंदिरों का चयन करते हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। डीएम ने सभी एसडीएम को उक्त चिन्हित मंदिरों पर साफसफाई, पेयजलए सुरक्षा, ध्वनि, प्रकाश एवं दरी बिछावन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम स्थलों पर जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम संजय कुमार सिंहए डीडीओ अरविंद कुमारए डीपीआरओ सौम्यसील सिंह, डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर, अपर जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र कुमार पर्यटन सूचना अधिकारी सुचित्त कुमार चौधरी मौजूद रहे।

# डीएम ने चीनी मिलों को नोटिस भेजने के दिए निर्देश

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**डीएम** उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित वीसी कक्ष में गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने पेराई सत्र 2022 - 23 के गन्ना मूल्य एवं विकास अंशदान के देय, भुगतान एवं अवशेष की स्थिति की समीक्षा करते हुए कड़े निर्देश दिए कि शासन की मंशा के अनुसार निर्धारित अवधि में किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित किया जाय। निर्धारित अवधि के उपरान्त भी भुगतान लंबित होने पर जिलाधिकारी ने मकसूदापुर, तिलहर एवं पुवायां चीनी मिलों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पेराई सत्र 2022 - 23 में गन्ना क्रय, गन्ना पेराई, चीनी उत्पादन एवं चीनी पर्ता आदि की स्थित की समीक्षा भी की। जिला गन्ना अधिकारी खुशीराम सहित संबंधित मिलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नवरात्र व रमजान के मद्देनजर नगर आयुक्त ने की सुरक्षा व्यवस्था की जांच



**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**नगर** आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा ने नवरात्र व रमजान के मद्देनजर नगर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों- जय माँ काली मंदिर, चौक स्थित फूलमती मंदिर एवं अन्य क्षेत्रों में स्थित धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय फूलमती मंदिर पर उपस्थित पुजारियों से साफ- सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं मार्ग प्रकाश के सम्बंध में वार्ता की गई। इसके उपरांत नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर स्वास्थ्य अधिकारी व समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि पावन नवरात्र के अवसर पर जन-सामान्य की सुविधा हेतु नगर क्षेत्र में स्थित समस्त मंदिरों व उनके आने-जाने वाले मार्गों पर विशेष साफ-सफाई कराये जाने के साथ-साथ चूना छिड़काव व एंटीलार्वा छिड़काव कार्य को कराया जाना सुनिश्चित करें। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरस्त रखने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

## क्विक न्यूज

### बेमौसम बारिश से बर्बाद फसलों का मुआवजा दे सरकार

**शाहजहांपुर।** सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि बेमौसम हुई बारिश से किसानों की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई है । जिसमें गेहूं, सरसों, उरद, मसूर, तिल आदि फसलें बर्बाद हो गई है किसानों ने अपनी जमीन गिरवी रख कर खून पसीना बहा कर फसलों को तैयार किया था । बेमौसम बारिश से किसानों की कमर टूट गई है किसान पूरी तरह से बर्बाद हो चुका है। उन्होंने कहा उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार के मौजूदा मुख्यमंत्री और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुआवजा देने की कोई घोषणा नहीं की है और अभी मौजूदा हाल ही में आलू की फसल से किसान बर्बाद हो चुका है अब बेमौसम बारिश से किसानों की कमर तोड़ गई है। सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने जिला प्रशासन एवं भारतीय जनता पार्टी की सरकार से मांग की है किसानों की बर्बाद हुई फसलों की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और उनका अधिक से अधिक मुआवजा दिया जाए।

### पुलिस ने चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**मोहम्मदी खीरी।** प्रतिबंधित पशु के अवशेष मिलने पर पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया हैएभेजे गये जेलएजिन पर गो अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिबंधित पशु के अब शेष मिलने की जानकारी हाईवे पर पुलिस को मिली जिसमें पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए थाना उचौलिया के ग्राम सिसौरा नासिर के परवेज एजहीर एअयाज और रईस को पशु काटने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया हैए प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि 4 लोगों पर गोवध अधिनियम के अंतर्गत नामजद मुकदमा दर्ज किया गया हैए तथा सभी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया हैएजिनको जेल भेजा गया है।



### आकाशीय बिजली गिरने से आठ गोवंश की मौत

**शाहजहांपुर।** जिले के जलालाबाद तहसील में मंगलवार को तेज बारिश के बीच आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सड़कों पर छुट्टा घूमने वाले आठ गोवंश की मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारी ने सुचना के बाद टीम घटनास्थल पर रवाना की। जलालाबाद तहसील के उप जिलाधिकारी (एसडीएम) सुशांत श्रीवास्तव ने मंगलवार को मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हथिनापुर गांव में मंगलवार दोपहर तेज बारिश होने लगी। बारिश से बचने के लिए आठ गोवंश पेड़ के नीचे बैठ गए थे, इसी बीच पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से सभी गोवंश इसकी चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गई।उन्होंने बताया कि जानकारी मिलने पर एक टीम को घटनास्थल पर रवाना किया गया है। गोवंश की मौत के मामले में टीम को उनका अंतिम संस्कार करने के बाद जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये गये हैं।

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**बरेली।** दवा लेकर घर लौट रहे ग्रामीण की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी।आंवला थाना क्षेत्र के गांव आनंदपुर उर्फउदय भान पुर निवासी 50 वर्षीय सोनपाल कि कल शाम सिरोही रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भतीजे गुड्डू ने बताया कि सोनपाल 10 सालों से हर्निया की बीमारी से पीड़ित था और उसका इलाज बरेली में रामपुर बाग स्थित एक निजी डॉक्टर के पास चल रहा था वह कल दिन में दवा लेने के लिए घर से निकले थे लेकिन शाम को दवा लेकर घर लौटते समय जब वह सिरोही रेलवे स्टेशन के पास रेलवे लाइन पार कर रहे थे उसी दौरान ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिले प्रपत्र के आधार पर उसके घर वालों को सूचना दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली ।

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौपा

**शाहजहांपुर।** मंगलवार को पुरानी पेंशन बहाली के लिये केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से प्रदर्शन कर जुलुस की शकल में कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौपा। इसके उपरांत सभा को सम्बोधित करते हुए नरमू के सहायक मण्डल मंत्री नरेंद्र कुमार त्यागी ने कहापुरानी पेंशन हमारा हक है। इस हक को पाने के लिये प्रत्येक कर्मी जुट जाएं। लोकतंत्र में एक वोट की कीमत होती है। हम पूरे देश के 90 लाख कर्मचारी 5 करोड़ वोटों को प्रभावित करते है। संयोजक नरमू सचिव शिवकुमार सकसेना ने कहा कि जेसीएम के सचिव हमारे महबूब नेता शिवगोपाल मिश्रा के आह्वान पर पुरानी पेंशन बहाली की मांग के लिए प्रत्येक माह 21 तारीख को किये जा रहे हस्ताक्षर अभियान में रेलकर्मियों का राज्य कर्मियों के साथ संयुक्त प्रदर्शन कार्यक्रम हुआ। कर्मचारी परिषद महामंत्री अमित कुमार सिंह ने कहा कि इस वार आरपार की लड़ाई है जीत जरूर हमारी होगी पुरानी पेंशन बहाल होगी। याद रखे अभी नही तो कभी नहीं। सभा में मुख्य रूप से रामोतार शर्मा, जितेंद्र कुमार चंदा, शिवकुमार, संजीव, धर्मेन्द्र, अशरफ, दीपक फौजी, कौशल, अरुण वर्जपाल, समरदीप आदि उपस्थित रहे।

### घर में चल रहा था अवैध अफीम बनाने का धंधा, छह गिरफ्तार

**बरेली।** घर में अवैध रूप से अफीम बनाने का धंधा करने वाले 6 अभियुक्तों को पुलिस ने आज गिरफ्तार कर लिया। इनमें से चार एक ही परिवार के हैं । मौके से पुलिस ने अवैध रूप से बनाई गई अफीम, उसके उत्पादन उपकरण, केमिकल, कच्चा माल भी बरामद किया। गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेजा। आंवला थाना क्षेत्र की बदायूं रोड ग्रेटर कॉलोनी स्थित राममूर्ति के मकान के सामने मुखबिर की सूचना के बाद मेरठ मंडल के ए एन टी एफ थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह और स्थानीय पुलिस ने एक मकान पर छापा मारकर वहां मौजूद मकान मालिक आंवला थाने के गांव लक्ष्मपुर निवासी कल्याण उर्फ कल्लू पुत्र होरीलाल उसके लड़के दीपक नवल और गांव के ही हीरालाल उर्फ नन्हे पुत्र हरिराम, गवेंद्र पुत्र बनवारी लाल, कल्याण की पत्नी कमलेश को गिरफ्तार कर लिया। एसपी सिटी ने बताया कि कल्याण के पास से 300 ग्राम स्मैक व 50000 रुपए नकद बरामद हुए इसके अलावा हीरालाल के पास से 100 ग्राम स्मैक और 45000 रुपए, गजेंद्र के पास 40 ग्राम स्मैक 22000 रुपए, दीपक के पास 220 ग्राम अफीम, नवल के पास 400 ग्राम अफीम, कमलेश से 500 ग्राम अफीम 327340 रुपए बरामद किए।

### चोरी की 9 साइकिलें बरामद, चार गिरफ्तार

**बरेली।** अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई आठ साइक्लो को पुलिस ने बरामद करते हुए चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने चोरों को जेल भेजा। बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने मस्जिद वाली गली में रहने वाले इमरान पुत्र मुन्ने दुकनदार, सरताज पुत्र दिलशाद उर्फपप्पू,उडला जागीर निवासी कौशल पुत्र रुस्तम, कस्बे में रहने वाले मनीराम पुत्र लालता प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया गिरफ्तार किए गए चोरों ने पूछताछ के दौरान बताया कि वह चारों एक साथ मिलकर जिले में अलग-अलग स्थानों से भीड़-भाड़ वाले इलाकों से साइकिल चोरी करते हैं ।

# बीईओ ने संविलियन विद्यालय लुधौरी का किया सघन निरीक्षण

**संवाददाता।** निघासन-खीरी

**बीईओ** निघासन डॉ ब्रजेश त्रिपाठी कब और किस स्कूल में पहुंच जाएं इसकी सिर्फकल्पना ही की जा सकती है। इसका प्रत्यक्ष प्रमाण उस समय मिला जब राज्य पुरस्कार प्राप्त बीईओ डॉ ब्रजेश त्रिपाठी ने एआरपी मनोज कुमार के साथ मूसलाधार बारिश के बावजूद संविलयन विद्यालय लुधौरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। बीईओ ने सबसे पहले अध्यापकों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया एवं आवश्यक कार्रवाई की। फिर उन्होंने सभी कक्षों में जाकर वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण किया। और प्रधानाध्यापक को सभी शिक्षा कार्मिकों की समय से उपस्थिति के लिए कड़ाई से निर्देशित किया। बीईओ ने सख्त लहजे में कहा कि मार्च महीने के अंदर निपुण लक्ष्य प्राप्त कर लें अन्यथा कठोर कार्यवाही की जाएगी। डॉ त्रिपाठी ने विद्यालय के बृहद खेल परिसर में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र के संबंध में सीएमओ तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से बात की। कहा कि विद्यालय परिसर में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की स्थापना होनी है अत: उपस्वास्थ्य केंद्र को विद्यालय परिसर के कोने में बनवाएं। उपरांत प्रधानाध्यापक को आवश्यक दिशा निर्देश देकर बीईओ अन्यत्र रवाना हो गए। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक हरिनाम प्रसाद , सहायक अध्यापिका महेलिका रानी यादव, सहायक अध्यापक विकास भारती, अरूण गुप्ता शिक्षामित्र रीतू सिंह, प्रमिला गौतम तथा संजीव कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे। बीईओ के अचानक सुबह ही पहुंचने से अध्यापकों में अफरा तफरी का



# बेमौसम बारिश व ओला गिरने से किसानों की फसल बर्बाद



**संवाददाता।** तिकुनियाँ खीरी

**क्षेत्र** के तिकुनियाँ सहेनखेड़ा फुटहा फार्म चनैनी अयोध्या पुरवा सिंहोना रमुआ पुर बनवीर पुर में बेमौसम बारिश- ओला गिरने से हुए नुकसान से किसानों की कमर टूट गयी इस बारिश से गेहूं गन्ना मसूर सरसो की फसल चौपट हो गयी है किसान के ऊपर दुखों का पहाड़ टूट गया व कर्ज में फंसता जा रहा। इससे पहले भी धान की फसल बाढ़ से चौपट हो गयी थी जिससे किसान कर्ज से उबर नहीं पा रहा, जो जमा पूंजी होती है वह फसलों पे खर्च कर देता है। फसल तैयार होने से पहले ही कोई ना कोई आपदा आ जाती है जिससे किसानों के अरमानो पर पानी फिर जाता है और वह कर्ज के दलदल में फंसता चला जाता है।

# सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बना यूपीएस हरिहरपुर

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**खीरी** में परिषदीय विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ बनाने एवं वहां पढ़ने वाले बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल 'बेस्ट स्कूल ऑफ द वीक' मुहिम रंग ला रही है। यहां शैक्षिक नवाचार विधाओं के माध्यम से जो परिवर्तन देखने को मिल रहा है, वह काबिले तारीफ है। शिक्षा व्यवस्था में आधारभूत सुधार के लिए उठाए गए क्रांतिकारी कदम के सार्थक परिणाम आज दिखाई दे रहे हैं। स्कूल भवन के आकर्षण कक्ष,ए यूनिफार्म में पढ़ते विद्यार्थियों में शिष्टाचार, साफ सफाई के साथ विद्यालय में पढ़ाई। ऐसा नजारा बांकेगंज ब्लाक के परिषदीय विद्यालय यूपीएस हरिहरपुर का है। प्रधानाध्यापिका सुनीता व उनकी टीम ने विद्यालय की सूरत ही बदल दी। शिक्षकों की लगन से इस विद्यालय में सुविधाएं किसी निजी विद्यालय से कम नहीं हैं। डीएम की अभिनव पहल के तहत इस सप्ताह का सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनने का खिताब अपने नाम दर्ज किया। प्रिंसिपल सुनीता वर्मा ने सन 2017 में अपने समस्त स्टाफ को एकता के सूत्र में पिरोकर शिक्षा के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियों को प्राप्त करना शुरू किया। कार्यभार ग्रहण के वक्त विद्यालय उबड़खाबड़, सौंदर्य विहीन था। सुनीता की दृढ़ इच्छा, संकल्प ने योजनाबद्ध ढंग से विभिन्न पर्यावरणीय नवाचारों से सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा किया। आज विद्यालय बाउंड्रीविहीन होते हुए भी हराभरा, आकर्षक एवं किचन गार्डन से युक्त है। ना चाहते हुए भी यहां आने वाले आगंतुकों को यह अपनी ओर आकर्षित कर लेता है। सरकार के निर्धारित लगभग सभी मानकों को विद्यालय पूर्ण कर चुका है। प्रबंध समिति के सहयोग से प्रत्येक कक्ष को आकर्षक, टीएलएम, व लर्निंग कॉर्नर से युक्त बना दिया। अगर बात शिक्षा की की जाए तो यह भौतिक सुंदरता से भी अधिक प्रभावशाली है। 'एक कदम गांव की ओर' नामक अभियान का शुरू किया, जिसके द्वारा प्रतिदिन अभिभावकों से संपर्क का लक्ष्य रखा गया। सभी शिक्षकों को निर्धारित समान अनुपात में छात्रों को आवंटित कर दिया गया। जिससे विद्यालय का साल दर साल नामांकन बढ़ा है। विद्यालय में लगभग 08 गांव के बच्चे शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। सत्र 2020-21 नामांकन 289, सत्र 2021-22 नामांकन 307, सत्र 2022-23 नामांकन 307 है।

# महिला ने दर्ज कराया पति और ससुराल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**संवाददाता।** निघासन- खीरी



**स्थानीय** कोतवाली क्षेत्र के एक युवक ने अपनी पहली बीबी को तलाक देकर दूसरी युवती से शादी कर ली। तीन बच्चों की मां ने न्याय पाने तथा पति एवं ससुराली जनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। आयशा अंजुम पुत्री स्वर्गीय अब्दुल अली की निवासी मोहम्मद नगर गोताखोर शुक्लागंज थाना गंगा घाट जिला उन्नाव की शादी 10 अप्रैल 2010 को ग्राम झंडी राज निवासी महताब आलम के साथ पारंपरिक रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के कुछ समय बाद पति तथा ससुराली जन 100000 रूपए दहेज देने की मांग करने लगे। दहेज ना दे पाने की स्थिति में आयशा को पति तथा ससुराल द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा। आरोप है कि पति तथा ससुराली जनों द्वारा आयशा तथा उसके तीन बच्चों को मार कर घर से भगा दिया गया। फिर पति ने दूसरी शादी कर ली बेचारी पहली पत्नी अपने तीन बच्चों को लेकर दर.दर की ठोकरें खा रही है उसकी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है ।

पायनियर
वर्गीकृत

NOTICE

I,Swapnil Kumar Shubhendu S/o Mr.Shubendu Kumar resident of 322,Mohalla Kot Pakka Pul Pili Kothi,Sitapur have changed my name from Shubhendu Swapnil Kumar to Swapnil Kumar Shubhendu for all future purpose.

# खादी एवं ग्रामोद्योगी जिला स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन

**संवाददाता।** शाहजहाँपुर

**आत्मनिर्भर** भारत अभियान के अन्तर्गत उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड शाहजहांपुर द्वारा वोकल फॉर लोकल थीम पर आधारित खादी एवं ग्रामोद्योगी जनपद स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारम्भ संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की टूल किट्स योजनान्तर्गत 08 अद्द मोटराइज्ड दोना पत्तल मेकिंग मशीन , माटीकला टूल किट्स योजनान्तर्गत 30 अद्द विद्युत चालित चाक एवं 01 अद्द दीया मेकिंग मशीन नि:शुल्क वितरित की गयी। प्रदर्शनी में जनपद शाहजहॉपुर की खादी ग्रामोद्योग इकाईयों के साथ-साथ रामपुर, कानपुर, हाथरस, हरदोई तथा बिजनौर की इकाईयों ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर उत्पादों का प्रदर्शन तथा उनकी बिक्री की। प्रदर्शनी का उद्देश्य है कि उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की योजनाओं में बैंको से ऋण प्राप्त कर रोजगार सृजन करने वाली इकाइयों को प्रदर्शनी के माध्यम से अपने उत्पादों की बिक्री व प्रचार का अवसर प्राप्त हो ताकि ज्यादा से ज्यादा युवा योजनाओं का लाभ उठाकर स्वरोजगार स्थापित करें तथा अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करें। प्रदर्शनी का समापन मानवेन्द्र सिंह, विधायक विधानसभा ददरौल द्वारा किया गया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भी प्रदान किये। प्रदर्शनी में आये सभी लाभार्थियों में उत्पादों की बिक्री से प्रसन्नता का भाव रहा। उनका कहना है कि प्रदर्शनी उनके लिये बहुत लाभदायक रही। लोगों ने उनकी आशा से अधिक माल खरीदा, प्रदर्शनी की व्यवस्थायें बहुत सुन्दर रहीं तथा विभाग व जिला प्रशासन द्वारा बहुत सहयोग प्रदान किया गया यह भी कहा कि अगली बार जब प्रदर्शनी आयोजन हो तो कम से कम 10 दिन के लिये आयोजन हो तो और भी लाभदायक होगा।

# शराब भट्टी को मंदिर परिसर की ओर शिफ्ट करने का विरोध

● सपा जिला अध्यक्ष पर क्षेत्रवासियों को धमकाने का आरोप, सपा नेता ने आरोप को बताया निराधार

संवाददाता। बरेली

**समाजवादी** पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष के खिलाफ हिंदू जागरण एकता समिति के पदाधिकारियों ने थाना कोतवाली और एसएसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है। यह विवाद शराब की भट्टी को मंदिर परिसर की ओर शिफ्ट कराने को लेकर बताया जा रहा है। जहां पर सपा निवर्तमान जिला अध्यक्ष पर जान से मार देने की धमकी देने अपने साथियों के साथ अवैध तमंचा दिखाने का आरोप लगाया गया है। वहीं सपा जिला अध्यक्ष का कहना है कि आरोप निराधार है। कोतवाली क्षेत्र के मलूकपुर में एक शराब की भट्टी को मंदिर परिसर की ओर शिफ्ट करने का आरोप लगाया गया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि मानक के विपरीत शराब की भट्टी को मंदिर की ओर शिफ्ट किया जा रहा था। इसको लेकर मोहल्ले के लोगों ने विरोध जताया। इसको लेकर हिंदू जागरण एकता समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सक्सेना का कहना है कि वहां पर सपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष शिवचरण कश्यप अपने अवैध असलाधारी साथियों के साथ पहुंच गए और जबरन वहीं पर शराब भट्टी को शिफ्ट करने की बात कहने लगे। जब लोगों ने इसका विरोध किया तो जिला अध्यक्ष ने लोगों के साथ धक्का-मुक्की की। जान से मार देने की धमकी दी। इसको लेकर शहर कोतवाली में शिवचरण कश्यप और उनके साथियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया गया है। साथ ही आज मनोज कुमार सक्सेना ने शिवचरण कश्यप और उनके साथियों के खिलाफ एसएसपी ऑफिस पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

# गौरव दिवस पर जगमगाएंगे लाखों दीप : डीएम

## यूपी-एमपी प्रशासन ने चित्रकूट गौरव दिवस को यादगार बनाने का लिया संकल्प

**● रामघाट, परिक्रमा मार्ग, भरतकूप, राम शैया में 5 लाख, सतना में प्रज्वलित होंगे 6 लाख दीप**



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में 30 मार्च को रामनवमी के दिन 'चित्रकूट गौरव दिवस' मनाए जाने के सम्बन्ध मे समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि 30 मार्च को रामनवमी के दिन चित्रकूट गौरव दिवस मनाया जायेगा। आयोजन को यादगार बनाने के लिए चित्रकूट के रामघाट, परिक्रमा मार्ग, भरतकूप, राम शैया में 5 लाख, सतना मध्य प्रदेश परिक्षेत्र में 6 लाख दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। सभी लोग दीपक, बाती, तेल आदि की व्यवस्था एवं जलाने का प्रबन्ध स्वयं से करेगें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा व्यवस्था के सम्बन्ध में समन्वय बनाया जायेगा। समन्वय के लिए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम को निर्देशित किया गया कि आस-पास के सभी दीपक, तेल बाती व्यवसायियों के नाम, मोबाइल नम्बर की सूची सभी को शेयर करें। साथ ही निर्धारित दिवस के पूर्व दीपक, तेल, बाती की भरपूर उपलब्धता हेतु सम्बन्धितों को सूचित भी किया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त आयोजन को प्रशासन द्वारा जोन व सेक्टर वाइज ड्यूटी समन्वय बनाये जाने के लिए लगायी जायेगी तथा दीपक के जलाने का समय सायं 7 बजे से 7.30 बजे तक का होगा। उक्त समय में विद्युत की व्यवस्था बन्द रहेगी। ताकि दीपको की रोशनी प्रदर्शित हो सकें। उन्होंने कहा कि मठ मन्दिर/ अखाड़ा के आचार्यगणों द्वारा अपेक्षा की गयी की सभी लोगों का दीपक जलाने का लक्ष्य अलग-अलग निर्धारित किया जाये। उन्होंने उप जिला अधिकारी कर्वी से कहा कि रेवेन्यू के कर्मचारी एवं अधिशाषी अधिकारी को निर्धारित लक्ष्य को संख्या सभी को अवगत कराएं एवं तैयारियों के बारे में समीक्षा करें व मोबाइल नंबर शेयर करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य को आम जनमानस से जोड़ते हुए प्रत्येक घर में 11 दीपक जलाने हेतु जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि कॉलेज/विद्यालय से वालंटियर की आवश्यकता होगी। जिसमें 200 बच्चों को लगाया जाएगा।

# ओलावृष्टि से तबाह हुई फसलों का पीड़ित किसानों को मिले मुआवजा : बुंदेली सेना



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**मंगलवार** को अराजनैतिक बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष जनसेवक शिवम चौहान के नेतृत्व में अनेकों कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सौरभ पांडेय को सौंपा जिसमें बुंदेलखंड में बेमौसम ओलावृष्टि व बारिश से बर्बाद हुयी फसलों का किसानों को 100 फीसदी मुआवजा दिया जाये ताकि प्रभावित किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में पिछले तीन दशक में फसलें बर्बाद होने से साढ़े तीन हजार किसान आत्महत्या कर चुके हैं। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया कि बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से जनपद जालौन के अनेकों गांवों में सैकड़ों किसानों की फसलें नष्ट हो गयी है जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। भौतिक रूप से पिछड़ा बुंदेलखंड हमेशा से उपेक्षित रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि फसलें खराब होने की वजह से हर वर्ष बुंदेलखंड के अनेक किसान आत्महत्या कर लेते हैं। पिछले तीन दशकों में 3 हजार 500 किसान आत्महत्या कर चुके हैं। इस वर्ष भी बेमौसम ओलावृष्टि व बारिश से कालपी व जालौन तहसील क्षेत्र के किसानों की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी है। ऐसी स्थिति में किसानों को केसीसी ब्याज दर में रियायत कम समय के लिये मिलती है जिसे किसान अगर समय नहीं चुका पाता तो उसकी धनराशि बढ़ जाती है। बुंदेली सेना आपसे अनुरोध करती है कि बुंदेलखंड के किसानों को बारिश व ओलावृष्टि की वजह से हुये नुकसान पर सरकार 100 प्रतिशत अनुदान दे।

## निरीक्षण में शिक्षक गायब स्कूल में नहीं बना एमडीएम

**मौदहा,** हमीरपुर। नायब तहसीलदार ने विकासखंड क्षेत्र के दो उच्च प्राथमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया जिसमे एक शिक्षक गायब मिला वही विद्यालय में दो दिनों से एमडीएम नही बनाया गया था,इस पर नायाब तहसीलदार ने नाराजगी जाहिर की है। नायब तहसीलदार राममोहन कुशवाहा ने मंगलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय टोलामाफ तथा सिसोलर का औचक निरीक्षण किया। जिसमें टोलामाफ में संचालित विद्यालय में अध्यापक जितेंद्र कुमार अनुपस्थित पाए गए तथा सिसोलर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में बीते दो दिनों से मध्यान्ह भोजन न बनवाएं जाने के साथ बच्चों को फल और दूध का वितरण भी नहीं किया जा रहा है जिसमें अध्यापकों द्वारा लागत उपलब्ध न होने की बात कही गई है।

# चैत्र माह की अमावस्या पर उमड़े लाखों श्रद्धालु, लगाई कामदगिरि की परिक्रमा



**संवाददाता।** चित्रकूट

**चैत्र** माह के अमावस्या पर्व पर तीर्थक्षेत्र में श्रद्धालुओं ने रामघाट में स्नान कर कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। लोगों ने मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक भी किया। बडा मठ के मंहत द्वारा श्रद्धालुओं के बीच भोजन प्रसाद बांटा गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर कामतानाथ के जयकारे लगाये। मंगलवार को चैत्र माह की अमावस्या पर्व पर श्रद्धालुओं ने रामघाट में स्नान कर मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक कर कामतानाथ की परिक्रमा लगाई। खेती-किसानी का सीजन होने के बाद भी लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदनगोपाल दास ने बताया कि श्रद्धालुओं की व्यवस्था को प्रशासन के निर्देश पर चौकस व्यवस्था की गई है। तमाम श्रद्धालुओं ने कामतानाथ के दर्शन कर पंचकोसी परिक्रमा लगाई। डीएम-एसपी के निर्देश पर अमावस्या पर्व पर प्रशासन ने श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इस बावत कड़े निर्देश मातहतों को दे रखे हैं। इसी क्रम में अमावस्या पर्व पर बड़ा मठ रामघाट की ओर से तीर्थयात्रियों के बीच भोजन प्रसाद बांटा गया। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर जय कामतानाथ जी के जयकारे लगाए। बड़ा मठ के पीछे निर्मोही अखाड़े के पास महंत वरुण प्रपन्नाचार्य के साथ मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप तिवारी, आनंददास महराज और गुलजारीलाल तिवारी ने श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद बांटा।

# मंदाकिनी के रामघाट पर भक्ति रस आधारित कार्यक्रम नवधा का भव्य आयोजन



**संवाददाता।** चित्रकूट

**लोक** एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में पूरे प्रदेश में नवरात्र के पावन अवसर पर शक्ति की उपासना के लिए 9 स्थानों पर भिन्न-भिन्न दिवसों में सांस्कृतिक एवं भजन कार्यक्रम आयोजित किए जाने की योजना है। जिसका प्रारंभ चित्रकूट से किया जा रहा है।

जिला प्रशासन एवं संस्कार भारती चित्रकूट के सहयोग से संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ द्वारा मंगलवार की शाम आरती स्थल राम घाट पर भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें नदी में नाव पर मंच बनाकर और शक्ति की उपासना के लिए देवी गीतों का अद्भुत संगीत कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में अद्भुत प्रस्तुति रही मिर्जापुर से पधारी पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव एवं चित्रकूट से डॉक्टर राम खेलावन पांडे की । यह कार्यक्रम शक्ति के प्रमुख स्थलों पर किया जा रहा है।

कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर गोपाल कुमार मिश्र ने बताया कि चित्रकूट में वनदेवी का शक्तिपीठ है और इसलिए संस्कृति विभाग की ओर से चित्रकूट से इस भव्य कार्यक्रम का आरंभ किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय स्तर पर संस्कार भारती चित्रकूट दिव्यांग विश्वविद्यालय ग्रामोदय विश्वविद्यालय तथा जिला प्रशासन ने सहयोग प्रदान किया। इसी क्रम में नव संवत्सर महोत्सव का आयोजन भी संस्कार भारती द्वारा किया जा रहा है जो नवरात्र के प्रथम दिवस पर प्रात: 4बजे से सूर्योदय तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में भोर के रागों का गायन चार बजे से पांच बजे तक होगा एवं 5बजे से सूर्योदय तक योग का एवं सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम होगा। सूर्योदय के समय सभी लोग भगवान भास्कर को सामूहिक अर्घ्य देंगे और इसी के साथ नव संवत्सर की मंगलमय कामना की जाएगी। कार्यक्रम में कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपालदास महाराज,भरत मंदिर के महंत दिव्य जीवन दास,मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर के पुजारी विपिन महाराज समेत हजारों की संख्या में घाट पर श्रद्धालुओं ने गीत एवं भजन तथा देवी गीत का रसास्वादन किया। आरती से पूर्व पद्मश्री अजीता श्रीवास्तव जी का गायन हुआ तथा आरती के पश्चात स्थानीय कलाकार डॉक्टर राजा पांडे का गायन प्रस्तुत हुआ।

## दो गांजा तस्करों के कब्जे से दस किलो गांजा व बाइक हुई बरामद

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की बिक्री एवं रोकथाम को जारी अभियान के तहत मऊ थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को दबोचकर दस किलो सूखा गांजा व 11180 रुपये तथा मोटरबाइक बरामद की है। मंगलवार को मऊ सीओ राजकमल की देखरेख में थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने अवैध गांजा की तस्करी करने वाले दो तस्करों को दबोचा है। गांजा तस्कर शुभम श्रीवास्तव पुत्र स्व इकबाल बहादुर निवासी टिकरा टोला मऊ व शमशेर दुबे पुत्र टेकलाल निवासी सेमरा बरगढ़ा के कब्जे से दस किलो सूखा गांजा व 11180 रुपये तथा मोटरबाइक बरामद किया है। आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। मोटरबाइक को एमवी एक्ट में सीज कर दिया है। पुलिस टीम में मऊ थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, दरोगा बालकिशुन, दीवान जुबेर अली, सिपाही नागेश कुमार, राहुल पाण्डेय, दीप प्रताप शामिल रहे। इसी क्रम में सरधुआ थाना पुलिस के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने कंचन पुत्र रामगोपाल निवासी तीरधुमाई के कब्जे से तीस क्वार्टर देशी शराब बरामद कर चालान किया है। मऊ थाना पुलिस ने अपहरण व दुष्कर्म तथा पास्को एक्ट के वांछित देवीदीन पुत्र कल्लू निवासी बेलहा को गिरफ्तार किया है। रैपुरा थाने के दरोगा रमेश सिंह यादव ने बलबा-मारपीट के वारंटी सुरेन्द्र उर्फशिवमोहन निवासी गौहाईपुरवा चरदहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। चौकी प्रभारी जिला कारागार श्यामदेव सिंह ने अपहरण के वांछित अजय द्विवेदी उर्फछोटू पुत्र बालेन्द्र द्विवेदी निवासी रतौली जिला महोबा को छेडछाड में वांछित होने पर गिरफ्तार किया है।

## क्विक न्यूज

### महिला महाविद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन

**फतेहपुर।** डॉ. अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अपर्णा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। स्वयं सेविकाओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व लक्ष्य गीत गाया। बताया गया कि शिक्षा समाज की एक अनिवार्य जरूरत है इसलिए स्वयंसेवकों ने इस विषय पर काम करने की सोची। छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं व किशोरियों को बताया कि हम सबके लिए शिक्षित होना क्यों जरूरी है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रेखा वर्मा ने विस्तारपूर्वक रिपोर्ट पढ़ी। अतिथियों का स्वागत डॉ चारू मिश्रा व डॉ राजकुमार ने किया। प्राचार्य डॉ अपर्णा मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्राओं को नैतिक मूल्यों का विकास होता है। मिलजुल कर कार्य करने का कौशल प्राप्त होता है। शिविर की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### कलश यात्रा का हुआ आयोजन

**रूरा,** कानपुर देहात। कस्बा रूरा में आयोजित श्री राम कथा एवं भजन संध्या के प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में शंकर पार्वती हनुमान जी, दुर्गा जी,काली माता आदि की झांकियां निकाली गई जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। कलश यात्रा में भाजपा नेताओं मदन पांडेय पूर्व जिलाध्यक्षए रविशशी द्विवेदीए रजोल शुक्लाए बउआ त्रिवेदी बसपा नेता, संजय द्विवेदी, आशुतोष मिश्रा छोटे भैया, बृजेंद्र दुबेए जे एन मिश्रा, शिवा पांडेय, रमा शंकर तिवारी, देवेन्द्र दुबेए मनोज शुक्लाए प्रमोद शुक्ला, धीरज पांडेय गिरजेश दुबे, महेश तिवारी भागीदारी करने के साथ कलश यात्रा में शामिल रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के मदरियापुर के समीप मंगलवार की शाम ट्रक की चपेट में आ जाने से 20 वर्षीय बाइक सवार की मौत हो गई वही पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के केवई गांव निवासी रामचन्द्र का पुत्र सुभाष चन्द्र आज शाम लगभग 4:30 बजे बाइक द्वारा शहर से घर जा रहा था जैसे ही वह राधानगर थाने के मदरियापुर के समीप पहुंचा तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके में पहुंचे समाजसेवी अशोक तपस्वी तत्काल अपने एम्बुलेंस में लादकर घायल को सदर अस्पताल लाये जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### भाषण प्रतियोगिता में सपना को प्रथम व सोनी को दूसरा स्थान



**मौदहा,** हमीरपुर। राजकीय महाविद्यालय मौदहा में अंतर्गत शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में पारंपरिक दवाओं और योग की भूमिका विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का प्रारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शक्ति गुप्ता की अध्यक्षता में सरस्वती प्रतिमा पर माला अर्पण कर किया गया डॉ चंदन पांडे जी द्वारा स्वास्थ्य में पारंपरिक दवा की क्या भूमिका है एवं आसपास उपस्थित जड़ी बूटियों से किस तरह स्वास्थ्य को बेहतर किया जाए इस पर अपने विचार रखे डॉ स्नेह लता द्वारा जीवन में योग की भूमिका और उससे स्वस्थ जीवन प्राप्त किया जा सकता है इस विषय पर अपने विचार रखे उसके बाद छात्र छात्राओं ने विषय पर भाषण दिया जिसमें प्रथम स्थान पर सपना यादव, सोनी दिवतीय स्थान पर, सोनी देवी, तृतीय स्थान पर रहे।

### दुकानों से लाखों का सामने लेकर चंपत हुए चोर

**मोहम्मदाबाद]** फर्रुखाबाद। कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्योता में बीती रात्रि चोरों ने 2 दुकानों में नकब लगाकर सामान चुरा कर रफूचक्कर हो गये। सुबह पड़ोसी ने जब दुकान में नकब लगा देखा तो दुकानदारों को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव ज्योता निवासी दुष्यंत राठौर की गांव के बाजार में राठौर जन सेवा केंद्र की दुकान है जिसमें वह कॉपी, किताबे, मोबाइल, बेचकर जन सेवा केंद्र चलाते है। रात्रि में चोर दुकान के पीछे नकब लगाकर अंदर घुस गए, अंदर कमरे के गेट में आग लगाकर दुकान में दाखिल हो गए। चोर दुकान से 38 हजार की नकदी व 28 फोन पर एक कैमरा ले गए। दुष्यंत ने बताया कि चोरी से लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हो गया है। पड़ोस में ही राहुल सक्सेना की ठंडा व चाऊमीन की दुकान है। चोर राहुल सक्सेना की दुकान के साइड में नकब लगाकर दुकान से 30 हजार रुपए ले गए।

### पुष्कर्णी क्रासिंग पर होगा ओवरब्रिज का निर्माण

**मानिकपुर,** चित्रकूट। मानिकपुर से इटवां डुडैला मार्ग के बीच टिकरिया गेट नम्बर 400 पुष्कर्णी फाटक रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज बनाने की बाबत रेलवे के अधिकारियों व सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर आदि के बीच वार्ता हुई। तय हुआ कि यहां पर ओवरब्रिज बनाने में क्षेत्रीय लोगों से उत्पन्न होने वाली बाधायें दूर कराई जायेंगी। मंगलवार को जबलपुर डिवीजन रेलवे के सहायक इंजीनियर सतना आरपी मीना, वरिष्ठ इंजीनियर बीएस पाण्डेय तथा सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर और क्षेत्रीय लेखपाल जितेन्द्र गुप्ता आदि की मौजूदगी में टिकरिया गेट नम्बर 400 पुष्कर्णी तालाब रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज निर्माण बाबत चर्चा हुई। सतना-मानिकपुर रेल खण्ड के रेलवे फाटक 402 में भी अंडरब्रिज बनाने की चर्चा की गई। दोनों ब्रिजों का निर्माण कार्य जल्द शुरु होने की बात कही गई।

### गंदगी से बजबजा रही जीवनदायनी मंदाकिनी



**चित्रकूट।** नयागांव रपटा से लेकर बूढ़े हनुमान मंदिर तक मन्दाकिनी नदी गंदगी से बजबजा रही है। आलम ये है कि पन्नालाल घाट और आसपास सीढ़ियों में टनों मलबा जमा है। यहां आचमन करने में भी लोग घबराते हैं। मंगलवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पन्नालाल घाट से लेकर बूढ़े हनुमान जी के बीच करोड़ों की लागत से घाट और सीढ़ियां बनी हुई हैं। जिम्मेदार लोगों के ध्यान न देने से लगभग डेढ़ सौ मीटर लंबा घाट गंदगी से बजबजा रहा है। इसी से अमावस्या आदि पर्वों में श्रद्धालु यहां डुबकी नही लगाते। नदी में इस परिक्षेत्र में सघन अभियान चलाने की जरूरत है। जब तक नदी में उतरकर चोई और मलबा नहीं निकाला जाता, तब तक सम्पूर्ण सफाई असम्भव है।

### खोज प्रतियोगिता में तीन छात्रों ने पाया प्रथम स्थान

**उरई,** जालौन। शिक्षा ज्योति को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में प्रतियोगिता को बढ़ावा देने के लिये निपुण बालक बालिका खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उद्देश्य गांव के बच्चे भी शिक्षा में आगे बढ़ सकें। मनोज पुत्र रामबिहारी विकास खण्ड कुठौंद के प्राथमिक विद्यालय कक्षा 1 का विद्यार्थी, नीतेश कुमार पुत्र अखिलेश प्राथमिक विद्यालय इटौरा विकास खण्ड कदौरा कक्षा 2 का विद्यार्थी, हर्ष पुत्र बृजेन्द्र प्राथमिक विद्यालय कपासी विकास खण्ड डकोर कक्षा 3 के विद्यार्थी ने ब्लाक स्तर, तहसील स्तर व जनपद स्तरीय खोज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर 50-50 हजार रुपए की धनराशि बालक बालिकाओं को एफडी की गयी।

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्यकर्मियों का जोरदार धरना प्रदर्शन



**संवाददाता।** उरई, जालौन

**पुरानी** पेंशन बहाली की मांग को लेकर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद व सहयोगी संगठनों के साथ रेलवे मेंस यूनियन द्वारा आज कलेक्ट्रेट परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया परिषद के अध्यक्ष रामबिहारी वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित धरना प्रदर्शन का संचालन नौशाद अली के द्वारा किया गया बाद में राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा गया जिसमें पुरानी पेंशन बहाली की मांग को पुन: दोहराया गया है।

धरना प्रदर्शन को ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर कार्यकारी अध्यक्ष सुशील पाराशर ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के अध्यक्ष सुरेश निषाद लेखपाल संघ के अध्यक्ष अमित पाल ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिला मंत्री नौशाद अली, महिला एवं बाल विकास विभाग के रमाकांत दोहरे नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन के सचिव केके त्रिपाठी परिषद के मंत्री प्रियंक सक्सेना मलेरिया विभाग से सुरजीत सिंह, वन विभाग से वीरेंद्र सिंह, वाणिज्यकर से राजीव तिवारी, भूमि संरक्षण विभाग से के राम, लघु सिंचाई विभाग से अजय कुमार, सिंचाई विभाग से अरविंद कुमार, नलकूप विभाग से संजीव यादव, पंचायती राज मिनिस्ट्रियल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहम्मद मुबारक ने अपने विचार रखे। इसके साथ ही पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरगोविंद दयाल श्रीवास्तव, गिरेंद्र सिंह, रामराजा दुबे ने भी पुरानी पेंशन बहाली के पक्ष में विचार रखें। अंत में परिषद के अध्यक्ष राम बिहारी वर्मा के नेतृत्व में राष्ट्रपति भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। कर्मचारियों का कहना था कि नई पेंशन स्कीम को खत्म कर पुरानी पेंशन को बहाल किया जाए जो कि हम सब कर्मचारियों का बुढ़ापे का सहारा है। इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में राज्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बच्चों की पिटाई का उलाहना देने पर किया घातक हमला

**जालौन,** उरई। खेलने गये बच्चे के साथ कुछ बच्चों ने पिटाई कर दी। जब पिता बच्चे की पिटाई का उल्हाना देने गया तो पहले से मौजूद युवकों ने पिता के साथ धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने 2 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। सोमवार की सायं बैठगंज निवासी राजेश कुमार का बेटा अनुरूद्ध हरीपुरा जोशियाना में निर्माणाधीन सूखे पड़े तालाब में खेलने गया था। खेलने के दौरान ही बच्चों का आपस में झगड़ा हो गया। कुछ बच्चों ने झगड़ा कर अनुरुद्ध के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। जब उसने घर आकर घटना की जानकारी दी तो उसके पिता राजेश अपने छोटे भाई संजय के साथ मौके पर पहुंचे तो पहले से मौजूद सौरभ, भूरे आदि युवकों ने राजेश के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आनन फानन में उन्हें चिकित्सालय में भेजा गया तथा घटना की जानकारी चौकी पुलिस को दी गयी। जब तक पुलिस पहुंची तब तक आरोपी युवक फ़रार हो गये।

# आठ हजार किलोमीटर की यात्रा तय कर वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में दर्ज कराया नाम



**संवाददाता।** फतेहपुर

**शहर** के हरिहरगंज की रहने वाली शिप्रा गुप्ता ने आठ हजार किलोमीटर की यात्रा तय करके वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। गुरूप्रसाद व ज्योत्सना गुप्ता की बेटी शिप्रा गुप्ता ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट करने के बाद गुड़गांव चली गई और पिछले वर्ष 22 नवंबर को यात्रा पर निकली। इस दौरान पाकिस्तान बॉर्डर, बाघा बॉर्डर सहित नेपाल, बांग्लादेश, भूटान, चाइना, म्यानमार,श्रीलंका सहित 7 देशों के साथ 17 प्रदेशों का भ्रमण करने का दावा किया। बकौल शिप्रा एक बेटी होकर अकेले घूमना और अलग-अलग प्रदेश व देशों में जाकर वहां की बोली, भाषा वहां के कल्चर को समझना अपने आप में बड़ी बात है। अब उनकी कोशिश है कि वह अपने देश का नाम आगे भी रोशन करें। उन्होंने पीएम मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पसंदीदा नेता बताया। वहीं किरण बेदी के साथ-साथ अपनी माता को अपना आदर्श बताया। उन्होंने बताया कि इस यात्रा को पूरा करने के लिए उनके अंदर इतनी लगन थी कि 12 लाख रुपए पैकेज की नौकरी भी छोड़ दी। कहा यह सफर आगे भी जारी रहेगा।

# हिन्दू-मुस्लिम समाज के साथ हुई बैठक में एसडीएम ने सुनीं समस्यायें



**रामपुरा,** जालौन। मंगलवार को उप जिलाधिकारी माधौगढ़ अंगद यादव व थानाध्यक्ष रामपुरा राजीव कुमार बैस की मौजूदगी में कस्बा ऊमरी में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा नवाज की समस्या को लेकर की गई शिकायत का निस्तारण करने हेतु मुस्लिम व हिंदू समुदाय के संभ्रांत नागरिकों के बीच थाना रामपुरा में मंथन हुआ। मीटिंग में दोनों समुदाय के लोगों द्वारा इस बात पर सहमति हुई कि मुस्लिम समुदाय के द्वारा रमजान महीने में 20 दिन के भीतर तरबी नवाज इस्लामिया मदरसा में पढ़कर समाप्त करेंगे। राष्ट्रीय पर्व पर तिरंगा झंडा फहराएंगे, बाहर से किसी व्यक्ति को नहीं बुलाएंगे। नवाज तरबी में आते-जाते वक्त रास्ते में कोई जानवर यदि किसी को पूछ मार देते हैं तो इस बात पर कोई समस्या उत्पन्न नहीं करेंगे। बैठक में एसडीएम अंगद यादव, थानाध्यक्ष राजीव कुमार बैस के साथ मुस्लिम समुदाय से मोहम्मद अकरम, मु. शरीफ समीर रेहमानी, नजीर अली, हकीम अली, मोहम्मद रसूल, मोहम्मद अलीम रामजानी व हिंदू समुदाय से कस्बा ऊमरी निवासी ठाकुर प्रशांत, ठाकुर विजय प्रताप सिंह, रवि सिंह, गजेंद्र सिंह सेंगर, युवराज सिंह, अखिलेश सिंह, राघवेंद्र उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# पोषण समिति की बैठक में डीएम ने की कार्रवाई सीडीपीओ का रोका वेतन, अन्य को दी चेतावनी



**हमीरपुर।** पोषण पखवाड़ा संबंधी बैठक में जिलाधिकारी ने आज प्रभारी सीडीपीओ सुमेरपुर कामिनी पाल का वेतन रोकने एवं प्रभारी सीडीपीओ राठ को चेतावनी नोटिस देने के निर्देश दिए । कहा कि पोषण अभियान संबंधी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बीस मार्च से तीन अप्रैल 2023 तक जनपद में आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़े के कार्यक्रमों की रूपरेखा निर्धारित करने के दृष्टिगत बैठक में विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि पोषण पखवाड़े के अंतर्गत सभी कार्य निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार किए जाएं । पोषण पखवाड़े में मोटे अनाज, ज्वार बाजरा रागी कोदो काकून सांवा आदि के उपयोग हेतु लोगों को प्रोत्साहित किया जाए । इन मोटे अनाजों से बेहतर न्यूट्रीशन के साथ-साथ बीमारियों से लड़ने की क्षमता प्राप्त होती है जिससे बीमारियां दूर रहती हैं । जिलाधिकारी ने कहा कि कुपोषित बच्चों का नियमित रूप से वजन किया जाए। कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन के कार्य में तेजी लाई जाए तथा उन्हें नियमानुसार समय से पोषाहार वितरण सुनिश्चित कराया जाए । कोई भी कुपोषित बच्चा योजना के लाभ से छूटने ना पाए। कहा कि सभी सीडीपीओ द्वारा गंभीर कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से एनआरसी में भर्ती कराया जाए। कहा कि पोषण ट्रैकर एप पर विभिन्न गतिविधियों की शत प्रतिशत फीडिंग की जाए । नियमित रूप से आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाए। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका बनवाया जाए। इस अवसर पर पीडी साधना दीक्षित, बीएसए कल्पना जायसवाल, डीपीआरओ राजेंद्र प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, समस्त सीडीपीओ तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## भव्यता के साथ करें महोत्सव का आयोजन : डीएम

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में फर्रुखाबाद महोत्सव आयोजन के संबंध में जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधीनस्थों को निर्देश देते हुए कहा गया कि आगामी 24, 25, 26 मार्च 2023 को आयोजित किए जाने वाले फर्रुखाबाद महोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता के साथ किया जाए। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा फर्रुखाबाद महोत्सव का आयोजन ऐसा होना चाहिए कि जो जिले में ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में भी महोत्सव की चर्चा होनी चाहिए। आयोजन में किसी भी प्रकार की कोई कमी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला पर्यटन अधिकारी, तथा संबंधित विभागों के अधिकारी, के अलावा पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

## नगर पंचायत सभागार में ठेकों की हुई नीलामी

**रूरा,** कानपुर देहात। ईओ दिनेशचन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में नगर पंचायत सभागार में नगर पॅचायत के सब्जी, आलू, खोया एवॅ टैम्पो स्टैण्डों के ठेकों की नीलामी हुयी। साढ़े ग्यारह लाख रूपये कीमत के ठेके बोली के दौरान विभिन्न फर्मो व ठेकेदारों को आवंटित किये गये। ईओ दिनेशचन्द्र शुक्ला ने बताया कि हरी सब्जी आलू मण्डी का ठेका सबसे अधिक बोली लगाने वाले रघुनाथ एण्ड सन्स को 3,76,200 में आवंटित किया गया, आलू मण्डी का ठेका भी रघनाथ प्रसाद एण्ड सन्स को दो लाख पॉच हजार रुपये में आवंटित किया गया, हड्डी चमडा अली इण्टरप्राइजेज को दो हजार रूपये में, गुड़, धान रस्सी रघुनाथ प्रसाद एण्ड सन्स को एक हजार पांच सौ रुपये में, रूरा अकबरपुर मार्ग के टैम्पो स्टैण्ड का ठेका जय मॉ रेडीमेड फुटवियर को तीन लाख सात हजार नौ सौ रुपये में आवंटित किया गया, रूरा मिण्डाकुॅआ मार्ग के टैम्पों स्टैण्ड का ठेका देव कॉस्ट्रेक्शन एण्ड सप्लायर्स को अस्सी हजार पांच सौ रुपये व रूरा डेरापुर मार्ग के टैम्पो स्टैण्ड के ठेके को जय मॉ रेडीमेड फुटवियर के नाम एक लाख ग्यारह हजार रूपये में आवॅटित किया गया। नीलामी के दौरान, याद कुमार यादव, सैनूर अहमद, राजेश कुमार रावत,आकाश कुशवाहा, आदि मौजूद रहे।

# चीन की शांति योजना कारगर : पुतिन

**● कहा- यूक्रेन में लड़ाई का होगा समाधान बशर्ते पश्चिमी देश राजी हों**

भाषा। कीव

**रूस के राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को कहा कि चीन की शांति योजना यूक्रेन में लड़ाई के समाधान के लिए एक आधार प्रदान कर सकती है बशर्ते पश्चिमी देश इसके लिए तैयार हों। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ बातचीत के बाद पुतिन ने आरोप लगाया कि यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने अब तक इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन यूक्रेन को घटिया यूरेनियम युक्त युद्धक टैंक के लिए गोला-बारूद उपलब्ध कराने की योजना बना रहा है। पुतिन ने कहा कि पश्चिमी देश कीव को परमाणु क्षमता वाले हथियारों की आपूर्ति करने की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर ऐसा हुआ तो रूस माकूल जवाब देगा लेकिन इस बारे में विस्तार से नहीं बताया।



## जापान के पीएम किशिदा कीव पहुंचे

**कीव।** जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा एक आकस्मिक दौरे पर मंगलवार को यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। जापान के सरकारी टेलीविजन चैनल एनएचके ने यह जानकारी दी। किशिदा ऐसे समय पर कीव आए हैं, जब चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग रूस पहुंचे और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को इस साल के आखिर में बीजिंग में होने जा रहे एक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। शी ने मास्को में रूसी अधिकारियों से भी मुलाकात की। प्रधानमंत्री किशिदा यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक करेंगे। रूस-यूक्रेन के बीच एक साल से अधिक समय से जारी युद्ध के बीच चीनी राष्ट्रपति चिनफिंग की रूस यात्रा और टीवी फुटेज में जापान के प्रधानमंत्री किशिदा के यूक्रेन पहुंचने को अहम माना जा रहा है। एनएचके के फुटेज में किशिदा को एक रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर कुछ लोगों के साथ चलते देखा गया। किशिदा के साथ चल रहे लोग संभवतः यूक्रेन के अधिकारी थे। वहीं, जापान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन यात्रा के दौरान किशिदा यूक्रेनी लोगों के साहस और धैर्य के प्रति सम्मान व्यक्त करेंगे, जो राष्ट्रपति जेलेंस्की के नेतृत्व में अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

## यूक्रेन और रूस ने क्रीमिया के शहर में हमले को लेकर अलग-अलग दावे किए

**कीव।** रूस और यूक्रेन के अधिकारियों ने क्रीमिया के एक शहर में सोमवार को हमले के संबंध में अलग-अलग दावे किए हैं। यूक्रेन की सेना ने ट्रेन के जरिए ले जाई जा रही रूसी क्रूज मिसाइल को नष्ट करने का दावा किया है। वहीं, रूस का दावा है कि यूक्रेन के ड्रोन ने जांकोई में असैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। यूक्रेन की सेना की प्रवक्ता ने संकेत दिया कि उत्तरी क्रीमिया के जांकोई में कैलिबर क्रूज मिसाइल को उसकी सेना ने नष्ट किया हालांकि सीधे तौर पर इसकी जिम्मेदारी नहीं ली। यूक्रेन की दक्षिणी संचालन कमान के लिए प्रवक्ता नतालिया हुमेनिक ने हमले को रूस के लिए एक संदेश बताया कि उसे काला सागर प्रायद्वीप से चले जाना चाहिए जिसपर उसने 2014 में कब्जा कर लिया था। यूक्रेन की सेना की खुफिया एजेंसी ने अपनी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए एक अस्पष्ट बयान में कहा है कि एक विस्फोट से कई क्रूज मिसाइलें नष्ट हो गईं। बयान में यूक्रेन को स्पष्ट रूप से इस हमले के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया गया है। सेना की खुफिया एजेंसी ने कहा कि मिसाइलों को रूस के काला सागर बेड़े के जहाजों एवं पनडुब्बी के जरिए प्रक्षेपित किया जाना था। हालांकि, रूस द्वारा नियुक्त क्रीमिया के गवर्नर सर्गेई अक्सेनोव ने घटना के बारे में अलग विवरण दिए हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के ड्रोन ने जांकोई में असैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया लेकिन कोई गंभीर नुकसान नहीं हुआ। सोशल मीडिया पर सोमवार को कई असत्यापित खबरों में दावा किया गया कि रूस की रक्षा प्रणाली ने क्रीमिया में कई ड्रोनों को गिरा दिया। इस संबंध में किसी भी खबर की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं की जा सकी है।

# यूक्रेन के बच्चों को रूस ले जाने के मामले पर संरा की बैठक बुलाएगा रूस

भाषा। संयुक्त राष्ट्र



**रूस ने** अप्रैल की शुरुआत में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक अनौपचारिक बैठक बुलाने की योजना बनाई है, जिसमें यूक्रेनी बच्चों को रूस ले जाने की वास्तविक स्थिति पर चर्चा की जाएगी। अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने इस मामले में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है, जिसके बाद से यह मामला सुर्खियों में है। आईसीसी ने गत शुक्रवार को यूक्रेन से बच्चों के अपहरण में कथित संलिप्तता के कारण युद्ध अपराधों के लिए रूस के राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। संयुक्त राष्ट्र में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रूस आईसीसी की शुक्रवार को की गई घोषणा से काफी पहले से ही परिषद की बैठक बुलाने की योजना बना रहा था। रूस अप्रैल में परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। अदालत ने कहा था कि वह पुतिन की गिरफ्तारी की मांग इसलिए कर रहा है क्योंकि वह बच्चों के अवैध निर्वासन और यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों से रूसी संघ में बच्चों को अवैध रूप से ले जाने संबंधी युद्ध अपराधों के लिए कथित रूप से जिम्मेदार हैं। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय ने रूसी राष्ट्रपति के कार्यालय में बाल अधिकार मामलों की आयुक्त मारिया अलेक्सेयेवना लवोवा-बेलोवा के खिलाफ भी ऐसे ही आरोपों के सिलसिले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। इस फैसले का यूक्रेन ने स्वागत किया है। यूक्रेन पर रूस ने 14 फरवरी 2022 को हमला कर दिया था। युद्ध अब भी जारी है। रूस आईसीसी के 123 सदस्य देशों में शामिल नहीं है।

# गूगल ने सुरक्षा चिंताओं के बीच चीनी शॉपिंग ऐप को प्ले स्टोर से हटाया

भाषा। हांगकांग

**गूगल ने** चीनी शॉपिंग ऐप पिंडुओडुओ को अपने प्ले स्टोर से हटा दिया है, क्योंकि ऐप के अन्य स्रोतों से मालवेयर का पता चला था। गूगल ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उसने गूगल प्ले स्टोर पर पिंडुओडुओ ऐप को सुरक्षा चिंताओं से बाहर कर दिया और वह इस मामले की जांच कर रहा है। मुख्य रूप से यह ऐप चीन में काम करता है। टिकटॉक समेत चीन के नियंत्रण वाले कई ऐप को लेकर पहले से अमेरिकी-चीन के बीच तनाव है। कई अमेरिकी सांसदों ने टिकटॉक को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया था। उनका आरोप है कि इस तरह के ऐप का इस्तेमाल अमेरिकी उपयोगकर्ताओं की जासूसी के लिए किया जा सकता है। पिंडुओडुओ चीन में एक लोकप्रिय ई-कॉमर्स ऐप है, जो अक्सर छूट प्रदान करता है, यदि उपयोगकर्ता किसी सामग्री को खरीदने के लिए टीम बनाते हैं। गूगल ने मंगलवार को उपयोगकर्ताओं को चेतावनी दी।

## पश्चिम से बढ़ते दबाव के बीच टिकटॉक ने अपनी नियमावली में बदलाव किया

**लंदन।** पश्चिमी देशों के बढ़ते दबाव की पृष्ठभूमि में सोशल मीडिया मंच टिकटॉक ने मंगलवार को अपनी सामग्री और उपयोक्ताओं (कंटेंट और यूजर) के लिए नियमावली को अपडेट किया। पश्चिमी देश वीडियो साझा करने वाले इस चीनी ऐप की मदद से फर्जी सूचनाओं के फैलने की आशंका से चिंतित हैं। कंपनी ने ताजा सामुदायिक दिशा-निर्देश जारी किया है जिसमें अपलोड की जाने वाली सामग्री के लिए आठ सिद्धांत तय किए गए हैं।

## सऊदी अरब ने आपत्तिजनक ट्वीट करने वाले अमेरिकी नागरिक को रिहा किया

**वाशिंगटन।** सऊदी अरब ने युवराज मोहम्मद बिन सलमान पर आपत्तिजनक ट्वीट करने वाले अमेरिकी नागरिक को रिहा कर दिया है। अमेरिका में फ्लोरिडा के रहने वाले साद अल मादी (72) ने युवराज मोहम्मद बिन सलमान की आलोचना करते हुए कुछ ट्वीट किए थे, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। साद अल मादी के बेटे इब्राहिम अल मादी ने अपने पिता के रिहा होने की जानकारी दी है। साद अल मादी की रिहाई को लेकर सऊदी अथवा अमेरिकी अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी कर इसकी पुष्टि नही की गई है। लेकिन, साद अल मादी की रिहाई की प्रक्रिया बीते एक सप्ताह से ही शुरू हो गई थी।

## भारतीय छात्रों ने पीएम सुनक से अंग्रेजी परीक्षा घोटाले पर संज्ञान लेने को कहा

**लंदन।** भारतीयों सहित विभिन्न देशों के छात्रों ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को ज्ञापन देकर अंग्रेजी परीक्षा में घोटाले के कारण अन्यायपूर्ण तरीके से उनका वीजा रद्द किए जाने के मामले मे हस्तक्षेप कर कार्वाई का आग्रह किया। यह मामला 2014 का है जब बीबीसी पैनोरमा की पड़ताल में सामने आया था कि वीजा के लिए अनिवार्य भाषाई परीक्षा के दौरान ब्रिटेन मे दो परीक्षा केन्द्रो पर धांधली हुई थी। ब्रिटिश सरकार ने ऐसे केन्द्रो के खिलाफ विस्तृत कार्वाई की और इस कारण इन केन्द्रो पर परीक्षा देने वाले सैकड़ो-हजारो छात्रों का वीजा रद्द हो गया।

## टीटीपी मुद्दे पर चर्चा के लिए पाकिस्तान पहुंचा अफगान तालिबान शिष्टमंडल

**इस्लामाबाद।** खुफिया विभाग और सुरक्षा अधिकारियो सहित अफगान तालिबान का एक शिष्टमंडल प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) को लेकर पाकिस्तान की आशंकाओं को दूर करने के लक्ष्य से हाल ही में देश के एक गुपचुप दौरे पर आया था। मीडिया मे मंगलवार को इस संबंध मे खबरे आई है। काबुल मे तालिबान प्रशासन ने भी इसकी पुष्टि की है कि खुफिया महानिदेशालय (जीडीआई) के प्रमुख अब्दुल्ला गजनवी के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल टीटीपी और पाकिस्तान को खतरे के संबंध मे बात करने इस्लामाबाद आया था।


## वैपिंग कितना हानिकारक है और क्या इसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए?

**पर्थ।** वैपिग नियमित रूप से सुर्खियां बटोरता है, कुछ लोग धूम्रपान छोड़ने मे मदद के लिए ई-सिगरेट की अधिक उपलब्धता की बात करते है, जबकि अन्य लोग विशेष रूप से किशोरों के लिए खतरों का हवाला देते हुए वैपिग उत्पादो पर प्रतिबंध लगाने के इच्छुक है।तो यह कितना खतरनाक है? हमने वैपिग अनुसंधान की साक्ष्य जांच की है। इसमे तम्बाकू से होने वाले नुकसान मे कमी, वैपिग के प्रसार और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावो और प्रतिक्रिया मे अन्य देश क्या कर रहे है।

# पाक अदालत ने इमरान की याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा

भाषा। इस्लामाबाद

**इस्लामाबाद की** एक आतंक-रोधी अदालत (एटीसी) ने पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ आतंकवाद के प्रावधानों के तहत दर्ज एक मामले में पेशी से छूट की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। खान के वकील सरदार मसरूफ खान अदालत में पेश हुए। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) प्रमुख की कानूनी टीम ने उनकी ओर से मंगलवार की पेशी से छूट के लिए अनुरोध दायर किया। एटीसी न्यायाधीश राजा जवाद अब्बास के समक्ष पेश वकील ने कहा कि इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर में 70-वर्षीय खान की पिछली पेशी पर हुई घटना सभी के आंखों के सामने थी। वकील ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या की आशंका थी। वकील ने कहा कि खान खुद न्यायिक परिसर जाना चाहते थे, लेकिन मौजूदा स्थिति ने इसकी इजाजत नहीं दी। इस्लामाबाद न्यायिक परिसर के बाहर शनिवार को उस वक्त जबर्दस्त झड़पें हुईं, जब खान तोशाखाना मामले की बहुप्रतीक्षित सुनवाई में शामिल होने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद पहुंचे।



## हिंसा भड़काने के आरोप में पाकिस्तानी पत्रकार गिरफ्तार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की पुलिस ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के लिए पिछले सप्ताह पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पेशी के दौरान यहां अदालत परिसर के बाहर हिंसा भड़काने के आरोप में एक पत्रकार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।खान के समर्थकों और पुलिस के बीच शनिवार को कई घंटे तक संघर्ष हुआ था। यह संघर्ष अदालत परिसर के बाहर उस समय हुआ था, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख खान पाकिस्तान के निर्वाचन आयोग द्वारा दायर एक शिकायत पर कार्यवाही में भाग लेने के लिए अदालत पहुंचे थे। आयोग ने खान के खिलाफ शिकायत संपत्ति घोषणाओं में उपहारों का ब्योरा कथित रूप से छिपाने को लेकर दायर की थी। इस्लामाबाद पुलिस ने ट्वीट किया, बोल न्यूज से जुड़े पत्रकार सिद्दीकी जान को पुलिस ने सोमवार को इस्लामाबाद में उनके कार्यालय से पकड़ा और पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई, बाद में उनके खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया।

## अदालत ने आतंकवाद के दो मामलों में गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने मंगलवार को लाहौर उच्च न्यायालय से तीन मामलो मे गिरफ्तारी से संरक्षण प्राप्त किया। इन मामलो मे से दो मामले आतंकवाद से संबंधित है, जो पिछले सप्ताह इस्लामाबाद में न्यायिक परिसर के बाहर हुई हिसक झड़प के मामले में उनके खिलाफ दर्ज किए गए थे। न्यायमूर्ति शहबाज रिजवी और न्यायमूर्ति फारूक हैदर की दो न्यायाधीशो वाली पीठ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रमुख को 27 मार्च तक आतंकवाद के मामलों मे गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया। खान तोशाखाना मामले में एनएबी की जांच के संबंध में लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के न्यायमूर्ति बाकिर नक्वी के समक्ष भी पेश हुए।

पीटीआई कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच टकराव के दौरान, 25 से अधिक सुरक्षाकर्मी घायल हो गए, जिसके बाद अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने अदालत की सुनवाई को 30 मार्च तक के लिए टाल दिया।

# बोरिस जॉनसन ने संसद को गुमराह करने की बात मानी, लेकिन कहा-ऐसा अनजाने में हुआ

भाषा। लंदन

**ब्रिटेन के** पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को स्वीकार किया कि कोरोना वायरस महामारी के दौरान सरकारी कार्यालयों में नियमों के खिलाफ पार्टी आयोजित करने के मामले में उन्होंने संसद को गुमराह किया लेकिन जोर दिया कि ऐसा जानबूझकर नहीं किया गया था। कोविड-19 लॉकडाउन के नियमों का उल्लंघन करते हुए प्रधानमंत्री कार्यालय में पार्टी आयोजित करने के संबंध में उन्हें सांसदों के सवालों का सामना करना होगा कि क्या उन्होंने नियमों को तोड़ने पर झूठ बोला। अगर यह पाया गया कि उन्होंने जानबूझकर झूठ बोला था तो उन्हें निलंबित किया जा सकता है या संसद की सदस्यता भी जा सकती है। हाउस ऑफ कॉमन्स की विशेषाधिकार समिति को लिखित जवाब में, जॉनसन ने स्वीकार किया कि संसद में मेरा बयान कि हर समय नियमों और परामर्श का पालन किया गया था, सही नहीं निकला।

## ब्रिटेन में खालिस्तानी चरमपंथियों के हमले के बाद भारतीय समुदाय के लोगों ने एकजुटता बैठक बुलाई

**लंदन।** ब्रिटेन में प्रवासी भारतीयों के कई समूहों ने एकजुटता दिखाते हुए मंगलवार को यहां इंडिया हाउस के बाहर हम भारतीय उच्चायोग के साथ हैं नामक प्रदर्शन का आह्वान किया। भारतीय उच्चायोग के परिसर में खालिस्तानी चरमपंथियों के हमले के मद्देनजर प्रवासी भारतीयों ने एकजुटता दिखाते हुए यह प्रदर्शन किया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने सोमवार शाम को इंडिया हाउस में प्रवासी भारतीयों की एक बैठक की मेजबानी की और इस हमले के बाद भारतीय समुदाय के नेताओं की चिंताओं का समाधान करने का प्रयास किया। गौरतलब है कि खालिस्तानी झंडे लहराते और खालिस्तान के समर्थन में नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों के एक समूह ने लंदन में भारतीय उच्चायोग के ऊपर फहराए गए तिरंगे को रविवार शाम उतारने का प्रयास किया था। घटना के बाद हिंसक उपद्रव के संबंध में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। इसके बाद भारतीय उच्चायोग की इमारत पर एक अतिरिक्त तिरंगा लगाया गया है।

## लंदन की पुलिस नस्लवादी, महिला विरोधी और समलैंगिकों के प्रति द्वेष रखने वाली : रिपोर्ट

**लंदन।** ब्रिटेन में नस्लवादी, महिला विरोधी और समलैंगिकों के प्रति द्वेष रखने के कारण लंदन पुलिस ने जनता का विश्वास खो दिया है। एक स्वतंत्र समीक्षा रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। लंदन पुलिस के एक अधिकारी ने हाल में एक युवती के साथ दुष्कर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी थी, जिसके बाद पुलिस के बारे में लोगों की राय जानने के लिए यह समीक्षा की गई थी। लंदन पुलिस में 34 हजार से अधिक पुलिसकर्मी कार्यरत हैं और यह ब्रिटेन का सबसे बड़ा पुलिस बल है। मंगलवार को प्रकाशित इस समीक्षा रिपोर्ट के मुताबिक लंदन पुलिस को अपना रवैया बदलने की आवश्यकता है। इस समीक्षा का नेतृत्व करने वालीं अधिकार एवं सामाजिक कार्यकर्ता लुईस केसी ने कहा, पुलिस से खुद को सुरक्षित रखना आम जनता का काम नहीं है। आम जनता को सुरक्षित रखना पुलिस का काम है। लंदन में रहने वाले बहुत से लोगों का पुलिस से विश्वास उठ गया है।

## अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय वित्त आयोग में शीर्ष पद पर निशा देसाई के नामित होने की संभावना

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की भारतीय-अमेरिकी निशा देसाई बिस्वाल को अमेरिका अंतरराष्ट्रीय विकास वित्त आयोग में शीर्ष प्रशासनिक पद के लिए नामित करने की मंशा है। व्हाइट हाउस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्ववर्ती बराक ओबामा प्रशासन के दौरान दक्षिण तथा मध्य एशिया के लिए सहायक विदेश मंत्री के रूप में काम कर चुकी बिस्वाल को अमेरिकी विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों में 30 साल से अधिक का अनुभव है। वह अभी अमेरिकी चैम्बर ऑफ कॉमर्स में अंतरराष्ट्रीय रणनीति और वैश्विक पहल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। व्हाइट हाउस ने कहा कि बिस्वाल 2013 से 2017 तक अमेरिकी विदेश विभाग में दक्षिण और मध्य एशियाई मामलों की सहायक विदेश मंत्री रहीं और उस दौरान उन्होंने वार्षिक अमेरिका-भारत रणनीति और वाणिज्यिक संवाद शुरू करने समेत दोनों देशों के बीच अभूतपूर्व सहयोग में अहम भूमिका निभाई।

## कनाडा में भारत के उच्चायुक्त ने सुरक्षा कारणों से कार्यक्रम रद्द किया

**टोरंटो।** खालिस्तान समर्थकों के हिंसक प्रदर्शन के बाद ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को सुरक्षा चिंताओं के कारण रद्द करना पड़ा, जिसमें कनाडा में भारतीय उच्चायुक्त हिस्सा लेने वाले थे। यह कार्यक्रम भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा की पश्चिमी तट की उनकी पहली यात्रा पर स्वागत के लिए ताज पार्क कन्वेंशन सेंटर सरे में रविवार को आयोजित था। कैनेडियन ग्लोबल टेलीविज़न नेटवर्क के समाचार एवं समसामायिक मामलों के प्रभाग ग्लोबल न्यूज ने बताया कि इस कार्यक्रम को सुरक्षा कारणों से अंततः रद्द कर दिया गया।

# उपहारों की जानकारी नहीं दे पाए ट्रंप




भाषा। वाशिंगटन

**दलगत** लोकतांत्रिक कांग्रेस समिति ने एक रिपोर्ट में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप (76) पर आरोप लगाया है कि वह अपने परिवार को विदेशी नेताओं द्वारा दिए गए 250,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग दो करोड़ छह लाख रुपए) के उपहार के बारे में जानकारी देने में विफल रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, उपहार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तत्कालीन राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ सहित कई भारतीय नेताओं द्वारा दिए गए 47,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 38 लाख 85 हजार रुपए) के उपहार भी शामिल हैं। समिति की रिपोर्ट का शीर्षक है सऊदी तलवारें, भारतीय आभूषण, और डोनाल्ड ट्रम्प का एक विशालकाय साल्वाडोरन पोर्ट्रेट: प्रमुख विदेशी उपहारों की जानकारी देने में ट्रम्प प्रशासन की विफलता।रिपोर्ट, विदेशी उपहार और सजावट अधिनियम के तहत, कार्यालय में रहते हुए विदेशी सरकारी अधिकारियों से मिले उपहारों की जानकारी देने में पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प की विफलता को लेकर समिति डेमोक्रेट्स की चल रही जांच के प्रारंभिक निष्कर्ष प्रस्तुत करती है। ट्रम्प, एक रिपब्लिकन नेता हैं और वह 2017 से 2021 तक अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के पद पर थे।

## पॉर्न स्टार को धन के भुगतान से जुड़े विवाद में ग्रैंड ज्यूरी अपना काम पूरा करने को तैयार

**न्यूयॉर्क।** एक पोर्न स्टार को धन का भुगतान करने के मामले मे अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ जांच कर रही न्यूयॉर्क ग्रैंड ज्यूरी जल्द ही अपना काम पूरा करने के लिए तैयार है और कानून लागू करने वाले अधिकारी अभियोग की स्थिति मे संभावित अशांति से निपटने की तैयारी कर रहे है। ट्रंप किसी साक्ष्य के बगैर सप्ताहांत से दावा कर रहे है कि उन्हे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया जाएगा, हालांकि उनके प्रतिनिधियों ने बाद मे कहा कि वह मीडिया खबरो एवं लीक के हवाले से ऐसा कर रहे है। ऐसे मौके पर जब न्यूयॉर्क जूरी की जांच निष्कर्ष की ओर बढ़ रही है, ट्रम्प को अटलांटा और वाशिंगटन मे भी आपराधिक जांच का सामना करना पड़ सकता है और महत्वपूर्ण कानूनी संकट पैदा कर सकता है।

# चीनी घुसपैठ पर भारत को खुफिया जानकारी देने की खबर से अमेरिका ने किया खंडन

**● कहा, इसकी पुष्टि नही कर सकते**

भाषा। वाशिंगटन

**व्हाइट हाउस** ने सोमवार को उस खबर की पुष्टि करने से इनकार कर दिया जिसमें दावा किया गया है कि अमेरिका ने पिछले साल भारतीय सेना को महत्वपूर्ण खुफिया जानकारी मुहैया कराई थी जिससे उसे चीनी घुसपैठ से सफलतापूर्वक निपटने में मदद मिली। व्हाइट हाउस में रणनीतिक संचार के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने खबर के बारे में पूछे जाने पर यहां एक दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, नहीं, मैं इसकी पुष्टि नहीं कर सकता। यूएस न्यूज ने एक विशेष खबर में दावा किया था कि भारत, अमेरिकी सेना के अभूतपूर्व खुफिया सूचना साझा करने के कारण पिछले साल के अंत में हिमालय के ऊंचाई वाले सीमा क्षेत्र में चीन की सैन्य घुसपैठ का जवाब दे पाया। अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास नौ दिसंबर को भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच संघर्ष और टकराव में दोनों पक्षों के कुछ सैनिक मामूली रूप से घायल हो गए थे। अरुणाचल प्रदेश क्षेत्र में अमेरिकी खुफिया समीक्षा (जिसे जारी नहीं किया गया) की रिपोर्ट की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि अमेरिकी सरकार ने पहली बार अपने भारतीय समकक्षों को चीन की स्थिति और सुरक्षा बल की ताकत के बारे में वास्तविक समय का विवरण प्रदान किया। सूचना में कार्वाई योग्य उपग्रह की तस्वीरें शामिल थीं और इसमें अधिक विस्तृत जानकारी दी गई थी।

# प्रकाश प्रदूषण : बदल रहा रात का आसमान

**● उपग्रह और अंतरिक्ष कबाड़ अंधेरी रात के आसमान को उजला बना सकते हैं, सितारों को छिपा सकते हैं**

भाषा। क्वींसलैंड

**अनादि काल** से, दुनिया भर के मनुष्यों ने रात के आकाश को आश्चर्य से देखा है। तारों भरी रात के आसमान को देखकर न केवल संगीत, कला और कविता के अनगिनत कार्य किए गए हैं, बल्कि इसने टाइमकीपिंग, नेविगेशन और कई परंपराओं में कृषि पद्धतियों में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।कई संस्कृतियों के लिए, रात का आकाश, अपने सितारों, ग्रहों और मिल्की वे के साथ, प्राकृतिक पर्यावरण का उतना ही महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है जितना कि जमीन के जंगल, झीलें और पहाड़। दुनिया भर में अनगिनत लोग रात के आकाश को निहारते हैं: न केवल शौकिया और पेशेवर खगोलविद, बल्कि आकस्मिक पर्यवेक्षक भी जो ब्रह्मांड में हमारे स्थान पर विचार करने के लिए सितारों को देखने का आनंद लेते हैं। हालांकि, रात का आसमान बदल रहा है। न केवल भू-आधारित प्रकाश प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, बल्कि पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में उपग्रहों और अंतरिक्ष मलबे की बढ़ती संख्या भी रात के आकाश को प्रभावित कर रही है। पहले के शोध से पता चला था कि उपग्रह और अंतरिक्ष मलबे रात के आकाश की समग्र चमक को बढ़ा सकते हैं। नेचर एस्ट्रोनॉमी में एक नए पेपर में, मेरे सहयोगियों और मैंने इस ज्ञान को एक प्रमुख खगोलीय आकाश सर्वेक्षण के प्रदर्शन की भविष्यवाणी करने के लिए लागू किया। हमने पाया कि यह घटना सर्वेक्षण को 7.5ञ कम कारगर और दो करोड़ 18 लाख डॉलर अधिक महंगा बना सकती है।



## खगोलविदों के लिए कठिन समय

हमारे शोध मे, हम प्रमुख भू-आधारित खगोल विज्ञान अनुसंधान सुविधाओ पर पृथ्वी की निचली कक्षा मे उपग्रहो और अंतरिक्ष मलबे के कुल प्रभावों की पहली प्रकाशित गणना प्रस्तुत करते है। हमने 2024 में शुरू होने वाले वेरा रुबिन वेधशाला में किए जाने वाले रात्रि आकाश के नियोजित बड़े पैमाने के सर्वेक्षण पर प्रभाव को देखा। हमने पाया कि 2030 तक, निचली-पृथ्वी कक्षा मे वस्तुओ से परावर्तित प्रकाश के प्रसार मे वृद्धि होने की संभावना होगी। इस सर्वेक्षण के लिए पृष्ठभूमि चमक प्रदूषण रहित आकाश की तुलना मे कम से कम 7.5ञ तक अधिक होगी।इससे इस सर्वेक्षण की दक्षता मे भी 7.5ञ की कमी आएगी। सर्वेक्षण के दस साल के जीवनकाल मे, हमारा अनुमान है कि इससे कुल परियोजना लागत मे कुछ दो करोड़ 18 लाख डॉलर जुड़ जाएंगे।उज्जवल रात के आसमान का मतलब है कि ब्रह्मांड मे दूर की वस्तुओ को देखने के लिए दूरबीनो के माध्यम से लंबे समय तक संपर्क की आवश्यकता होगी।

## एक नाटकीय और अभूतपूर्व परिवर्तन

आकाश की चमक मे वृद्धि से रात के आकाश को बिना सहायता के खुली आंखों से देखने का तरीका भी बदल जाएगा। जैसा कि मानव आंख अलग-अलग छोटी वस्तुओं को एक साथ नही देख सकती है, जिस तरह से एक टेलीस्कोप देख सकता है, उपग्रहों और अंतरिक्ष मलबे मे वृद्धि रात के आकाश की स्पष्ट चमक मे और भी अधिक वृद्धि करेगी। (दूरबीन का उपयोग करते समय, कोई व्यक्ति व्यक्तिगत रूप से अधिक मंद उपग्रहो को देखने मे सक्षम होगा।)रात के आकाश की चमक मे अनुमानित वृद्धि से धुंधले सितारो और मिल्की वे को देखना मुश्किल हो जाएगा, जो दोनो विभिन्न सांस्कृतिक परंपराओं मे महत्वपूर्ण है।

# चीन से ऋण लेने को लेकर सतर्क है बांग्लादेश : हसीना

भाषा। ढाका



**बांग्लादेश** की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार चीन के साथ विकास साझेदारी को लेकर बहुत ज्यादा सतर्क है और ढाका विदेशी सहायता के लिए किसी देश विशेष पर निर्भर नहीं है। गौरतलब है कि दुनिया भर में छोटे देशों पर चीन के बढ़ते ऋण को लेकर चिंता की स्थिति है। श्रीलंका द्वारा हम्बनटोटा बंदरगाह 99 साल के पट्टे पर चीन को दिए जाने के बाद चीन की महत्वकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल और छोटे देशों में अरबों डॉलर की लागत वाली महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में चीन द्वारा सहायता किए जाने के कुप्रभाव को लेकर चिंता बढ़ी। हसीना ने सीएनएन के साथ साक्षात्कार में कहा, हम ऋण लेने के मामले में बहुत सतर्क हैं... ज्यादातर हम विश्व बैंक या एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से ऋण लेते हैं। चीन से हमने बहुत कम ऋण लिया है। यह श्रीलंका या अन्य देशों जैसा नहीं है।

# केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेंगी ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वह अपने राज्य के प्रति भाजपा-नीत केंद्र सरकार के कथित भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में 29 मार्च से यहां दो-दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगी। ममता ने दावा किया कि केंद्र ने मनरेगा परियोजना और आवास तथा सड़क विभागों की अन्य पहलों के लिए धन जारी नहीं किया है। ओडिशा की तीन-दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले उन्होंने दमदम हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा, पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है, जिसे केंद्र से कुछ भी नहीं मिला है। इसने हमें हमारा बकाया पैसा नहीं दिया है। इस साल के केंद्रीय बजट में भी हमारे राज्य के लिए कुछ नहीं था।

इसलिए, मैं मुख्यमंत्री के रूप में, बंगाल के प्रति केंद्र के भेदभाव के विरोध में 29 मार्च से कोलकाता में डॉ बी. आर. आंबेडकर की प्रतिमा के पास धरना-प्रदर्शन करूंगी और इसे 30 मार्च की शाम तक जारी रखूंगी। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो बनर्जी ने कहा कि वह भी गैस सिलेंडरों की कीमतों में वृद्धि का विरोध करेंगी। उन्होंने कहा, तीस मार्च के बाद हम इस कार्यक्रम को (पश्चिम बंगाल के) एक ब्लॉक से दूसरे तथा एक जिले से दूसरे जिले तक ले जाएंगे।

बनर्जी ने कहा कि तटीय राज्य की अपनी यात्रा के दौरान वह ओडिशा के अपने समकक्ष नवीन पटनायक के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी (बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि व्यवसायी गौतम अडाणी और भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी केंद्र और भाजपा की सरकार के सबसे अच्छे दोस्त हैं और भगवा पार्टी इन्हीं लोगों के लिए काम कर रही है। ममता बनर्जी ने यह आरोप इंटरपोल की रेड कॉर्नर नोटिस सूची से मेहुल चोकसी का नाम हटाए जाने के एक दिन बाद लगाया है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने यह भी कहा कि बैंकों के पास पैसा नहीं है और लोगों को 100 दिन की कार्य योजना के लिए काम करने के बाद भी वेतन नहीं मिल रहा है। उन्होंने दावा किया, देश चंद लोगों से चलता है। बैंक पूरी तरह से कंगाल हैं और केंद्र 100 दिनों की कार्य योजना (मनरेगा) के लिए पैसा नहीं दे रहा है। लेकिन इन लोगों (अडाणी और चोकसी) ने बहुत पैसा इकट्ठा किया है।

हवाईअड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि भारतीय जीवन बीमा (एलआईसी) शून्य हो गया है। सरकारी बीमा कंपनी ने अडाणी के नेतृत्व वाली समूह की कंपनियों के शेयरों में निवेश किया था, जिनके शेयरों की कीमतें हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट के बाद गिर गईं। पुरी जगन्नाथ मंदिर में पूजा करने के लिए पड़ोसी ओडिशा की तीन दिवसीय यात्रा पर जाने से पहले उन्होंने कहा, अब अडाणी और मेहुल भाजपा के सबसे अच्छे दोस्त हैं।

### ओडिशा पहुंची दीदी, कल पटनायक से हो सकती है मुलाकात

**भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मंगलवार को अपने तीन-दिवसीय ओडिशा दौरे पर यहां पहुंचीं। इस दौरान उनका बृहस्पतिवार को ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से मिलने का भी कार्यक्रम है। ओडिशा के गृह राज्य मंत्री टी. के. बेहेरा ने बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ममता बनर्जी का स्वागत किया। भुवनेश्वर से पुरी पहुंचने के बाद बनर्जी ने संवाददाताओं से कहा, नवीन पटनायक जी वरिष्ठ नेता हैं और मेरा उनसे बृहस्पतिवार को मिलने का कार्यक्रम है। जगन्नाथपुरी में बनर्जी दो रात के लिए निर्माण निवास में रुकेंगी। पुलिस अधीक्षक के. वी. सिंह ने बताया, पुरी में उनके ठहरने की उचित व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बुधवार अपराह्न तीन बजे पुरी जिले के अधिकारियों के साथ घंटे भर लंबी बैठक करेंगी और शाम चार बजे भगवान जगन्नाथ के दर्शन को जाएंगी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को बनर्जी शाम करीब साढ़े चार बजे भुवनेश्वर पहुंचेंगी और नवीन पटनायक से उनके आवास पर मुलाकात करने के बाद कोलकाता रवाना होंगी। इस बीच, पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि दोनों गैर-भाजपाई मुख्यमंत्रियों के बीच अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हो सकती है। तृणमूल कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई-भाषा से कहा, बनर्जी भाजपा-विरोधी आंधी में एक प्रेरक शक्ति हैं। दोनों मुख्यमंत्री 2024 आम चुनाव से जुड़ी रणनीति पर चर्चा कर सकते हैं। बनर्जी ने समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव के कोलकाता दौरे पर उनसे भी मुलाकात की थी।

# यूएपीए अधिकरण ने पीएफआई पर सरकार के प्रतिबंध की पुष्टि की

● **पांच साल का प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले की पुष्टि**

**भाषा।** नई दिल्ली

**गैर कानूनी** गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत गठित एक अधिकरण ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) को गैर कानूनी संगठन घोषित करने और इसपर पांच साल का प्रतिबंध लगाने के केंद्र सरकार के फैसले की मंगलवार को पुष्टि की। इस्लामिक स्टेट (आईएस) जैसे वैश्विक आतंकवादी संगठनों से कथित रूप से संबंध होने और देश में सांप्रदायिक नफरत फैलाने के आरोप में बीते बरस 27 सितंबर को केंद्र सरकार ने पीएफआई पर पांच साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया था।

मामले से जुड़े वकीलों ने पुष्टि की कि अधिकरण की अगुवाई कर रहे दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने अपने फैसले में संगठन पर प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्र ने पीएफआई और इसके सहयोगी या इससे संबद्ध संगठनों पर रोक लगा दी थी, जिसमें रेहाब इंडिया फाउंडेशन (आरआईएफ), कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई), ऑल इंडिया इमाम्स काउंसिल (एआईआईसी), नेशनल कॉन्फेडरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स आ र्ग नाइ ज़े शन (एनसीएचआरओ), नेशनल वूमेंस फ्रंट, जूनियर फ्रंट, इम्पावर इंडिया फाउंडेशन और रेहाब फाउंडेशन, केरल शामिल था।

नेशनल वूमेंस फ्रंट की पैरवी कर रहे वकील कार्तिक वेणु ने कहा कि अधिकरण ने सभी आठ संगठनों पर प्रतिबंध की पुष्टि की है। केंद्र सरकार ने पिछले साल 27 सितंबर को जारी अधिसूचना में कहा था उक्त कारणों के चलते केंद्र सरकार का दृढ़ता से यह मानना है कि पीएफआई की गतिविधियों को देखते हुए उसे और उसके सहयोगियों या मोर्चों को तत्काल प्रभाव से गैरकानूनी संगठन घोषित करना जरूरी है। उक्त अधिनियम की धारा-3 की उपधारा (3) में दिए गए अधिकार का इस्तेमाल करते हुए इसे गैर-कानूनी घोषित किया जाता है। पीएफआई से कथित रूप से जुड़े 150 से अधिक लोगों को पिछले साल सितंबर में सात राज्यों में छापेमारी के दौरान हिरासत में लिया गया था या गिरफ्तार किया गया था।

## भविष्य में भी आतंकवाद, आंतरिक सुरक्षा चुनौतियां होंगी: सेना प्रमुख

**भाषा।** गुरुग्राम

**सेना प्रमुख** जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को कहा कि भारत के समक्ष भविष्य में भी आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियां उत्पन्न होंगी और देश के सुरक्षा बल एकजुट होकर उनसे निपटेंगे। जनरल पांडे यहां मानेसर में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) द्वारा आयोजित अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। जनरल पांडे ने कहा कि नए जमाने की तकनीक ने दुश्मन को ड्रोन, इंटरनेट, साइबर स्पेस और सोशल मीडिया के जरिए अपनी गतिविधियों को अंजाम देने में सक्षम बनाया है। उन्होंने कहा, आप सभी जानते हैं कि आतंकवाद और आंतरिक सुरक्षा की स्थिति हमारे देश को विभिन्न तरीकों से प्रभावित कर रही है। हम एकजुट होकर इन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इससे विभिन्न राज्यों में (सुरक्षा) स्थिति में सुधार हो रहा है।

ये चुनौतियां भविष्य में भी जारी रहेंगी। इनमें से कुछ चुनौतियां लंबे समय तक रहेंगी, कुछ परोक्ष रूप से मौजूद रहेंगी जबकि कुछ गुप्त रूप से रहेंगी। जनरल पांडे ने कहा कि देश में आतंकवादी हमलों की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने साथ ही इस तरह के षड्यंत्रों एवं नेटवर्क को विफल करने के लिए खुफिया एवं सुरक्षा बलों की प्रशंसा की। उन्होंने संघीय आतंकवाद रोधी बल एनएसजी की, बम का पता लगाने और उसे निष्क्रिय करने, ड्रोन का मुकाबला करने के साथ-साथ अन्य सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय में विशेष कौशल विकसित करने के लिए प्रशंसा की। प्रतियोगिता में विभिन्न केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और राज्य पुलिस संगठनों की कुल 24 टीमें भाग ले रही हैं। यह प्रतियोगिता 31 मार्च को समाप्त होगी।

## एनआईए ने आतंकवाद-गैंगस्टर गठजोड़ मामले में 12 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने खालिस्तान समर्थक संगठनों और पाकिस्तान में रहने वाले षड्यंत्रकारियों के साथ कथित रूप से संबंध रखने वाले 12 लोगों के खिलाफ मंगलवार को पहला आरोप पत्र दायर किया। एजेंसी आतंकवाद-गैंगस्टर गठजोड़ के तीन मामलों की जांच कर रही है। इनमें से एक मामले में यह आरोप पत्र दायर किया गया है। संघीय एजेंसी के एक प्रवक्ता ने कहा कि एजेंसी आतंकवाद से जुड़ी साजिश में भूमिका को लेकर 10 और लोगों के खिलाफ जांच कर रही है, जिनमें कुछ नेताओं, गायकों और कारोबारियों की हत्या करने का षड्यंत्र शामिल है, ताकि लोगों को डराया जा सके और उनसे पैसों की उगाही की जा सके और सनसनी पैदा की जा सके।

अधिकारी ने बताया कि तहकीकात में सामने आया है कि आरोप में नामज़द किए गए लोगों के प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स और इसके सदस्य अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डाला से संबंध हैं। गिल को आतंकवादी घोषित किया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि पाकिस्तान में रहने वाले षड्यंत्रकारियों के साथ संपर्क में होने के अलावा आरोपी कनाडा और अन्य देशों में रहने वाले खालिस्तान समर्थक तत्वों के भी संपर्क में थे। यहां एक अदालत में दायर किए गए आरोप पत्र में गिल, गौरव पटयाल, सुखप्रीत बुद्धा, कौशल चौधरी, अमित डागर, नवीन बाली, छोटू भट, आसिफ खान, जग्गा तखतमल, टिल्लू ताजपुरिया, भूपी राणा और संदीप बंदर के नाम हैं।

प्रवक्ता के मुताबिक, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में 91 स्थानों पर छह महीने के दौरान छापेमारी और विभिन्न संगठित अपराध समर्थक नेटवर्क के 100 से ज्यादा सदस्यों से पूछताछ के बाद यह आरोप पत्र दायर किया गया है। एनआईए ने कहा कि उसने गिरोह के सदस्यों को शरण देने और उनके लिए हथियार जमा करने के लिए हरियाणा और पंजाब में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए ठिकानों का भी पता लगाया है। उन्होंने बताया कि इन छापों में करीब 20 हथियार, 527 कारतूस, 195 डिजिटल उपकरण और 281 दस्तावेज़ ज़ब्त किए गए हैं।

ये गिरोह लक्षित हत्याओं को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे और आतंकवादियों, गैंगस्टर, मादक पदार्थ तस्करों और उनके नेटवर्क के बीच गहरी साजिश के तहत आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए धन जुटा रहे थे और वे देश के भीतर और बाहर दोनों जगह से काम कर रहे थे। इस बीच, एनआईए ने जम्मू कश्मीर आतंकी साजिश मामले में प्रतिबंधित संगठन हिज़्ब-उल-मुजाहिदीन के एक मददगार के खिलाफ सोमवार को पहला पूरक आरोप पत्र दायर किया।

## महात्मा गांधी की पोती उषा गोकनी का निधन

**भाषा।** मुंबई

**महात्मा गांधी** की पोती उषा गोकनी का मंगलवार को मुंबई में निधन हो गया। मणि भवन के कार्यकारी सचिव मेघश्याम अजगांवकर ने बताया कि 89 वर्षीय गोकनी पिछले पांच साल से बीमार थीं। गोकनी गांधी स्मारक निधि, मुंबई की पूर्व अध्यक्ष थीं, जो मणि भवन में स्थित है। मणि भवन का भारत के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में विशेष महत्व है। गोकनी ने अपना बचपन वर्धा के सेवाग्राम आश्रम में बिताया, जिसकी स्थापना महात्मा गांधी ने की थी। गांधी स्मारक निधि, मुंबई की स्थापना कई रचनात्मक गतिविधियों को संचालित करने और बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी, जिनके साथ महात्मा गांधी अपने जीवनकाल के दौरान जुड़े रहे थे। महात्मा गांधी वर्ष 1917 से 1934 तक कई बार मणि भवन में ठहरे थे।

## विवक न्यूज

### आजादी के पश्चात हुए बंटवारे के बाद बचा भारत हिंदू राष्ट्र ही है : भाजपा महासचिव

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को कहा कि ब्रितानी राज से वर्ष 1947 में आजादी के दौरान धार्मिक आधार पर हुए विभाजन के बाद बचा भारत हिंदू राष्ट्र ही है। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित किए जाने की मांग के बारे में पूछे जाने पर विजयवर्गीय ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा, जब भारत का विभाजन हुआ, तो इसी मसले (धार्मिक आधार) पर हुआ था। विभाजन के बाद पाकिस्तान बना और बचा हुआ देश तो हिंदू राष्ट्र ही है। यह दावा भी किया कि भोपाल में रहने वाले उनके एक मुस्लिम मित्र रोज हनुमान चालीसा पढ़ते हैं और शिव मंदिर भी जाते हैं। विजयवर्गीय ने हालांकि इस व्यक्ति की निजता का हवाला देते हुए उसकी पहचान उजागर करने से इनकार कर दिया। भाजपा महासचिव ने आगे कहा, मैंने अपने मुस्लिम मित्र से पूछा कि हनुमान और शिव की भक्ति की उन्हें कैसे प्रेरणा मिली, तो उन्होंने जवाब दिया कि जब उन्होंने उनके परिवार का इतिहास देखा, तो उन्हें पता चला कि उनके पुरखे राजस्थान के राजपूत थे और उनके कुछ रिश्तेदार अब भी राजपूत ही हैं जो राजस्थान और उत्तरप्रदेश में रहते हैं। विजयवर्गीय ने दावा किया कि उनके मुस्लिम मित्र की तरह देश में ऐसे बहुत सारे लोग हैं जो कहीं न कहीं इस बात को महसूस कर रहे हैं कि उनके पूर्वज कभी हनुमान चालीसा पढ़ते थे। भाजपा महासचिव ने यह भी कहा कि वह युवाओं को नशे की बुरी प्रवृत्ति से दूर करने के लिए हनुमान चालीसा क्लब बनाने की योजना पर विचार कर रहे हैं। पंजाब में अलगाववादियों की हालिया गतिविधियों पर विजयवर्गीय ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार बड़ी चिंता से काम कर रही हैं और सरकारी कदमों के अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

### सेना की चीन से लगती सीमा के पास हरित हाइड्रोजन आधारित ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की योजना

**नई दिल्ली।** सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने उत्तरी सीमाओं से लगे अग्रिम क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन आधारित माइक्रो ग्रिड ऊर्जा संयंत्र परियोजना की स्थापना के लिए एक प्रक्रिया शुरू की है। यह कदम चीन के साथ पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद के बीच आया है तथा परियोजना उन अग्रिम क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही है, जो राष्ट्रीय या राज्य पावर ग्रिड से नहीं जुड़े हैं सेना ने कहा कि उसने पहल के लिए, मंगलवार को नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (एनटीपीसी आरईएल) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। भारत ने चार जनवरी को राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन को 2030 तक प्रतिवर्ष 50 लाख टन हरित हाइड्रोजन उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए 19,744 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ मंजूरी दी थी सेना ने कहा, राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के तहत, भारतीय सेना ने उत्तरी सीमाओं के साथ लगे उन अग्रिम क्षेत्रों में हरित हाइड्रोजन आधारित माइक्रो ग्रिड ऊर्जा संयंत्र परियोजना की स्थापना की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जो राष्ट्रीय/राज्य ग्रिड से जुड़े नहीं हैं। इसमें कहा गया है कि अपेक्षित भूमि बिजली खरीद समझौते के जरिए उत्पादित बिजली खरीदने की प्रतिबद्धता के साथ 25 साल के लिए पट्टे पर प्रदान की जा रही है। इसमें कहा, प्रस्तावित परियोजनाएं एनटीपीसी द्वारा पूर्वी लद्दाख में संयुक्त रूप से चिह्नित स्थान पर बनाओ, चलाओ और सौंप दो (बीओओ) मॉडल पर स्थापित की जाएगी।

### खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों के खिलाफ इंदौर में सड़क पर उतरा सिख समुदाय

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** लंदन और सैन फ्रांसिस्को में भारत के राजनयिक परिसरों पर खालिस्तान समर्थक अलगाववादियों के उपद्रव के खिलाफ इंदौर का सिख समुदाय मंगलवार को सड़क पर उतरा और तिरंगे झंडे के साथ प्रदर्शन किया। चश्मदीदों ने बताया कि शहर के रीगल चौराहे पर हाथों में तिरंगा और देशप्रेम के संदेशों वाली तख्तियां लेकर जुटे सिखों ने भारत माता की जय का नारा बुलंद किया और कहा कि वे राष्ट्रध्वज का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, भारत की आजादी के लिए सिख समुदाय के कई लोगों ने शहादत दी है। आज कुछ विदेशी ताकतें भारत की एकता और अखंडता के खिलाफ साजिश रच रही हैं। हम इन ताकतों की कोशिशें कामयाब नहीं होने देंगे।

## सी-20 सम्मेलन में दुनियां में बढ़ती असमानताओं पर चर्चा

● **अफ्रीकी बच्चों के लिए न्याय की मांग**

**भाषा।** नागपुर

**महाराष्ट्र** के नागपुर में आयोजित सिविल 20 इंडिया (सी-20) सम्मेलन के दूसरे दिन दुनिया में, विशेष तौर पर उप सहारा अफ्रीका में बढ़ती असमानताओं पर चर्चा हुई। उप-सहारा अफ्रीका में बड़ी संख्या में स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चे मजदूरी करने को मजबूर हैं। सम्मेलन का विषय नागरिक समाज संगठन और मानव मूल्यों का संवर्धन था। सी-20, जी-20 के आधिकारिक समूहों में से एक है जो जी-20 के वैश्विक नेताओं तक अपनी बात पहुंचाने के दुनिया भर के नागरिक समाज संगठनों को एक मंच प्रदान करता है।

100 मिलियन अभियान के वैश्विक निदेशक ओवेन जेम्स ने एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा कि 2015 के बाद से 2.15 डॉलर प्रति दिन से कम पर गुजारा करने वाले उप-सहारा अफ्रीकियों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि उप-सहारा अफ्रीका में बाल श्रम और स्कूली शिक्षा से वंचित बच्चों की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि महाद्वीप में बेहतरीन प्राकृतिक संसाधन हैं, लेकिन अभी भी अविकसित है क्योंकि मुनाफे को दूसरी जगह स्थानांतरित किया जा रहा है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, बैठक में सेवा-सेवा की भावना, परोपकार और स्वयंसेवा, वसुधैव कुटुम्बकम-विश्व एक परिवार है, विविधता, समावेशन, पारस्परिक सम्मान और मानव अधिकारों पर चर्चा की गई। सेवा इंटरनेशनल के वैश्विक समन्वयक श्याम परांडे ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने वालों को गौतम बुद्ध के "अप्पो दीप भव (स्वयं प्रकाश बनो)" के संदेश का अनुसरण करना चलना चाहिए। परांडे ने कहा, भारत में मूल्यों का एक लंबा इतिहास रहा है और ए भारतीय मूल्य वैश्विक मूल्यों से मेल खाते हैं।

भारतीय सामाजिक उत्तरदायित्व नेटवर्क के सीईओ संतोष गुप्ता ने कहा कि "जब हम सेवा करते हैं, तो हमारी आत्मा में यह भावना होती है कि हमें किस वजह के लिए काम करना चाहिए। स्वयंसेवा और परोपकार से बेहतर है सेवा और इसे (सेवा को) दुनिया के प्रमुख धर्मों में परिभाषित किया गया है। यूनाइटेड कॉन्शियसनेस ग्लोबल के संयोजक विक्रांत तोमर ने कहा कि जी-20 की थीम वसुधैव कुटुम्बकम थी, जिसका अर्थ है कि इस ग्रह का प्रत्येक प्राणी एक आवश्यक परिवार है। सेंटर फॉर पॉलिसी एनालिसिस के कार्यकारी अध्यक्ष दुर्गानंद झा ने संयुक्त राष्ट्र संगठन (यूएनओ) द्वारा "मानवाधिकारों" की अवधारणा पर फिर से विचार करने का आह्वान किया। मानवाधिकारों को किसी भी देश के खिलाफ रणनीतिक साधन के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## महर्षि दयानंद सरस्वती ने निडरता से स्वधर्म स्वभाषा और स्वराज का प्रचार किया: शाह

**भाषा।** नई दिल्ली

**गृह मंत्री** अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती ने आजादी से पहले निडरता से स्वधर्म, स्वभाषा और स्वराज का प्रचार किया, जब इन विषयों पर बात करना मना था। शाह ने आर्य समाज के 148वें स्थापना दिवस पर कहा कि इसकी स्थापना करके महर्षि दयानंद ने देश की उस आत्मा को जगाया जो वर्षों से सोई हुई थी और वह वेद व्यास के बाद सबसे पहले वेदों को उनके मूल रूप में वापस लाने वाले थे। उन्होंने कहा कि आजादी-पूर्व दौर में जब स्वधर्म, स्वभाषा और स्वराज के बारे में बात करना प्रतिबंधित था, महर्षि दयानंद ने निडर होकर देश में इनका प्रचार किया। गृह मंत्री ने कहा कि अपनी मातृभाषा गुजराती होने और संस्कृत में विशेषज्ञता होने के बावजूद महर्षि दयानंद ने अपने लेखन के लिए हिंदी को चुना।



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को विश्व गुरु बनाने के रास्ते पर आगे ले जाने के लिए, दयानंद सरस्वती के जीवन से प्रेरणा ली है। शाह ने कहा, यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं उसी क्षेत्र में पैदा हुआ हूं, जहां से महर्षि दयानंद आए थे। उन्होंने कहा कि जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है तो हमें पता होना चाहिए कि महर्षि दयानंद ने ही आजादी का पहला आह्वान किया था। शाह ने कहा कि महर्षि दयानंद ने तीव्र गति से देश का बौद्धिक एवं शैक्षिक जागरण प्रारम्भ किया, अनेक क्रांतिकारियों के प्रेरणास्रोत बने तथा प्रमुख सामाजिक सुधारों का सूत्रपात किया।

# बेमौसम बारिश से गेहूं की फसल को नहीं पहुंचा अधिक नुकसान : नरेन्द्र तोमर

**भाषा।** नई दिल्ली

**कृषि मंत्री** नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार हाल में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि का गेहूं जैसी रबी की खड़ी फसलों पर बहुत अधिक असर नहीं हुआ है। हालांकि, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि केंद्र को अभी राज्य सरकारों की ओर से जमीनी वास्तविकता की सूचना मिलना बाकी है। तोमर ने एक कार्यक्रम से इतर पीटीआई-भाषा से कहा, आरंभिक आकलन के मुताबिक रबी की फसलों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि हालांकि राज्य सरकारें अभी भी खड़ी फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर रही हैं। उन्होंने कहा कि फसल सर्वेक्षण कराने के बाद किसानों को तत्काल राहत प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकारें राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) का उपयोग कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ज्ञापन सौंपने के बाद राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से और अधिक धनराशि प्रदान कर सकती है।

गेहूं प्रमुख रबी फसल है और कुछ राज्यों में इसकी कटाई चल रही है। रबी की अन्य फसलों में सरसों और चना शामिल हैं। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बीते तीन दिन से देश के कई हिस्सों में बेसमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवाएं चलीं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, पिछले 24 घंटों में पश्चिम उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम और मेघालय से अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा हुई है। पिछले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर में छिटपुट स्थानों पर ओलावृष्टि दर्ज की गई।

ताजा पूर्वानुमान के अनुसार, 23 मार्च को उत्तराखंड और पश्चिमी राजस्थान में और 24 मार्च को हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में अलग-अलग गरज, बिजली, तेज़ हवाएं और ओलावृष्टि की संभावना है।

केंद्र सरकार ने सोमवार को कहा था कि सरसों और चने की फसल को लेकर ज्यादा चिंता इसलिए नहीं है क्योंकि ज्यादातर फसल की कटाई हो चुकी है। केला और आलू जैसी फसलें ओले गिरने से कुछ प्रभावित हुई होंगी। सरकार का अनुमान है कि फसल वर्ष 2022-23 (जुलाई-जून) में गेहूं उत्पादन रिकॉर्ड 11.22 करोड़ टन रह सकता है। इस बीच मौसम विज्ञान विभाग ने झारखंड, बिहार, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, आंध्र प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के किसानों को फसल कटाई रोकने की सलाह दी है। असम में किसानों को फलों और सब्जियों की कटाई स्थगित करने और पहले से ही काटी गई उपज को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए कहा गया है। किसानों से कहा गया है कि वे सिक्किम में मक्के की बुवाई और उप-हिमालई पश्चिम बंगाल में जूट की बुवाई स्थगित करें।

## आंध्र प्रदेश के सरकारी स्कूलों के बच्चों को रागी दलिया भी मिलेगा

**अमरावती।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने मंगलवार को सरकारी स्कूल के छात्रों के लिए मेन्यू में एक अतिरिक्त पोषक तत्व रागी दलिया (रागी माल्ट) को शामिल करने की घोषणा की। इस योजना की लागत करीब 86 करोड़ रुपए आएगी। मौजूदा जगन्ना गोरू मुद्दा योजना के मेन्यू में रागी दलिया को शामिल करने से 44,392 सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 37.6 लाख से अधिक छात्रों को स्कूल के भोजन के माध्यम से आयरन और कैल्शियम के पोषण लाभ मिलेंगे। वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने इस योजना की शुरुआत करते हुए कहा, रागी दलिया को शामिल करना गोरू मुद्दा को और भी बेहतर बनाने के लिए है। यह पेय उपयोगी माने जाने वाले तत्व आयरन और कैल्शियम प्रदान करता है जो बच्चों के विकास में मददगार हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार रागी दलिया को शामिल करने पर मध्याह्न भोजन योजना पर राज्य सरकार का प्रतिवर्ष खर्च 1,824 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,910 करोड़ रुपए हो जाएगा।

## कांग्रेस की योजनाएं जनता के बीच से निकली हैं: राहुल

**वायनाड (केरल)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पूर्ववर्ती संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनता के बीच से निकले, जबकि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की योजनाएं नौकरशाही द्वारा तैयार की गई हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के केंद्रीकृत शासन की आलोचना करते हुए इसकी तुलना पूर्ववर्ती संप्रग सरकारों के शासनकाल से की।

मनरेगा योजना का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि संप्रग शासन के दौरान जनता से मिली जानकारी के आधार पर योजनाओं को तैयार किया गया था। कलपेट्टा में यहां के स्थानीय निकायों के यूडीएफ प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने दावा किया कि वर्तमान सरकार का नोटबंदी का निर्णय प्रधानमंत्री मोदी का था और इसे लोगों या बैंकिंग प्रणाली से परामर्श किए बिना लागू किया गया था। एक प्रतिभागी के सवाल का जवाब देते हुए गांधी ने कहा, मैं आपसे पूरी तरह सहमत हूं। बहुत सारी योजनाएं केंद्रीकृत तरीके से बनाई जाती हैं और वे वास्तव में प्रभावी नहीं होती हैं, क्योंकि योजना बनाने में पंचायत की भागीदारी नहीं होती है।



वायनाड से सांसद गांधी ने कहा, यदि आप कांग्रेस पार्टी की मनरेगा जैसी योजनाओं को देखें और उनकी तुलना भाजपा की योजनाओं से करें, तो आप पाएंगे कि कांग्रेस की योजनाएं, लोगों व पंचायतों के बीच से निकली हैं, जबकि भाजपा की योजनाएं नौकरशाही द्वारा तैयार की गई हैं। इसके बाद गांधी ने मनरेगा योजना की शुरुआत के बारे में विस्तार से बताया कि कैसे यह विचार महाराष्ट्र के एक जिले से उभरा और बाद में इसे एक राष्ट्रीय योजना के रूप में स्वीकार किया गया और देश के शेष हिस्सों में इसका विस्तार किया गया। कांग्रेस नेता ने कहा, मनरेगा भारत के लोगों के बीच से उभरा। लोगों ने काम की मांग की और सरकार ने उस विचार पर प्रतिक्रिया दी। कई अलग-अलग हितधारकों से बात करने के बाद इस योजना को विकसित होने में कई साल लग गए। प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने कहा, जब कोविड काल आया, तो उन्हीं प्रधानमंत्री को मनरेगा का विस्तार करने पर मजबूर होना पड़ा, जो मनरेगा का मजाक उड़ा रहे थे।

# भारतीय बल्लेबाजों को लड़ानी होगी जान

- पार करनी होगी मिचेल की चुनौती, फोकस सूर्यकुमार पर
- आखिरी वनडे आज

**भाषा।** चेन्नई



**मिचेल स्टार्क** की अगुवाई में आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की चुनौती का सामना करने के लिए भारतीय बल्लेबाजों को बुधवार को तीसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा और नजरें सूर्यकुमार यादव पर लगी होंगी। स्टार्क यदि बल्लेबाजों के लिए सिरदर्द बना हुआ है तो मिशेल मार्श ने भारतीय गेंदबाजों की नींदें उड़ा रखी हैं। दो मैचों में वह करीब एक दर्जन छक्के लगा चुके हैं। भारतीय टीम का सबसे पहला एजेंडा मिचेल द्वय चुनौती से पार पाना होगा। श्रृंखला इस समय। .। से बराबर है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, शुभमन गिल और सूर्यकुमार यादव की सितारा चौकड़ी को स्टार्क का सामना करने के लिए अपने पूरे अनुभव का उपयोग करना होगा। तकनीक में बदलाव के साथ मानसिक मजबूती के साथ भारतीय बल्लेबाजों को खेलना होगा। भारत में सीमित ओवरों का क्रिकेट सपाट पिचों पर खेला जाता है जिन पर बहुत अधिक फुटवर्क की जरूरत नहीं होती। फ्रंटफुट पर खेलकर बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर सकता है। लेकिन स्टार्क ने सारे समीकरण बदल दिए। उनकी गेंद या तो मिडिल स्टम्प पर पड़ रही है या लेग मिडिल की तरफ। भारतीय बल्लेबाज पिछले दोनों मैचों में उसकी गेंदों की थाह पाने में नाकाम रहे। मुंबई में स्टार्क को पिच से मदद मिली तो विशाखापत्तनम समुद्र के किनारे होने से हवा में नमी थी। चेपॉक पर काफी समय बाद अंतरराष्ट्रीय मैच हो रहा है और नई पिच पर सभी का ध्यान है। आम तौर पर चेपॉक पर धीमे गेंदबाजों की मददगार पिच होती है और बीच के ओवरों में रन बनाना मुश्किल होता है। इस बार हालांकि चेन्नई सुपर किंग्स की ताकत को ध्यान में रखकर पिच बनाई गई है और शुरूआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिल सकती है। पिछले दोनों मैचों में सूर्यकुमार यादव खाता भी नहीं खोल सके जबकि टी20 क्रिकेट में वह जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे थे। टीम में श्रेयस अय्यर नहीं है और सूर्य के पास वनडे विश्व कप के लिए टीम में जगह पक्की करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन वह इसके साथ न्याय नहीं कर पा रहे हैं। कप्तान रोहित ने पिछले मैच के बाद कहा था , हमने देखा है कि वह वनडे में भी अच्छा खेल सकता है। उसे भी यह पता है। मेरा मानना है कि क्षमतावान खिलाड़ियों को कभी यह नहीं लगना चाहिए कि उन्हें पर्याप्त मौके नहीं मिले। सूर्य पिछले दोनों मैचों में नहीं चल सका लेकिन उसे लगातार मौके देने की जरूरत है ताकि वह सहज महसूस कर सके। भारतीय गेंदबाजों को पिछले दो मैचों में 47 ओवर (36 और 11) ही डालने पड़े। मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज चाहेंगे कि टॉस जीतने पर रोहित गेंदबाजी करें। देखना यह है कि शार्दुल ठाकुर या जयदेव उनादकट को मौका मिलता है या रविंद्र जडेजा के साथ कुलदीप यादव और अक्षर पटेल दोनों खेलते हैं।

## स्टार्क के साथ गेंदबाजी करने में मजा आ रहा है : एलिस




**चेन्नई।** आस्ट्रेलिया के युवा क्रिकेटर नाथन एलिस को इस दौरे पर मिचेल स्टार्क के साथ गेंदबाजी करने और उनसे सीखने मे बहुत मजा आ रहा है और उनका कहना है कि उन पर स्टार्क का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। एलिस ने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले पत्रकारों से कहा , स्टार्सी (स्टार्क) का मुझ पर काफी प्रभाव है। मै हमेशा से उनसे प्रेरणा लेता आया हूं। उन्होंने मुझे आस्ट्रेलिया की कैप भी दी थी। वह आस्ट्रेलियाई टीम के साथ मेरे सफर का बड़ा हिस्सा रहे है। मैने उनसे मैच से पहले और मैच के बाद भी बात की। उसके पास अपार अनुभव है। उसने उतार चढाव सभी देखे हैं। उसके साथ गेंदबाजी करने और उनके अनुभव से सीखने में मजा आ रहा है। एलिस ने कहा कि वह पिच के अनुसार रणनीति बनाने मे विश्वास करते है। मै उछाल मे ही विश्वास नही करता। मै विकेट के अनुसार अपनी रणनीति बनाता हूं। कल भी मै पहले से कुछ सोचकर नही जाऊंगा। यहां गेद स्पिन लेगी और धीमी गेंद अधिक उपयोगी साबित होगी। उन्होंने कहा कि विश्व कप के मेजबान भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला खेलने का मौका बेहतरीन है। यह अच्छा मौका है। भारत मे ही विश्व कप होना है और यही पर वनडे श्रृंखला खेलना अच्छा अनुभव रहा। मै मूल टीम का हिस्सा नही था लेकिन बाद मे जुड़ा। हम सभी इसे विश्व कप के ड्रेस रिहर्सल की तरह देख रहे है।

# विभिन्न संयोजनों को आजमाना चाहता हूं ताकि विश्व कप के दौरान परेशानी ना हो: द्रविड़

**भाषा।** चेन्नई



**भारतीय टीम** के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के निर्णायक एकदिवसीय मुकाबले की पूर्व संध्या पर कहा कि वह इस साल भारतीय टीम द्वारा खेले गए घरेलू एकदिवसीय मैचों से तैयार हुई टीम की रूपरेखा से काफी खुश हैं और उन्होंने विश्व कप के टीम के लिए 17-18 खिलाड़ियों की पहचान कर ली है। भारत श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन-तीन मैच पहले ही चुका है। इस श्रृंखला के दो मैच हो गए है और तीसरा बुधवार को यहां खेला जाएगा। द्रविड़ से जब पूछा गया कि क्या उन्होंने विश्व कप को ध्यान में रखते हुए नौ घरेलू एकदिवसीय मैचों में वह हासिल किया जो उन्होंने निर्धारित किया था? तो उन्होंने कहा, हां काफी हद तक है। कल के मैच का परिणाम चाहे जो भी हो, हमें इन नौ मैचों से काफी स्पष्टता मिली है। हमें इस स्पष्टता को जारी रखने की जरूरत है। भारतीय कोच ने कहा, हमारे लिए यह अब अलग-अलग एकादश के संयोजन के बारे में है। हम यह सुनिश्चित करना है कि विश्व कप के दौरान जरूरत पड़ने पर हम संयोजन में बदलाव कर सकें। हम यह तय करना चाहते है कि विश्व कप के दौरान आश्चर्यचकित ना हो। मुख्य कोच ने चोटिल श्रेयस अय्यर की अनुपस्थिति पर खेद व्यक्त किया, जो विश्व कप की योजना में चौथे क्रम के बल्लेबाज है। द्रविड़ ने हालांकि उनकी जगह टीम में शामिल सूर्यकुमार यादव के खराब प्रदर्शन के बावजूद सहानुभूति दिखाई। सूर्या दो मैच में खाता खोले बगैर पवेलियन लौट गए थे। जाहिर है। श्रेयस का चोटिल होना दुर्भाग्यपूर्ण है। वह शायद उन लोगों में से एक है जो नंबर चार पर बल्लेबाजी करते हैं। उनकी जगह टीम में शामिल सूर्या के प्रदर्शन को लेकर मैं चिंतित नहीं हूं। वह दो बहुत अच्छी गेंद पर आउट हुए। सूर्या को टी 20 की तरह एकदिवसीय क्रिकेट का अनुभव नहीं है। घरेलू एकदिवसीय मैचों का यह चरण बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि खिलाड़ी अब आईपीएल में उतरेंगे और उसके बाद विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल होगा। उसके बाद वेस्टइंडीज का दौरा और दुबई में संभावित एशिया कप होगा। हमें घरेलू परिस्थितियों में अब ज्यादा मैच नहीं मिलेगा। आईपीएल खत्म होने तक काफी हद तक हम टीम और खिलाड़ियों के बारे में स्पष्ट हो जाएंगे। हमने इसे 17-18 खिलाड़ियों तक सीमित कर दिया है। जसप्रीत बुमराह, अय्यर, प्रसिद्ध कृष्णा, दीपक चाहर जैसे टीम के अहम खिलाड़ी चोट से परेशान है लेकिन द्रविड़ ने जोर देकर कहा कि टीम अच्छी स्थिति में है। हमारे पास कुछ खिलाड़ी हैं जो चोटों से उबर रहे हैं और वह ठीक होने पर टीम में जगह के लिए दावा पेश करेंगे। कुछ अलग संयोजन हैं जिन्हें हम आजमाना चाहेंगे। यह एक बड़ा टूर्नामेंट है, हम अपनी टीम में लचीलापन चाहते हैं। कभी चार तेज गेंदबाज तो कभी तीन स्पिनरों के साथ उतरना चाहते है।

### इंडियन्स स्पोर्ट्स ऑनर्स पुरस्कार 23 मार्च को,

**मुंबई।** इंडियन स्पोर्ट्स ऑनर्स (आईएसएच) खेल पुरस्कार के चौथे सत्र यहां 23 मार्च को आयोजन होगा। इस पुरस्कार समारोह में एक जनवरी, 2021 और 28 फरवरी, 2023 के बीच असाधारण प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। ज्यूरी पैनल में भारतीय बैडमिंटन टीम के मुख्य राष्ट्रीय कोच एवं ऑल इंग्लैंड के पूर्व चैंपियन पुलेला गोपीचंद के अलावा 2008 के ओलंपिक चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा और पूर्व भारतीय हॉकी कप्तान सरदार सिंह शामिल है।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय ब्रिज टीम की घोषणा

**नई दिल्ली।** भारतीय ब्रिज महासंघ (बीएफआई) ने चीन के हांगझोऊ में होने वाले आगामी एशियाई खेलों के लिए मंगलवार को राष्ट्रीय टीमों की घोषणा की।एशियाई खेलों का आयोजन 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक होगा। ग्रेटर नोएडा के शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस में दो से 18 मार्च तक आयोजित वार्षिक कोचिंग शिविर और चयन ट्रायल के बाद टीम का चयन किया गया। यह ट्रायल भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित किए गए थे, और टीम का चयन चार श्रेणियों (एशियाई खेलों के लिए तीन श्रेणी) में किया गया। उम्मीद है कि इस साल अगस्त मे मोरक्को में होने वाली विश्व टीम चैंपियनशिप मे भी यही टीम भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।

### अच्छे खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा : मिताली

**मुंबई।** गुजरात जाइंट्स की मेंटोर मिताली राज और मुख्य कोच रशेल हैंस ने टीम क महिला प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद कहा कि टूर्नामेंट शुरू होने से पहले ही प्रमुख खिलाड़ियों को खोने से टीम संयोजन बिगड़ा। कप्तान और आस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी पहले ही दिन चोटिल हो गई और बाकी मैच नही खेल सकी। मिताली ने यहां जारी विज्ञप्ति मे कहा , हमारी टीम अच्छी थी लेकिन नतीजे हमारे पक्ष में नही रहे। हमने प्रमुख खिलाड़ियों को शुरू मे गंवा दिया जिससे टीम संयोजन बिगड़ गया। इसके बावजूद टीम ने जीत की ललक दिखाई। अपने आखिरी मैच में यूपी वारियर्स से हारकर गुजरात जाइंट्स बाहर हो गई। इतनी शानदार टीम के मुख्य कोच के रूप में मेरा अनुभव बहुत अच्छा रहा।

### आईपीएल में विशेषज्ञों का होगा विशिष्ट पैनल

**मुंबई।** टाटा आईपीएल 2023 के आधिकारिक टेलीविजन प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स ने कमेंटेटरों के एक स्टार स्टडेड पैनल की घोषणा की। जिसमें 22 गज की दूरी पर सबसे अधिक सजाए गए खिलाड़ियों में से कुछ शामिल हैं। क्रिकेट के प्रशंसक पॉल कॉलिंगवुड और आरोन फिंच को देखने के लिए ट्यून कर सकते हैं। उनके साथ केविन पीटरसन, डैनी मॉरिसन भी जुड़ेंगे। अब तक के सबसे महान ऑलराउंडरों में से एक और पूर्व आईपीएल कोच जैक्स कैलिस ने स्टार स्पोर्ट्स के पैनल पर अपनी शुरुआत की। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड हसी, मैथ्यू हेडन, कैलिस और पीटरसन के साथ जुड़ेंगे। पूर्व पर्पल कैप विजेता इमरान ताहिर स्पिन.गेंदबाजी पर अपना दृष्टिकोण देंगे। कुछ स्थानों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है क्योंकि आईपीएल पहली बार 12 स्थानों की यात्रा करता है। सुनील गावस्कर के साथ, 1983 विश्व कप विजेता संदीप पाटिल और कृष श्रीकांत भी स्टार स्पोर्ट्स के पैनल में शामिल हुए जिसने प्रसारण में एक अद्वितीय पीढ़ीगत परिप्रेक्ष्य जोड़ा।

# दिल्ली कैपिटल्स का फाइनल का टिकट पक्का

- यूपी वॉरियर्स को पांच विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई

**एलिस कैप्सी** के हरफनमौला खेल के दम पर दिल्ली कैपिटल्स ने महिला प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के लीग चरण के आखिरी मुकाबले में पांच विकेट की जीत के साथ ही फाइनल का टिकट पक्का कर लिया।

दिल्ली कैपिटल्स ने यूपी वारियर्स को छह विकेट पर 138 रन पर रोकने के 13 गेंद बाकी रहते पांच विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए 19.4 ओवर तक जीत दर्ज करनी थी लेकिन उसने 17.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के बाद दिल्ली कैपिटल्स आठ मैचों में छह जीत से 12 अंक के साथ तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई जबकि मुंबई इंडियन्स खराब नेट रन रेट के कारण इतने ही अंक होने के बाद भी दूसरे स्थान पर रही। यूपी वारियर्स का इस मैच से पहले ही तीसरे स्थान पर रहना पक्का था। टूर्नामेंट के नियम के मुताबिक लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली टीम फाइनल में सीधे क्वालीफाई करेगी जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों के बीच एलिमिनेटर मैच होगा। प्लेयर ऑफ द मैच कैप्सी ने चार ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट चटकाने के बाद 31 गेंद में 34 रन की पारी खेल टीम को फाइनल में पहुंचने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली के लिए कप्तान लानिंग ने 23 गेंद में 39 रन की आक्रामक पारी खेली। जबकि विजई चौका जड़ने वाली मरीजान काप 31 गेंद में 34 रन पर नाबाद रही। लक्ष्य का पीछा करते हुए लानिंग और शेफाली वर्मा (16 गेंद में 21 रन) ने पहले विकेट के लिए 31 गेंद में 56 रन की साझेदारी कर दिल्ली कैपिटल्स को एक बार फिर तेज शुरुआत दिलाई। लानिंग ने शबनिम इस्माइल के पहले ओवर में तीन चौके और छक्का जड़कर अपने इरादे जाहिर किए। दूसरे छोर से शेफाली ने भी एस यशश्री के खिलाफ चौका जड़कर अपना खाता खोला। वह पांचवें ओवर की शुरुआती दो गेदों पर चौका लगाने में सफल रही लेकिन एक और बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में सोफी एकलेस्टन को कैच थमा बैठी। लानिंग ने दीप्ति के खिलाफ भी छक्का जड़ा जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 67 रन हो गया। शरुआती ओवर में 18 रन लुटाने वाली इस्माइल सातवें ओवर में गेंदबाजी के लिए लौटी और जेमिमा रोड्रिग्स के बाद लानिंग का विकेट चटका कर मैच में वारियर्स की वापसी कराई। उन्होंने ओवर की पहली गेंद पर जेमिमा (तीन) को पगबाधा किया जबकि लानिंग छक्का मारने की कोशिश में सिमरन शेख को कैच थमा बैठी। लानिंग ने अपनी आक्रामक पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए।एक ही ओवर में दो विकेट गिरने के बावजूद कैप्सी ने सोफी एकलेस्टन के खिलाफ नौवें ओवर में तीन चौके और पार्शवी चोपड़ा के खिलाफ 10वें ओवर में छक्का लगाकर जरूरी रनगति को बढ़ने नहीं दिया।कैप्सी और मारीजान काप ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाज करते हुए दौड़कर रन चुराने पर जोर दिया। काप ने दीप्ति के खिलाफ 16वें ओवर में छक्का लगाकर हाथ खोला। एकलेस्टन ने 17वें ओवर में कैप्सी को स्टंप कराकर काप के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 60 रन की साझेदारी को तोड़ा लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

#### स्कोरबोर्ड

**यूपी वारियर्स पारी:** हीली स्टं. तानिया बो कैप्सी 36, सहरावत का जॉनासन बो राधा 19,शेख का जेमिमा बो राधा 11,मैक्ग्रा नाबाद 58,नवगिरे स्टं तानिया बो जॉनासन 02,दीप्ति स्टं. तानिया बो कैप्सी 8, एक्लेस्टन स्टं. तानिया बो कैप्सी 00, सरवान नाबाद 03 अतिरिक्त: 03,**कुल योग:** (20 ओवर मे छह विकेट पर) 138 रन **विकेट पतन:** I-30, 2-63, 3-71, 4-91, 5-104, 6-105,**गेंदबाजी:** काप 4-0-24-0,शिखा 2-0-16-0,जॉनासन4-0-24-I,यादव 4-0-28-2,रेड्डी 2-0-20-0, कैप्सी4-0-26-3

**दिल्ली कैपिटल्स पारी:** लानिंग का सिमरन बो इस्माइल 39,शेफाली का एक्लस्टन बो यशश्री 21,जेमिमा पगबाधा इस्माइल 03,काप नाबाद 34,कैप्सी स्टं. हीली बो एक्लेस्टन 31,जॉनासन रन आउट 00, रेड्डी नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 11,कुल योग: (17.5 ओवर मे पांच विकेट पर) 142 रन,**विकेट पतन:** I-56, 2-67, 3-70, 4-130, 5-136,**गेंदबाजी:** इस्माइल 3-0-29-2, यशश्री3-0-26-I, एक्लेस्टन4-0-25-I,सरवानी 2-0-15-0,दीप्ति 3.5-0-37-0, चोपड़ा 2-0-9-0



# निकहत नीतू, मनीषा व जैस्मीन क्वार्टर फाइनल में

- विश्व मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय मुक्केबाजों** ने महिला विश्व चैम्पियनशिप में मंगलवार को शानदार प्रदर्शन किया जिनमें निकहत जरीन (50 किलो) के अलावा नीतू गंघास (48 किलो), मनीषा मौन (57 किलो) और जैस्मीन (60 किलो) ने जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। निकहत ने मैक्सिको की पैट्रीसिया अल्वारेज हेरेरा का 5-0 से शिकस्त देकर टूर्नामेंट की अपनी तीसरी जीत दर्ज की। नीतू और मनीषा ने आरएससी (रैफरी के द्वारा मुकाबला रोके जाने) से जीत दर्ज की। राष्ट्रमंडल खेलों की चैम्पियन नीतू ने ताजिकिस्तान की सुमैया कोसिमोवा को पहले दौर में हराया जबकि पिछले साल की कांस्य पदक विजेता मनीषा ने तुर्की की नूर एलिफ तुरहान को मात दी। जैस्मीन ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए ताजिकिस्तान की मिजगोना सामडोवा को मात दी। शशि चोपड़ा (63 किलो) हालांकि जापान की मेइ कितो से 0-4 से हारकर बाहर हो गई। नीतू का यह दूसरा मुकाबला था जिसका फैसला आरएससी पर आया। निकहत ने जवाबी हमला करने से पहले अपने प्रतिद्वंद्वी के खेल को समझने में कुछ सेकंड का समय लिया। हरेरा के मुक्कों से बचने के लिए उन्होंने अपने फुर्तीले पैरों का इस्तेमाल किया। दोनों मुक्केबाज पहले 52 किग्रा भार वर्ग में चुनौती पेश करते थे। मैक्सिको की मुक्केबाज की आक्रामक शैली से अच्छी तरह वाकिफ निकहत ने सटीक पंच जड़े। पिछले सत्र में भी निकहत से शिकस्त झेलने वाली हेरेरा ने लय हासिल करने की कोशिश की लेकिन निकहत ने लगातार मुक्के लगाकर उन्हें मुकाबले से बाहर कर दिया। टूर्नामेंट की गैरवरीय खिलाड़ी निकहत ने कहा, मुझे खुशी है कि मैंने उस खिलाड़ी को शिकस्त दी जिसे शीर्ष वरीयता मिली थी। मैं अब भी अपने पिछले दौर के मुकाबले की थकान से उबर रही हूं क्योंकि वह मुकाबला भी एक शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी के खिलाफ था। यह कठिन था और उसके मुक्के काफी अच्छे से लगे थे इसलिए मेरी गर्दन में थोड़ी चोट थी और मेरा शरीर मेरे पिछले बाउट की तुलना में थोड़ा धीमा था। लेकिन मुझे खुशी है कि मैं इस बार सर्वसम्मति से जीत गई। उन्होंने कहा, मेरे मुक्केबाजी करियर में यह पहली प्रतियोगिता है कि मैं छह बाउट खेलूंगी क्योंकि मुझे वरीयता नहीं मिली, लेकिन मैं उस पर ध्यान केंद्रित नहीं कर रही हूं।

### टॉप्स ने बजरंग और विनेश को किर्गीस्तान और पोलैंड में अभ्यास की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय की टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) ने स्टार पहलवान बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट को क्रमश: किर्गीस्तान और पोलैंड में अभ्यास के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दे दी है। बजरंग ने किर्गीस्तान में 16 दिन अभ्यास की अनुमति मांगी थी जबकि विनेश पोलैंड में 11 दिन अभ्यास करना चाहती है। वित्तीय सहायता में खिलाड़ियों का हवाई टिकट, शिविर का खर्च, अभ्यास, रहने और खाने का खर्च, बीमा और यात्रा का खर्च शामिल है। टॉप्स विनेश के अभ्यास जोड़ीदार संगीता और फिजियो जीवन पाटिल और बजरंग के कोच सुजीत मान, फिजियो आनंद , अनुकूलन विशेषज्ञ मुस्तफा हसन का भी खर्च उठाएगा।

## सेन बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 25वें स्थान पर खिसके

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रमंडल खेलों** के चैंपियन लक्ष्य सेन मंगलवार को जारी बीडब्ल्यूएफ की नवीनतम पुरुष एकल रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 20 खिलाड़ियों की सूची से बाहर हो गए। ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप से दूसरे दौर में बाहर होने के बाद सेन 25वें स्थान पर खिसक गए। इस 21 साल के खिलाड़ी ने पिछले साल नवंबर में छठे स्थान के साथ अपनी शीर्ष रैंकिंग हासिल की थी। मौजूदा सत्र में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके और मलेशिया ओपन, इंडिया ओपन तथा जर्मन ओपन से जल्दी बाहर हो गए। रैंकिंग में एच एस प्रणय नौवें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय बने हुए है जबकि किदांबी श्रीकांत ने दो स्थान के सुधार के साथ शीर्ष 20 में पहुंचने में सफल रहे। महिला एकल में पीवी सिंधू नौवें स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप से नाम वापस लेने वाली साइना नेहवाल पांच पायदान नीचे 32वें स्थान पर खिसक गई।

### मनु आईएसएसएफ विश्व कप में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगी

**भाषा।** भोपाल

**स्टार महिला** निशानेबाज मनु भाकर बुधवार से यहां शुरू हो रहे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप राइफलापिस्टल में भारत की मजबूत टीम का अगुवाई करेंगी। यह नई दिल्ली के बाहर भारत में आयोजित होने वाला पहला निशानेबाजी विश्व कप चरण है और पुरुषों और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों का फैसला पहले दिन ही हो जाएगा। पुरुषों में जहां सरबजोत सिंह, वरुण तोमर और सुमित रमन खुद को साबित करने की कोशिश करेंगेवहीं महिलाओं में रिदम सांगवान, दिव्या टीएस और मनु चुनौती पेश करेंगी।

# केर का हरफनमौला खेल, मुंबई जीता

- आरसीबी को चार विकेट से हराया

**भाषा।** नवी मुंबई

**अमेलिया केर** के हरफनमौला खेल से मुंबई इंडियंस ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के अपने आखिरी लीग मैच में मंगलवार को यहां के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को चार विकेट से मात दी। मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को नौ विकेट पर 125 रन पर रोकने के बाद 16.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। आसीबी की यह आठ मैचों में छठी हार थी। केर ने चार ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट लेने के बाद बल्ले से 27 गेंद में 31 रन की नाबाद पारी में चार चौके जड़े। उन्होंने पांचवें विकेट के लिए पूजा वस्त्राकर (19) के साथ 47 रन की साझेदारी कर मुंबई को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकाला। लक्ष्य का पीछा करते हुए हीली मैथ्यूज (17 गेंद में 24 रन) और यास्तिका भाटिया (26 गेंद में 30 रन) ने 53 रन की साझेदारी कर मुंबई को शानदार शुरुआत दिलाई।



#### स्कोरबोर्ड

**आरसीबी पारी:** मंधाना का यास्तिका बो केर 24, डेवाइनरन आउट00, पेरी पगबाधा स्किवेर ब्रंट 29,नाइट का वोंग बो केर12,आहूजास्टं. यास्तिका बो केर 12,घोष का केर बो वोंग 29, पाटिल बो स्किवेर ब्रंट 04, शट पगबाधा इशाक 02, कसाट बो वोंग 02,आशा नाबाद 04,**अतिरिक्त:** 07,**कुल योग:** (20 ओवर मे आठ विकेट पर) 125 रन,**विकेट पतन:** I-I, 2-33 , 3-59, 4-78, 5-91 , 6-95, 7-108 , 8-119, 9-125,**गेंदबाजी:** ब्रंट 4-0-24-2, मैथ्यूज 4-0-18-0, वोंग 4-0-26-2,केर 4-0-22-3, इशाक4-0-31-I

**मुंबई इंडियन्स पारी:** मैथ्यूज का स्मृति बो शूट 24, भाटियाका स्मृति बो श्रेयंका 30,स्किवेर ब्रंट का रिचा बो आशा 13,कौर बो पेरी 02, केर नाबाद 31,वस्त्राकरका स्मृति बो कणिका 19,वोंग का स्मृति बो कणिका 00,अमनजोत नाबाद 00,**अतिरिक्त:** 10,**कुल योग:** (16.3 ओवर मे छह विकेट पर) 129 रन,**विकेट पतन:** I-53, 2-62, 3-72, 4-73, 5-120, 6-120, **गेंदबाजी:** शूट 4-0-19-I, डेवाइन I-0-17-0,पाटिल 3-0-26-I,पेरी 2-0-18-I,आशा 3-0-24-I, बोस 2-0-11-0,आहूजा I-0-5-2, मंधाना0.3-0-9-0

# नैम होंग और एरिक दूसरे दौर में

- यूपी के यश चौरसिया पहुंचे मुख्य ड्रा में
- आईटीएफवर्ल्ड टूर का किया विधिवत उद्घाटन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट आईटीएफ -25 हजार डालर वर्ल्ड टूर के क्वालीफ़ाइंग दौर में यूपी के यश चौरसिया ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन जारी रखा। यश चौरसिया ने बेलजियम के रोमेन फॉकन को कड़े मुकाबले में 6-7,5,6-3,10-4 में पराजित कर मुख्य ड्रा में जगह बना ली है। क्वालीफाइंग ड्रा के तीसरे दौर के अन्य मैचों में भारत के ऋषभ अग्रवाल, कोरिया के वूबिन शिन, नीदरलैंड्स के स्टिन पेल भारत के फैसल कमर, अभिनव संजीव शानमुगम, राघव जयसिंघानी और माधविन कामथ ने भी मुख्य ड्रा में जगह बना ली है।बारिश और आंधी से प्रभावित मंगलवार को मुख्य ड्रा के दो मैच हो सके। शीर्ष वरीयता प्राप्त वियतनाम के नैम होंग ने अमरीका के डाली ब्लैंच को सीधे सेट में 7-6,3,6-3 से हरा कर दूसरे दौर मे जगह बना ली। एक अन्य मैच में यूक्रेने के एरिक वैनशेलबोइम ने दूसरे दौर में जगह बना ली है। इस मैच में उनके प्रतिद्वंदी स्पेन के डेविड पेरेज सैंज पहले गेम के बाद ही रिटायर हो गए।इस अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूनामेंट का विधिवित उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव खेल और यूपीटीए के अध्यक्ष नवनीत सहगल भी मौजूद रहे।

### म्यामां के खिलाफ भारत के मुकाबले से मणिपुर में होगा फुटबॉल का आगाज

**इम्फाल।** भारतीय फुटबॉल को कई बेहतरीन खिलाड़ी देने वाला मणिपुर बुधवार से यहां शुरू होने वाले तीन देशों के टूर्नामेंट के जरिए पहली बार अंतरराष्ट्रीय मुकाबले की मेजबानी करेगा। यहां के खुमान लैंपक स्टेडियम में भारत और म्यामां के बीच बुधवार को पहला मुकाबला खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट में तीसरी टीम किर्गिस्तान की है।

### रामपाल के नाम पर स्टेडियम, यह सम्मान पाने वाली पहली महिला खिलाड़ी

**नई दिल्ली, ।** भारतीय हॉकी स्टार रानी रामपाल के नाम पर रायबरेली में स्टेडियम बनाया गया है और यह सम्मान पाने वाली वह पहली महिला खिलाड़ी बन गई। एमसीएफ रायबरेली का नाम अब रानीस गर्ल्स हॉकी टर्फ रखा गया है। रानी ने सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें साझा की जिसमें उन्हें खिलाड़ियों से बात करते और स्टेडियम का उद्घाटन करते देखा जा सकता है।